खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 31° C
न्यूनतम : 17° C

देहरादून, बुधवार 15 अप्रैल 2026 देहरादून संस्करणः वर्ष 25 अंक 247 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2083 26 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



नोएडा में वेतन बढ़ाने को श्रमिक आंदोलन सही: राहुल गांधी पेज 2



मिचेल स्टार्क और दीप्ति शर्मा बने विजडन के साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर खेल टाइम्स



क्या सभ्यताओं का संघर्ष है ईरान का अमेरिका से युद्ध सम्पादकीय



अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी संप्रभुता का घोर उल्लंघन: ईरान पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### बहू ने ससुराल वालों से मांगा 170 करोड़ का सोना, दावा खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 170 करोड़ रुपये के सोने के दावे से जुड़े एक हाई-प्रोफाइल वैवाहिक विवाद में बड़ा फैसला सुनाते हुए महिला की ओर से दायर घरेलू हिंसा केस को खारिज कर दिया। अदालत ने स्पष्ट कहा कि बिना ठोस और विशिष्ट आरोपों के दर्ज ऐसे मामलों को शुरुआती स्तर पर ही समाप्त कर देना चाहिए। न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और विजय बिश्नोई की पीठ ने कहा कि सिर्फ परिवार के सदस्यों के नाम लेकर, बिना उनके किसी प्रत्यक्ष भूमिका के आरोप लगाए, आपराधिक मुकदमा चलाना कानून का दुरुपयोग होगा। अदालत ने इस मामले को गढ़ा गया बताते हुए कड़ी टिप्पणी की। मामले में महिला ने आरोप लगाया था कि तलाक समझौते के तहत उसे 120 करोड़ रुपये के गहने और 50 करोड़ रुपये के सोने के बिस्कुट दिए जाने का वादा किया गया था।

### सरकारी नौकरियों में समानता के अधिकार का पालन करना जरूरी: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा है कि अगर सेवा नियमों में अनुभव, योग्यता या वरिष्ठता के आधार पर छूट का प्रावधान है, तो किसी कर्मचारी को केवल डिग्री न होने की वजह से प्रमोशन से वंचित नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें एक सहकारी समिति के कर्मचारी को पदोन्नति देने से इन्कार कर दिया गया था। न्यायालय ने माना कि जब अन्य कर्मचारियों को समान छूट दी गई, तो इस मामले में शैक्षिक योग्यता में रियायत न देना संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि 'भेदभाव अन्याय का ही दूसरा नाम है।' अदालत ने जोर दिया कि सरकारी नौकरियों में समानता के अधिकार का पालन करना अनिवार्य है।

### राजस्थान के बाड़मेर-जैसलमेर में पारा 41 डिग्री के पार

**नई दिल्ली।** देश के उत्तर, मध्य और पश्चिमी राज्यों में तापमान बढ़ने लगा है। गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। राजस्थान के बाड़मेर-जैसलमेर में पारा 41डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मप्र के रतलाम में भी तापमान 41डिग्री सेल्सियस से ज्यादा दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले दो हफ्तों तक कोई नया सिस्टम एक्टिव नहीं होगा। इससे गर्मी तेजी से बढ़ेगी। हालांकि पूर्वोत्तर राज्यों सिक्किम, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, अरुणाचल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में भारी बारिश का अलर्ट है। इसके अलावा दक्षिण भारत में केरल और कर्नाटक में तूफान और बिजली गिरने की संभावना है। जम्मू-कश्मीर के भद्रवाह, उत्तराखंड के केदारनाथ और सिक्किम के लाचेन में बर्फबारी से बंद हुए रास्ते खोलने काम चल रहा है।

# फिर इस्लामाबाद में ही होगी ईरान-अमेरिका के बीच शांतिवार्ता

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दिए संकेत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिया है कि अगले दो दिनों में पाकिस्तान में कुछ महत्वपूर्ण हो सकता है।

यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका और ईरान बातचीत की मेज पर लौटने का प्रयास कर रहे हैं। ट्रम्प ने न्यूयॉर्क पोस्ट के एक रिपोर्टर से कहा कि आपको वहीं रहना चाहिए, क्योंकि अगले दो दिनों में कुछ हो सकता है और हम वहां जाने के लिए अधिक इच्छुक हैं। उन्होंने पाकिस्तान के फील्ड मार्शल जनरल आसिम मुनीर की प्रशंसा करते हुए उन्हें शानदार बताया। शांति वार्ता के लिए जिनेवा को भी एक संभावित स्थान के रूप में सुझाया गया था, लेकिन ट्रम्प ने इस संभावना को कमतर आंका। हमें ऐसे देश में क्यों जाना चाहिए जिसका इससे कोई लेना-देना नहीं है?

### ट्रम्प ने पीएम मोदी से फोन पर की बात

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने बताया कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच 40 मिनट तक फोन पर बातचीत हुई। इस साल दोनों नेताओं के बीच यह तीसरी फोन कॉल थी। इससे पहले मार्च के अंत में पीएम मोदी और ट्रम्प के बीच फोन पर बातचीत हुई थी। दोनों नेताओं ने होर्मुज के बंद होने पर चिंता जताई थी। इस वार्ता के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा था कि मुझे राष्ट्रपति ट्रम्प का फोन आया और पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा हुई। भारत तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने का समर्थन करता है।

# लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करने की तैयारी कर रही है। सरकार इसके लिए संविधान (131वां संशोधन) बिल, परिसीमन विधेयक (संशोधन) बिल और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल, 2026 लाएगी। सरकार ने इनसे जुड़े ड्राफ्ट सभी सांसदों को भेजे हैं।



■ 2029 से लागू होगा, महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण मिलेगा
■ सीटें बढ़ाने पर दक्षिणी राज्यों का विरोध

इसके मुताबिक, 850 सीटों में से 815 सीटें राज्यों को और 35 सीटें केंद्र शासित प्रदेशों को दी जाएंगी। इसके लिए 16 अप्रैल से 18 अप्रैल तक संसद का तीन दिन का विशेष सत्र बुलाया गया है। इसमें महिला आरक्षण बिल पर भी चर्चा होगी। एक और जरूरी बदलाव आबादी की परिभाषा है। इससे संसद को यह तय करने का अधिकार मिलता है कि सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए किस डेटा को आधार बनाया जाए। परिसीमन बिल के लिए 2011 की जनगणना को आधार बनाने की बात कही गई है। इन बदलावों को 2029 के आम चुनाव से लागू करने की योजना है। हालांकि इस पर विरोध भी शुरू हो गया है। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि सरकार यह सब 2029 के लोकसभा चुनाव में राजनीतिक फायदा लेने के उद्देश्य से कर रही है। अगर सरकार महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देना चाहती है, तो मौजूदा 543 सीटों में ही यह लागू किया जा सकता है। सीटों के पुनर्वितरण से उत्तर भारत को ज्यादा फायदा होगा। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा कि अगर सीटें अनुपात के आधार पर बढ़ाई गईं, तो दक्षिणी राज्यों में महिलाओं, एससी और एसटी समुदायों को नुकसान हो सकता है। यह कदम दक्षिणी राज्यों की राजनीतिक ताकत को कम करने की साजिश हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, महिला आरक्षण के बाद यूपी में सबसे ज्यादा 40 लोकसभा सीटें बढ़ सकती है। यहां 80 से बढ़कर 120 हो जाएंगी। महाराष्ट्र में महिलाओं के लिए 24 सीटें आरक्षित हो जाएंगी। यहां लोकसभा की सीटें 48 से बढ़कर 72 हो जाएंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक बिहार में महिला सीटों की संख्या 20 हो सकती है। यहां कुल सीटें 40 से 60 तक पहुंच सकती है। एमपी में 15 महिला आरक्षित सीटें बढ़ सकती हैं। तमिलनाडु में 20 और दिल्ली में 4 यानी महिला सीटें होंगी। झारखंड में 7 महिला आरक्षित सीटें बढ़ने का अनुमान है।


# पीएम मोदी ने किया दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे का लोकार्पण

## उत्तराखंड, यूपी व दिल्ली को 212 किमी लम्बे इकोनॉमिक कॉरिडोर की दी सौगात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड के लिए मंगलवार का दिन बेहद खास और ऐतिहासिक रहा। प्रदेशवासियो का इंतजार उस समय खत्म हो गया जब पीएम नरेंद्र मोदी ने देहरादून- दिल्ली इकोनॉमिक कॉरिडोर का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। इससे पहले पीएम मोदी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

केन्द्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पीएम मोदी को ब्रह्मकमल का स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री मोदी को शॉल और नंदा देवी राजजात यात्रा का स्मृति चिह्न भेंट किया। पीएम बनने के बाद मोदी मंगलवार को 28वीं बार उत्तराखंड पहुंचे। उन्होंने 11,963 करोड़ की लागत से बने 212 किमी लंबे दून-दिल्ली एलिवेटेड एक्सप्रेस-वे की सौगात दी। इसके अलावा एक हजार मेगावाट क्षमता के देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी लोकार्पण किया। देहरादून में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का भारत आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के ऐसे दौर में प्रवेश कर रहा है, जो पहले अकल्पनीय था। अमृतसर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर समेत कई बड़े प्रोजेक्ट प्रगति के नए द्वार खोल रहे हैं, जिनसे लोगों की उम्मीदें जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से समय की बचत होगी, यात्रा सस्ती होगी और किराया-भाड़ा कम खर्च होगा। साथ ही हजारों श्रमिकों को रोजगार मिला है और इंजीनियरों सहित कई क्षेत्रों को इसका लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के पर्यटन को इससे बड़ा फायदा होगा। देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश, मसूरी और चारधाम यात्रा के लिए यह इंफ्रास्ट्रक्चर अहम साबित होगा। राज्य विंटर टूरिज्म, विंटर स्पोर्ट्स और वेड इन इंडिया के लिए तेजी से उभर रहा है, वहीं शीतकालीन धार्मिक यात्राओं में भी लगातार वृद्धि हो रही है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार अभूतपूर्व काम कर रही है। ऐसे इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए साल में पूरे देश में दो लाख करोड़ -शेष पृष्ठ दो पर



■ पीएम मोदी ने कई जल विद्युत परियोजनाओं का भी दिया तोहफा
■ 21वीं सदी का भारत बना रहा विकास की नई भाग्य रेखाएं

### पीएम मोदी ने सहारनपुर में किया रोड शो डाट मंदिर में की पूजा-अर्चना

**सहारनपुर/बिहारीगढ़/ छुटमलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को दिल्ली-देहरादून ग्रीनफील्ड इकोनॉमिक कॉरिडोर का लोकार्पण करने से पूर्व सबसे पहले सहारनपुर में रोड शो किया। प्रधानमंत्री का विमान सुबह करीब 11 बजे उतरा, लेकिन आमजन सुबह 7 बजे से ही कतारों में खड़े होकर उनके दर्शन के लिए उत्सुक दिखाई दिया। जैसे ही प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का काफिला रोड शो पर निकला, पूरे क्षेत्र में मोदी-मोदी और भारत माता की जय के नारों से माहौल गूंज उठा। प्रधानमंत्री मोदी इस दौरान सिद्धपीठ मां डाट काली मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना की।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन की अपील

पीएम मोदी ने कहा कि 16 अप्रैल से संसद में विशेष चर्चा होगी। सभी राजनीतिक दल नारी शक्ति वंदन बिल को मिलकर आगे बढ़ाएं। कहा कि मैंने आज देश की सभी बहनों के नाम एक खुला पत्र लिखा है। बड़े आग्रह के साथ देश की माताओं और बहनों को इस कार्य में शामिल होने का आह्वान किया है। मैं आज देवभूमि से देश के सभी दलों से फिर अपील करूंगा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम में समर्थन करें। पीएम मोदी ने कहा कि लंबे इंतजार के बाद संसद ने नारी शक्ति वंदन बिल पास किया है, जो महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार देता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इस अधिकार को लागू करने में देरी नहीं होनी चाहिए। 2029 के लोकसभा चुनाव और उसके बाद होने वाले चुनावों से ही इस व्यवस्था को लागू किया जाना चाहिए, ताकि महिलाओं की भागीदारी देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में और मजबूत हो सके।

### विकास की नई सौगात लेकर आता है पीएम का दौराः धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड आगमन पर स्वागत करते हुए कहा कि उनका प्रत्येक दौरा उत्तराखंड के लिए नई ऊर्जा और विकास की नई सौगात लेकर आता है। उन्होंने कहा आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश और उत्तराखंड को 12 हजार करोड़ की लागत से बने एशिया के सबसे लंबे ऐलिवेटेड वाइल्डलाइफ कॉरिडोर की सौगात मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उत्तराखंड देश का श्रेष्ठ राज्य बनने के लिए अपने विकल्प रहित संकल्प के साथ 'विकास भी और विरासत भी' की अवधारणा के अनुरूप प्रत्येक क्षेत्र में कार्य कर रही है।

# सम्राट के हाथ होगा बिहार का राजपाट

## नीतीश युग का अंत, भाजपा को मिलेगा पहला सीएम

**पटना।** भाजपा पहली बार बिहार में अपना सीएम बनाने जा रही है। सम्राट चौधरी बिहार के नए मुख्यमंत्री होंगे। एनडीए के विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद सम्राट चौधरी लोक भवन पहुंचे और वहां राज्यपाल से मिलकर नई सरकार बनाने का दावा पेश किया।

सम्राट चौधरी के साथ सभी दलों के प्रमुख भी शामिल थे। अब बुधवार को 11.00 बजे सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। एनडीए की नई सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए विधायक दल के नेता सम्राट चौधरी लोकभवन पहुंचे हैं। उनके साथ नितिन नवीन और शिवराज सिंह पहुंचे हैं। जदयू की ओर से उमेश सिंह कुशवाहा भी लोकभवन पहुंचे हैं। बिहार विधानसभा के सेंट्रल हाल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विधायक दल की बैठक में सम्राट चौधरी को सर्वसम्मति से नेता चुन लिया गया। नीतीश कुमार ने उन्हें माला पहनाई। इसमें एनडीए के सभी विधायक और वरिष्ठ नेता पहुंचे हैं। भाजपा नेता नीरज कुमार सिंह ने सम्राट चौधरी के भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर कहा कि बरसों के बाद भाजपा को यह मौका मिला है। एनडीए का शासन होगा, बिहार सम्राट चौधरी के नेतृत्व में काफी विकास करेगा। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने सम्राट चौधरी के भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर कहा कि बहुत खुशी की बात है कि सम्राट चौधरी भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए हैं।



■ राजभवन पहुंचे, सरकार बनाने का दावा पेश किया, आज सुबह 11 बजे शपथ ग्रहण

# वेदांता पावर प्लांट में बॉयलर फटा, 10 मजदूरों की मौत

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार दोपहर बॉयलर ब्लास्ट हो गया। हादसे में 10 मजदूरों की मौत हो गई है। एसपी प्रफुल्ल ठाकुर ने 4 मौतों की पुष्टि की है।

वहीं 18 घायलों को रायगढ़ के जिंदल फोर्टिस अस्पताल लाया गया, जहां 6 मजदूरों ने दम तोड़ दिया है। बाकी 12 घायलों की हालत भी गंभीर है। मजदूर 80 फीसदी झुलस गए हैं। घटना डभरा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में हर रोज की तरह सामान्य काम चल रहा था। इस दौरान अचानक दोपहर करीब 2 बजे बायलर ब्लास्ट हो गया। हादसे में 30 से 40 मजदूर गंभीर रूप से झुलसे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल और प्रशासन अधिकारी मौके पर पहुंचे। ट्यूब फटने से हादसा हुआ है।

■ 30-40 मजदूर झुलसे, 12 की हालत गंभीर, 80 फीसदी जले, परिजनों का हंगामा

# अतीत की गलतियों को सुधारेगा दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर

अबूबकर शिब्ली

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार अब राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास को सुदृढ़ औद्योगिक अवसंरचना के साथ जोड़कर देख रही है। जिसके चलते सरकार राज्य के परिवहन इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के प्रयास में लगी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंगलवार को राष्ट्र को समर्पित किया गया ग्रीनफील्ड दिल्ली-देहरादून आर्थिक कॉरिडोर इसी श्रृंखला की अगली कड़ी है। दरअसल, उत्तर प्रदेश लंबे समय से विकास की दौड़ में एक पिछड़ा राज्य रहा है। जिसका मुख्य कारण वर्ष 1991 के आर्थिक सुधारों के बाद राज्य की अर्थव्यवस्था का प्राथमिक क्षेत्र (कृषि) से सीधे तृतीय क्षेत्र (सेवा) में चले जाना रहा है। लगभग तीन दशकों तक द्वितीय क्षेत्र (उद्योग) इस राज्य में उपेक्षित ही रहा। जिसका परिणाम यह हुआ कि राज्य में अपेक्षित रोजगार सृजन नहीं हो पाया, क्योंकि उद्योग ही रोजगार सघन क्षेत्र है। इसी उपेक्षा के कारण दीर्घकाल में राज्य सामाजिक आर्थिक विकास की दृष्टि से पिछड़ता चला गया और उत्तर प्रदेश की गिनती 'बीमारू' राज्यों में की जाने लगी। अतीत में हुई इस नीति गतिहीनता से सबक लेते हुए मौजूदा सरकार प्रदेश में उद्योग आधारित विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है। राज्य में निजी निवेश आकर्षित करने के लिए बेहतर व सुरक्षित परिवहन अवसंरचना पहली और अनिवार्य शर्त है। मंगलवार को प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया दिल्ली देहरादून आर्थिक कॉरिडोर निवेश आकर्षण की दिशा में एक नवीन अध्याय है। यह कॉरिडोर न केवल उत्तराखंड -शेष पृष्ठ दो पर



■ राज्य में उद्योग आधारित विकास को मिलेगी गति
■ ब्रांड के रूप में स्थापित होगी वुड कार्विंग व होजरी इंडस्ट्री

# नोएडा हिंसा के बाद योगी सरकार ने बढ़ाई मजदूरी

**नोएडा/लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश सरकार ने नोएडा में श्रमिकों के हिसक विरोध प्रदर्शन के बाद अंतरिम मजदूरी दरों में वृद्धि करते हुए नई दरें एक अप्रैल 2026 से लागू कर दी हैं।

सरकारी आदेश के अनुसार मजदूरी दरों को तीन श्रेणियों गौतमबुद्ध नगर (नोएडा)-गाजियाबाद, नगर निगम क्षेत्र तथा अन्य जिलों में विभाजित किया गया है। गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद -शेष पृष्ठ दो पर

### कर्मचारियों के प्रदर्शन में फिर हुआ बवाल

**नोएडा।** जिले में वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर सोमवार को हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद नोएडा के फेज 2 में प्रदर्शनकारी मंगलवार को फिर से जमा हो गए। उन्होंने पत्थरबाजी की है। हालात को काबू में करने के लिए यहां पुलिस तैनात कर दी गई है। प्रदर्शनकारियों को मौके से हटाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आशा भोसले के निधन पर सोनिया ने परिजनों को लिखा भावुक पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मशहूर पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनके परिजनों को एक भावुक शोक पत्र लिखा है। श्रीमती गांधी ने आशा भोसले के बेटे आनंद और हेमंत भोसले को संबोधित पत्र में कहा कि आशा भोसले के निधन के साथ भारतीय संगीत का एक स्वर्णिम युग समाप्त हो गया है। उन्होंने आशा जी को एक महान कलाक. ार, प्रतीक और करोड़ों लोगों को अपनी आवाज से खुशी देने वाली हस्ती बताया। पत्र में उनकी बहुमुखी प्रतिभा का भी उल्लेख किया गया है, जिसमें उन्होंने शास्त्रीय, लोक और पॉप संगीत में अपनी अमिट छाप छोड़ी।

### एसएसपी के नाम से फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट चलाने पर मामला दर्ज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बडगाम जिले में एसएसपी के नाम से फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट चलाने और लोगों को प्रभावित करने के आरा. प में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार पल्लर बडगाम निवासी समीर अली भट फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट के जरिए चैट के स्क्रीनशॉट साझा कर खुद को एसएसपी का करीबी बताकर लोगों पर प्रभाव डालने की को. शिश कर रहा था। जांच में पाया गया कि आरोपी पहले से कई मामलों में संलिप्त है और वह एसएसपी बडगाम के नाम से फर्जी अकाउंट संचालित कर रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 319 और आईटी अधिनियम की धारा 66-सी के तहत मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों के अनुसार, आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है।

## आसमान छूती महंगाई के साथ मजदूरी बढ़ाने की बात वाजिब

# नोएडा में वेतन बढ़ाने को श्रमिक आंदोलन सही

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है, उसके अनुसार न्यूनतम मजदूरी भी बढ़नी चाहिए: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने नोएडा में श्रमिकों के वेतन बढ़ाने को लेकर किए गए आंदोलन को सही ठहराते हुए कहा है कि आसमान छूती महंगाई के साथ मजदूरी बढ़ाने की बात वाजिब है और उनकी इस मांग पर संवेदनशीलता के साथ ध्यान दिया जाना चाहिए।

गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर नोएडा में कल कई कंपनियों में श्रमिकों द्वारा वेतन बढ़ाने के लिए किए आंदोलन का समर्थन किया और कहा कि जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है, उसके अनुसार उनकी न्यूनतम मजदूरी भी बढ़नी चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि कल नोएडा की सड़कों पर जो हुआ, वह इस देश के श्रमिकों की आखिरी पुकार थी-जिसकी हर आवाज को अनसुना किया गया, जो मांगते-मांगते थक गया। नोएडा में काम करने वाले एक मजदूर की 12,000 रुपये मासिक आय में से 4,000-7,000 रुपये किराए में चले जाते हैं। जब तक 300 रुपये की सालाना बढ़ोतरी मिलती है, मकान मालिक 500 रुपये सालाना किराया बढ़ा देता है। आय बढ़ने से पहले ही यह बेलगाम महंगाई जीवन का गला घोंट देती है और कर्ज की गहराई में डुबो देती है, यही है 'विकसित भारत' का सच। उन्होंने आगे लिखा कि एक महिला मजदूर ने कहा रसोई गैस के दाम बढ़ते हैं, पर हमारी आय नहीं। इन लोगों ने शायद इस गैस संकट के दौरान अपने घर का चूल्हा जलाने के लिए 5,000 रुपये तक का गैस सिलेंडर खरीदा होगा। यह सिर्फ नोएडा की बात नहीं है और न ही सिर्फ भारत की। दुनियाभर में ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं। पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो गई है। मगर अमेरिका के शुल्क युद्ध, वैश्विक महंगाई और बाधित आपूर्ति शृंखला का बोझ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मित्र' उद्योगपतियों पर नहीं पड़ा। इसकी सबसे बड़ी मार उस मजदूर पर पड़ी है, जो दिहाड़ी कमाता है और तभी रोज खाता है। वह मजदूर, जो किसी युद्ध का हिस्सा नहीं, जिसने कोई नीति नहीं बनाईजिसने बस काम किया, चुपचाप, बिना शिकायत और अपने अधिकार की मांग करने पर उसे मिलता क्या है। दबाव और अत्याचार।

### संशोधन विधेयक सांसदों को उपलब्ध न कराना लोकतंत्र का मजाक : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि जिस संविधान संशोधन विधेयक को लेकर सरकार 16 अप्रैल से संसद की बैठक बुला रही है, उसे अब तक सांसदों को उपलब्ध न कराना सरकार की मनमानी और लोकतंत्र का मजाक उड़ाने जैसा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को यहां एक बयान में कहा कि सरकार ने पहले 29 अप्रैल को सर्वदलीय बैठक बुलाने की विपक्ष की मांग ठुकराकर मनमानी की और अब तक सांसदों के साथ इस विधेयक को साझा न कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया की अवहेलना की है। उन्होंने कहा कि संसद की बैठक 16 अप्रैल से शुरू हो रही है। यह बैठक ऐसे समय बुलाई जा रही है जब तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल विधानसभा के लिए चुनाव प्रचार चरम पर होगा।

# दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस वे परियोजना का मुख्य आकर्षण है वन्यजीव गलियारारा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ एक्सप्रेस-वे दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को जोड़ेगा

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर से उत्तराखंड की राजधानी देहरादून तक निर्मित 212 किलोमीटर लंबे छह लेन ग्रीनफील्ड दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे को राष्ट्र को समर्पित किया। यह एक्सप्रेस-वे दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को जोड़ेगा। करीब तीन वर्ष में तैयार इस एक्सप्रेस-वे पर वाहन बिना रुके तेज गति से संचा. लित हो सकेंगे और दिल्ली से देहरादून की यात्रा लगभग ढाई घंटे में पूरी की जा सकेगी।

परियोजना में 16 प्रवेश एवं निकास प्वाइंट, 12 टोल प्लाजा तथा 76 किलोमीटर सर्विस रोड का निर्माण किया गया है। करीब 13 हजार करोड़ रुपये की लागत से बने इस एक्सप्रेस-वे पर 62 फ्लाईओवर और 113 अंडरपास बनाए गए हैं। परियोजना में पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखा गया है। वन्यजीवों की आवा. जाही के लिए विशेष अंडरपास तथा हाथियों के लिए सुरक्षित गलियारा विकसित किया गया है। परियोजना का मुख्य आकर्षण 12 किलोमीटर लंबा वन्यजीव गलियारा है। इसके नीचे राजाजी नेशनल पार्क और शिवालिक वन क्षेत्र में हिरण, हाथी तथा अन्य वन्यजीव सुरक्षित रूप से आवागमन कर सकेंगे। गलियारे का निर्माण इस प्रकार किया गया है कि वाहनों की रोशनी और ध्वनि का वन्यजीवों पर न्यूनतम प्रभाव पड़े।

इस एक्सप्रेस-वे से उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली के बीच संपर्क मजबूत होगा। इसके साथ ही पर्यटन, व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद है। राज्यमंत्री जसवंत सैनी और भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह राणा ने कहा कि यह परियोजना केवल सड़क मार्ग नहीं, बल्कि विकास और रफ्तार का नया मार्ग है।

# मायावती ने केंद्र-राज्य सरकारों पर साधा निशाना

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ संविधान के उद्देश्य सही ढंग से लागू होते, तो देश पूरी तरह आत्मनिर्भर और विकसित बन चुका होता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बी आर अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उन्हें नमन करते हुए देशवासियों, विशेषकर पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का पूरा जीवन गरीबों, वंचितों, शोषितों और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और सम्मान के लिए संघर्ष में बीता। मायावती ने अपने संदेश में कहा कि बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से समानता और न्याय की गारंटी सुनिश्चित की, जिससे वे अमर हो गए और देश हमेशा उनका कृतज्ञ रहेगा। उन्होंने बसपा समर्थकों द्वारा पूरे देश में श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए धन्यवाद भी दिया। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र और राज्यों की सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि बाबा साहेब के मानवतावादी और बहुजन-कल्याणकारी संविधान के उद्देश्यों को सही ढंग से लागू किया गया होता, तो आज देश पूरी तरह आत्मनिर्भर और विकसित बन चुका होता। उन्होंने आरोप लगाया कि अभी भी देश में करोड़ों लोग गरीबी, बेरोजगारी, जातिवाद और शोषण जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं।

# नोएडा में हिंसा के लिए सरकार जिम्मेदार

## इंटेलिजेंस पूरी तरह फेल रही: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने नोएडा में हुई घटना को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इसे सरकार की नाकामी बताते हुए कहा कि इंटेलिजेंस पूरी तरह फेल रही और प्रशासन को पहले से जानकारी होने के बावजूद घटना को होने दिया गया। उन्होंने कहा कि अगर यह कोई बड़ी साजिश है तो इसकी जिम्मेदारी सीधे तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारतीय जनता पार्टी पर आती है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 में भाजपा को सत्ता से हटाया जाएगा और उनकी पार्टी बाबा साहब के संविधान पर आधारित समाज की स्थापना करेगी। अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री पर व्यक्तिगत हमला करते हुए कहा कि उनसे बड़ा झूठ बोलने वाला कोई संत नहीं है। उन्होंने उन्हें नकली संत बताते हुए आरोप लगाया कि सरकार का संविधान से कोई सरोकार नहीं है। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा नेता हार के डर से भूमिगत हो गए हैं, लेकिन जनता मिलकर उन्हें हराने और सत्ता से हटाने का काम करेगी। उन्होंने भीमराव अंबेडकर के संविधान को ष्लोहे की तलवारष बताते हुए कहा कि यह देश के लोगों को न्याय और सम्मान दिलाने का माध्यम है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के दौरान बाबा साहब की प्रतिमाओं को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया गया है और चुनाव से पहले बजट के जरिए जनता को गुमराह करने की को. शिश की जाती है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में दलितों, पिछड़ों और पीडीए वर्ग के खिलाफ भेदभाव जारी है, हालांकि जनता अब इन साजिशों को समझ चुकी है। अखिलेश यादव ने कहा कि सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए उनका संघर्ष लगातार जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा नेताओं द्वारा 400 से अधिक सीटें जीतने और संविधान बदलने के दावे किए गए थे, लेकिन उत्तर प्रदेश की जनता ने मतदान के जरिए संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की है।

### अंबेडकर जयंती पर मुख्यमंत्री योगी ने बाबा साहब के आदर्शों को बताया पथप्रदर्शक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'भारत रत्न' बी आर अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने बाबा साहब के आदर्शों को बताया पथप्रदर्शक बताया। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि बाबा साहब ने समता, न्याय और बंधुत्व के उच्च आदर्शों से आलोकित, समरस एवं समावेशी समाज की मजबूत आधारशिला रखी। भारतीय संविधान के निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है, जिसने देश को लोकतांत्रिक मूल्यों की सुदृढ़ दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि अंत्योदय और लोक-कल्याण के प्रति समर्पित बाबा साहब सच्चे अर्थों में मां भारती के अमूल्य रत्न हैं। उनका संपूर्ण जीवन समाज के वंचित और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब का प्रेरक जीवन और उनके आदर्श हम सभी के लिए सदैव पथप्रदर्शक रहेंगे। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि बाबा साहब के विचारों को आत्मसात कर समाज में समानता, न्याय और समरसता स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयास करें।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 77550.25
निफ्टी 24050.60

सोना 151700
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 239685
प्रति किलो



# पश्चिम एशिया संकट: वाहन उद्योग के लिए अप्रैल में होगी अग्नि परीक्षा

नई दिल्ली, वार्ता

वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम का मानना है कि पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न परिस्थितियों के मद्देनजर अप्रैल में अग्नि परीक्षा होगी।

सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने मंगलवार को वाहनों की थोक बिक्री के आंकड़े जारी करने के बाद संवाददाताओं के सवालों के जवाब में कहा कि मार्च में उत्पादन प्रभावित नहीं हुआ है, लेकिन अप्रैल में कंपनियां दबाव महसूस कर रही हैं और इस महीने कंपनियों की 'अग्नि परीक्षा' होगी। उन्होंने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि युद्ध लंबा न चले यदि ऐसा होता है वाहनों की बिक्री में एकल अंक की वृद्धि के कुछ अनुमान सही साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल लोग जानकारी लेने के लिए शोरूम में आ रहे हैं, लेकिन खरीदारी का फैसला लेने में देरी कर रहे हैं। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रमुख श्री चंद्रा ने कहा कि अप्रैल के पहले दो सप्ताह में पश्चिम एशिया संकट का दबाव पड़ना शुरू हो गया है और उत्पादन की लागत बढ़ी है। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले एल्युमीनियम की आपूर्ति पहले पश्चिम एशिया से होती थी, अब कंपनियां उसका विकल्प खोज रही हैं। उन्होंने कहा अप्रैल में यह साफ होगा कि आपूर्ति बढ़ने की रफ्तार और पहले से मौजूद कलपुर्जों और कच्चे माल के भंडार की खपत की रफ्तार में कितना संतुलन बन पाता है। चंद्रा ने कहा कि वाहन उद्योग में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होने वाले प्रोपेन और एलपीजी की कमी चिंताजनक है। कुछ चुनिंदा पेट्रो-रसायन के दाम बढ़ रहे हैं और परिवहन की लागत भी बढ़ी है।

सियाम के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में वाहनों की घरेलू बिक्री 10.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,82,65,519 इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इस दौरान यात्री वाहनों की बिक्री 7.9 प्रतिशत बढ़कर 46,43,439 इकाई पर पहुंच गई। दुपहिया की बिक्री 10.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,17,05,974 इकाई पर रही। श्री चंद्रा ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में सभी खंडों में रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की गई है। सात साल बाद यह स्थिति बनी है जो वाहन निर्माता कंपनियों के लिए खुशखबरी है। उन्होंने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर की दरों में पिछले साल सितम्बर में की गई कटौती से ग्राहक धारणा मजबूत बनी हुई है।

### इंडिगो की चार दिन की सेल, टिकट पर 10 प्रतिशत तक छूट

**नई दिल्ली।** प्रमुख विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने मंगलवार से चार दिन की सेल की घोषणा की है जिसमें घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर बुकिंग में 10 प्रतिशत तक छूट दी जाएगी। 'समर गेटअवे' सेल के तहत 14 अप्रैल से 17 अप्रैल के बीच बुकिंग कराई जा सकती है, जबकि यात्रा की तारीख 01 जुलाई से 09 अक्टूबर 2026 के बीच होने की शर्त रखी गई है। यात्री इंडिगो की वेबसाइट, मोबाइल एप, एआई-संचालित असिस्टेंट 6ईस्काई, इंडिगो के व्हाट्सएप नंबर (91-70651 45858), या चुनिंदा ट्रैवल पार्टनर के वेबसाइट्स और ऐप के माध्यम से बुकिंग करते समय 'एसयूएमआर 10' (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) प्रोमो कोड का उपयोग करके इस ऑफर का लाभ उठा सकते हैं।

# वाहनों की घरेलू बिक्री 10.4 प्रतिशत बढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर

नई दिल्ली।



पहली छमाही के सुस्त प्रदर्शन के बावजूद वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और रेपो दरों में कटौती के कारण वित्त वर्ष 2025-26 में वाहनों की घरेलू बिक्री 10.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,82,65,519 इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, पूरे वित्त वर्ष के दौरान यात्री वाहनों की बिक्री 7.9 प्रतिशत बढ़कर 46,43,439 इकाई पर पहुंच गई। दुपहिया की बिक्री 10.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,17,05,974 इकाई पर रही। सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्र ने रिपोर्ट जारी करने के मौके पर बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में सभी खंडों में रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की गई है। सात साल बाद यह स्थिति बनी है जो वाहन निर्माता कंपनियों के लिए खुशखबरी है।

वित्त वर्ष के दौरान वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में 12.6 प्रतिशत मजबूत वृद्धि देखी गई और यह एक साल पहले के 9,58,679 इकाई से बढ़कर 10,79,871 इकाई पर रही। तिपहिया की बिक्री में भी 12. 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 8,36,231 इकाई हो गई। हालांकि तिपहिया के खंड में ई.रिक्शा की बिक्री में 29.6 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। श्री चंद्रा ने कहा कि जीएसटी की दरों में पिछले साल सितम्बर में की गई कटौती से ग्राहक धारणा मजबूत बनी हुई है।

इसके साथ ही रिजर्व बैंक द्वारा पिछले साल रेपो दरों में की गई कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती और सरकार द्वारा आयकर छूट की सीमा बढ़ाने से भी बिक्री बढ़ाने में मदद मिली है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**पीएम मोदी...**

भी खर्च नहीं होते थे, आज 12 लाख करोड़ से ऊपर होते हैं। उत्तराखंड में ही सवा दो लाख करोड़ से ऊपर की परियोजनाओं पर काम जारी है। कभी उत्तराखंड के गांव में सड़क के इंतजार में पीढ़ियां बदल जाती थी। अब सड़क गांव तक पहुंच रही है। वीरान गांव फिर जीवंत हो रहे हैं।

ये रहे उपस्थित' कार्यक्रम में मंच पर प्रदेश के राज्यपाल ले.ज. (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण, पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत, विजय बहुगुणा, डा. रमेश पोखरियाल निशंक, तीरथ सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, गणेश जोशी, रेखा आर्य, खजान दास, डा. धन सिंह रावत, सौरभ बहुगुणा, मदन कौशिक, राम सिंह कैड़ा, भरत चौधरी, प्रदीप बत्रा, सांसद अनिल बलूनी, अजय भट्ट, माला राज्यलक्ष्मी शाह, नरेश बंसल उपस्थित रहे। वहीं, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता वर्चुअल माध्यम से शामिल हुईं। कार्यक्रम में इनके अलावा उत्तराखंड के विधायकगण, दायित्वधारी, भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और आम जनता मौजूद रही।

**अतीत की...**

से लेकर दिल्ली तक विकास की एक श्रृंखला स्थापित करेगा, बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जनपद के लिए भी विकास के नए द्वार खोलेगा, क्योंकि इस कॉरिडोर का एक तिहाई से अधिक हिस्सा सहारनपुर से होकर गुजरता है। यही कारण है कि यह कॉरिडोर जनपद में परिवहन कनेक्टिविटी और बेहतर जीवन स्तर के साथ ही औद्योगिक विकास के नए अवसर पैदा करेगा। इस कॉरिडोर के किनारे राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक क्लस्टर्स विकसित करने की योजना है। जिससे न सिर्फ पर्याप्त रोजगार सृजन होगा। बल्कि सहारनपुर की वुड कार्विंग और होजरी इंडस्ट्री को भी ब्रांड आधारित उन्नति के अवसर मिलेंगे।

इसके साथ ही यह उत्तराखंड की चारधाम महामार्ग परियोजना के साथ जुड़कर धार्मिक पर्यटन को भी मजबूत करेगा। इतना ही नहीं यह कॉरिडोर वर्तमान में तनाव से गुजर रहे मानव-वन्यजीव संबंधों को भी बेहतर बनाते हुए हिमालय के पारिस्थितिकी तंत्र के साथ संतुलित विकास का वाहक बनेगा। यह हाईवे शिवालिक रेंज में 12 किमी. लंबे वन्यजीव गलियारे के ऊपर से होकर गुजरेगा। जिसमें 6 वन्यजीव व 2 पृथक हाथी अंडरपास शामिल हैं। इससे मानव व वन्यजीव अपने अपने क्षेत्र में संतुलित एवं विकसित जीवन यापन का अनुभव करेंगे। संक्षेप में कहे तो यह कॉरिडोर केंद्र व राज्य सरकार के व्यापक विजन का हिस्सा है, जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित सहारनपुर में क्षेत्रीय व पर्यावरणीय संतुलन के साथ सुदृढ़ औद्योगिक अवसंरचना पर केंद्रित है। इससे सामाजिक आर्थिक विकास के नए अवसर उत्पन्न होंगे। साथ ही यह उत्तर प्रदेश को उद्यम प्रदेश बनाने का दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

**नोएडा हिंसा...**

में अकुशल श्रमिकों की मजदूरी 11,313 रुपये से बढ़ाकर 13,690 रुपये, अर्द्धकुशल श्रमिकों की 12,445 रुपये से बढ़ाकर 15,059 रुपये तथा कुशल श्रमिकों की 13,940 रुपये से बढ़ाकर 16,868 रुपये कर दी गई है। नगर निगम वाले अन्य शहरों में अकुशल श्रमिकों की मजदूरी 11,313 रुपये से बढ़ाकर 13,006 रुपये, अर्द्धकुशल श्रमिकों की 12,445 रुपये से बढ़ाकर 14,306 रुपये तथा कुशल श्रमिकों की 13,940 रुपये से बढ़ाकर 16,025 रुपये निर्धारित की गई है। सरकार ने सोशल मीडिया पर न्यूनतम मजदूरी 20 हजार रुपये प्रतिमाह तय किए जाने के दावों को भ्रामक और निराधार बताया है। यह निर्णय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गठित उच्चस्तरीय समिति की बैठक के बाद सोमवार देर रात लिया गया।

### प. बंगाल विधानसभा चुनाव में 2,926 उम्मीदवार मैदान में

**नई दिल्ली/कोलकाता।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की है। चुनाव आयोग के अनुसार नामांकन वापसी की अंतिम तिथि के बाद राज्य में कुल 2,926 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। पहले चरण में 152 विधानसभा सीटों पर 1,478 उम्मीदवार और दूसरे चरण में 142 सीटों पर 1,448 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि नौ अप्रैल थी, जबकि 10 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटिनी) और 13 अप्रैल को नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। चुनाव कार्यक्रम के तहत दूसरे चरण के लिए मतदान 29 अप्रैल को कराया जाएगा।

# अंबेडकर के विचारों से प्रेरित हैं सरकार की योजनाएं: नितिन

नई दिल्ली, वार्ता



भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को कहा कि सरकार की योजनाएं बाबा साहब अंबेडकर के विचारों से प्रेरित है और इसी का अनुकरण करते हुए केंद्र सरकार 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने जा रही है।

श्री नितिन ने आज यहां भाजपा मुख्यालय में संविधान के शिल्पकार डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलित अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से बाबासाहेब को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर और दीनदयाल उपाध्याय ने समावेशी विकास के जरिए विकसित भारत का सपना देखा था, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार साकार करने का प्रयास कर रही है।

महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर अंबेडकर के विचारों को आगे बढ़ाते हुए केंद्र सरकार 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने जा रही है। भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस और नेहरू-गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि अतीत में अंबेडकर को उचित सम्मान नहीं मिला। उन्होंने कहा कि भाजपा समर्थित सरकार बनने के बाद ही बाबा. साहेब को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने अंबेडकर से जुड़े पंचतीर्थों का विकास, संविधान दिवस की शुरुआत और अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर की स्थापना जैसे कदम उठाकर उनके विच. ारों को सम्मान दिया है। इस मौके पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उम्मीदों की डोर है इकोनॉमिक कॉरिडोर: मोदी

## पीएम ने कहा, विकसित भारत के लिए, प्रगति, प्रकृति और संस्कृति की त्रिवेणी जरूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जसवंत सिंह आर्मी ग्राउंड, गढ़ी कैंट में आयोजित समारोह में 210 किमी लंबे, दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का रिमोट बटन दबाकर लोकार्पण किया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने गढ़ी कैंट तक 12 किलोमीटर लंबे रोड शो में प्रतिभाग करने के साथ ही डाटकाली मंदिर में दर्शन करने के बाद पूजा भी की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गढ़ी कैंट में आयोजित, समारोह में अपने संबोधन की शुरुआत देशवासियों को बैसाखी और बिहू पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाले कुछ दिनों में उत्तराखंड में स्थित पवित्र चार धामों की भी यात्रा शुरु होने वाली है, जिसका देशभर के आस्थावान लोग प्रतीक्षा करते हैं। दिल्ली- देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर बनने से चारधाम के यात्रियों को भी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य अपने स्थापना के 26वें प्रवेश कर चुका है, अब राज्य की प्रगति में दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस-वे भी शामिल हो गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ साल पहले उन्होंने बाबा केदार की धरती पर अनायास ही कहा था कि इस शताब्दी का तीसरा दशक उत्तराखंड के नाम होने जा रहा है, उन्हें यह देखकर बेहद खुशी हो रही है कि डबल इंजन वाली सरकार की नीतियों और उत्तराखंड के लोगों के परिश्रम से उत्तराखंड तेजी से इस राह पर बढ़ रहा है।



■ प्रधानमंत्री ने देहरादून में आयोजित भव्य समारोह में किया 210 किमी लंबे, दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का किया लोकार्पण ■ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री धामी, राज्यपाल सहित मंत्री, सांसद और विधायक रहे मौजूद

### पीएम बोले, उत्तराखंड की पवित्रता का करें पालन

प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड के लोगों के साथ ही यहां आने वाले पयर्टकों से अपील करते हुए कहा कि वो देवभूमि की धरोहर बहुत पवित्र है, ऐसे स्थानों का साफ सुथरा रखना हम सबका कर्तव्य है। यहां जगह -जगह कूड़ा डालने, प्लास्टिक की बोतलें फेंकने से देवभूमि की पवित्रता को ठेस पहुंचती है। इसलिए देवभूमि के तीर्थ स्थलों को स्वच्छ और सुंदर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले साल हरिद्वार में दिव्य, भव्य और स्वच्छ कुंभ मेले का आयोजन होगा, इसी के साथ उत्तराखंड में जल्द ही नंदा देवी राजजात भी आयोजित होने वाली है। ये यात्रा उत्तराखंड की विशिष्ट सांस्कृतिक चेतना का भी उदाहरण है, जिसमें मां नंदा को बेटी मानकर सम्मान के साथ विदा किया जाता है। उन्होंने कहा कि वो मां नंदा को प्रणाम करते हुए, विकसित भारत के निर्माण में माताओं बहनों की बड़ी भूमिका है।



### नए भारत में स्पीड और स्केल पर जोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का भारत जिस स्पीड और स्केल पर काम कर रहा है, उसकी चर्चा दुनियाभर में हो रही है। उन्होने कहा कि बीते कुछ महीनों के भीतर ही दिल्ली मेट्रो का विस्तार हुआ है, साथ ही मेरठ तक मेट्रो पहुंची है, नोएडा में एयरपोर्ट शुरु हुआ है और अब दिल्ली देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर भी शुरु हो चुका है। इतने छोटे से क्षेत्र में इतना सबकुछ हो रहा है तो आप देशभर की प्रगति का आंकलन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज देश में कई इकोनॉमिक कॉरिडोर पर काम चल रहा है। ये इकोनॉमी कॉरिडार प्रगति के नए द्वार बनने जा रहे हैं जिनसे हमारी उम्मीदों की डोर भी जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली ख्र देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर से जहां लोगों का आने जाने में समय बचेगा, वहीं ईंधन की खपत कम होने से किराया और माल भाड़ा भी बचेगा। साथ ही किसानों को अपने उत्पाद, तेजी से बड़ी मंडियों तक पहुंचाने की सुविधा मिलेगी। इस शानदार एक्सप्रेस वे का सर्वाधिक लाभ उत्तराखंड के पर्यटन को मिलेगा ।

### बारामासी पर्यटन की ओर बढ़ा उत्तराखंड

प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड सरकार द्वारा विंटर टूरिज्म, विंटर स्पोर्ट्स और वेड इन उत्तराखंड जैसे अभियानों को बढ़ावा दिए जाने के लिए जारी प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि, अब उत्तराखंड बारामासी पर्यटन की तरफ बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने 2023 में अपनी आदि कैलाश- ओमपर्वत यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि, पहले यहां साल में कुछ सौ लोग ही आते थे, जबकि 2025 में यह संख्या 40 हजार के पार पहुंच गई है। इसी तरह उत्तराखंड में शीतकालीन यात्रा में आने वाले पयर्टकों और तीर्थयात्रियों की संख्या भी 80 हजार से बढ़कर डेढ़ लाख पहुंच गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए, प्रगति, प्रकृति और संस्कृति को साथ रखा जाना जरूरी है। इसलिए आज हर निर्माण का इस त्रिवेणी को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें ध्यान देना होगा कि इंसानों के लिए होने वाले विकास कार्यों से वन्य जीवों को कोई कष्ट न हो। इसलिए दिल्ली देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर पर 12 किमी लंबा एलिवेट रोड बनाया गया है।

### 2029 में आधी आबादी को मिलेगा पूरा हक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महिलाओं को राजनैतिक प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए, संसद ने चार दशक के बाद नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कर दिया है, इससे लोकसभा व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण तय हो गया है। अब इसे लागू करने में देर नहीं होने चाहिए, 2029 के लोकसभा और इससे आगे के विधानसभा चुनावों में इसे लागू किया जाना चाहिए। देश की इसी भावना के अनुरूप 16 अप्रैल से संसद का विशेष सत्र आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने सभी दलों से इस संसोधन अधिनियम को समर्थन देने की अपील करते हुए कहा कि, 2029 में देश की पचास प्रतिशत आबादी को उनका हक मिलकर रहेगा। पीएम ने उत्तराखंड की सैन्य परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि देश, 1962 में शहीद हुए बाबा जसवंत सिंह के शौर्य को भुला नहीं सकता। सैनिकों के सम्मान के क्रम में केंद्र सरकार ने वन रैंक, वन पेंशन लागू करते हुए पूर्व सैनिकों के खाते में सवा लाख करोड़ से अधिक की धनराशि जमा की है। जिसका लाभ उत्तराखंड के हजारों परिवारों को भी मिला है। सरकार देशभक्ति, देवभक्ति और प्रगति को जोडते हुए विकसित भारत का संकल्प सच करने का प्रयास कर रही है।

### उत्तराखंड ने देश को दिखाई राह



प्रधानमंत्री ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ बीआर अंबेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि बीते एक दशक से उनकी सरकार ने जो भी निर्णय लिए वो देश के संविधान की गरिमा को बढ़ाने वाले साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर में धारा 370 की समाप्ति और देश से माओवाद खत्म होने के बाद आज पूरे देश में भारत का संविधान लागू हो गया है। उन्होंने कहा कि, उत्तराखंड ने संविधान की भावना के अनुरूप, समान नागरिक संहिता लागू कर, पूरे देश को नई राह दिखाई है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन गरीबों, वंचितों और शोषितों को न्याय पूर्ण व्यवस्था देने के लिए समर्पित रहा है, केंद्र सरकार भी इसी भावना के साथ हर गरीब को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि देश का संतुलित विकास, सबको सुविधा और सबकी समृद्घि ही सामाजिक न्याय का माध्यम बन सकती है। इसलिए बाबा साहेब भी औद्योगिकरण और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर की भरपूर वकालत करते थे।

### सड़कें बनेगी भविष्य की रेखा

प्रधानमंत्री ने देश के विकास में सड़क, रेलवे, रोपवे और वाटरवे की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि कुछ लोग, भविष्य जानने के लिए हाथ की रेखाओं को दिखाने के लिए ज्योतिष शास्त्र की शरण में जाते हैं। आज इसी तरह सड़कें, राष्ट्र की भाग्य रेखाएं बनती जा रही हैं। उन्होनें कहा कि बीते एक दशक से सरकार विकसित भारत के लिए ऐसी ही भाग्यरेखाओं के निर्माण में जुटी हुई है। ये भाग्य रेखाएं, सिर्फ आर्थिकी का आधार नहीं बनेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ी की समृद्धि की गारंटी भी बनेगी और यही मोदी की गारंटी भी है। उन्होंने कहा कि बीते एक दशक में सरकार ने इन विकास रेखाओं के निर्माण में अभूतपूर्व निवेश किया है। वर्ष 2014 तक, पूरे देश के इंफ्रा प्रोजेक्ट पर दो लाख करोड़ भी खर्च नहीं हो पाते थे, जबकि आज यह राशि छह गुना अधिक बढ़कर 12 लाख करोड़ के पार पहुंच चुकी है। इस दौरान अकेले उत्तराखंड में ही, सवा दो लाख करोड़ रुपए के इंफ्रा प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कभी उत्तराखंड के गांवों में सड़कों के इंतजार में पीढ़ियां बूढ़ी हो जाती थी, आज डबल इंजन की सरकार के कारण गांव गांव सड़क पहुंच रही है। इससे वीरान गांव फिर जीवंत हो रहे हैं। चारधाम महामार्ग परियोजना, रेल परियोजना, केदारनाथ, हेमकुंड रोपवे जैसे परियोजनाएं उत्तराखंड की भाग्य रेखाएं बन रही हैं।

### मंच पर इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मंच पर प्रदेश के राज्यपाल ले.ज (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी भूषण, पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत, विजय बहुगुणा, डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, तीरथ सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, गणेश जोशी, रेखा आर्य, खजान दास, डॉ. धन सिंह रावत, सौरभ बहुगुणा, मदन कौशिक, राम सिंह कैड़ा, भरत चौधरी, प्रदीप बत्रा, सांसद अनिल बलूनी, अजय भट्ट, माला राज्यलक्ष्मी शाह, नरेश बंसल उपस्थित रहें। वहीं, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता वर्चुअल माध्यम से शामिल हुईं। कार्यक्रम में इनके अलावा उत्तराखण्ड के विधायकगण, दायित्वधारी, भाजपा पदाधिकारी और बडी संख्या में कार्यकर्ता और आम जनता मौजूद रही।

---

### चिर परिचित अंदाज में फिर प्रकट किया उत्तराखंड प्रेम

# पहाड़ी बोली-भाषा के शब्दों को दी अपने भाषण में जगह





■ एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी का जबरदस्त लोकल कनेक्ट ■ मां डाट काली से लेकर पंच बदरी-केदार तक का जिक्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** सिर पर ब्रहमकमल टोपी, भाषण में गढ़वाली कुमाऊंनी के छोटे-छोटे वाक्य और भावनाओं में उत्तराखंड की बेहतरी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ये तीन बातें मंगलवार को एक बार फिर से दिखाई दीं। दिल्ली-दून एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने अपने चिर परिचित अंदाज में एक बार फिर साबित किया कि उत्तराखंड की प्रगति से उनका खास वास्ता है।

अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी बहुत खूबसूरती से लोकल कनेक्ट करते हैं। इसी लिए चाहे वेशभूषा हो, भाषा शैली हो या फिर स्थानीय जगहों के नाम का उल्लेख हो, प्रधानमंत्री हर बात का खास ख्याल करते हैं। ये ही वजह है कि उनके भाषण की शुरूआत में इस बार भी भुला-भुलियों, सयाणा, आमा, बाबा जैसे पहाड़ी बोली-भाषा के शब्दों ने प्रमुखता से स्थान पाया।

एक्सप्रेस वे के निर्माण में मां डाटकाली के आशीर्वाद का प्रधानमंत्री ने खास तौर पर जिक्र किया। ये भी जोड़ा कि देहरादून पर मां डाटकाली की कृपा है। उत्तराखंड से लगे उत्तर प्रदेश के क्षेत्र में स्थित संतला माता मंदिर का भी उन्होंने स्मरण किया।

प्रधानमंत्री ने हरिद्वार कुंभ, नंदा राजजात से लेकर पंच बदरी, पंच केदार, पंच प्रयाग का भी प्रभावपूर्ण जिक्र कर जबरदस्त लोकल कनेक्ट किया।

# अब रफ्ता-रफ्ता नहीं, पूरी रफ्तार के साथ आगे बढ़ रहा भारत : सीएम



■ राज्य में विकास की सौगात लेकर आता है प्रधानमंत्री का दौरा ■ मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को नंदा राजजात यात्रा पर आधारित स्मृति चिन्ह किया भेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड आगमन पर स्वागत करते हुए कहा कि उनका प्रत्येक दौरा उत्तराखंड के लिए नई ऊर्जा और विकास की नई सौगात लेकर आता है। उन्होंने कहा आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश और उत्तराखंड को 12 हजार करोड़ रुपए की लागत से बने एशिया के सबसे लंबे ऐलिवेटेड वाइल्डलाइफ कॉरिडोर की सौगात मिल रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन कई मायनों में विशेष है। एक ओर जहां दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर के रूप में उत्तराखंड की विकास यात्रा को नई गति मिल रही है, वहीं यह अवसर भीमराव अंबेडकर की जयंती का भी है। उन्होंने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने सामाजिक सौहार्द एवं समरसता को मजबूत करने के लिए वंचित वर्ग को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया है।

मुख्यमंत्री ने देशवासियों को बैसाखी और सिख नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हमारे सांस्कृतिक वैभव और कृषि परंपराओं का प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने बीते वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है। 2014 के बाद भारत ने आधारभूत संरचना, अर्थव्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री ने 21वीं सदी का तीसरा दशक, उत्तराखंड का दशक बताकर सभी का उत्साहवर्धन किया। प्रधानमंत्री ने सीमांत गांव माणा में आकर उसे देश का प्रथम गांव घोषित किया, इन्वेस्टर समिट के उद्घाटन पर वेड इन उत्तराखंड का संदेश दिया। आदि-कैलाश का दर्शन कर इस तीर्थ को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई, राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन से देवभूमि को खेलभूमि के रूप पहचान दिलाई, हर्षिल मुखबा से शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा दिया एवं रजत जयंती वर्ष के अवसर पर अगले 25 वर्षों के लिए राज्य को एक नया विजन दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उत्तराखंड देश का श्रेष्ठ राज्य बनने के लिए अपने विकल्प रहित संकल्प के साथ "विकास भी और विरासत भी" की अवधारणा के अनुरूप प्रत्येक क्षेत्र में कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन का समापन अब रफ्ता-रफ्ता नहीं, पूरी रफ्तार के साथ आगे बढ़ रहा है भारत, अब नक्सलवाद, उग्रवाद और आतंकवाद से जीत रहा है भारत, अब अर्थव्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार के साथ-साथ नवाचार में भी कीर्तिमान बना रहा है भारत कविता से किया।

मुख्यमंत्री ने कविता के माध्यम से प्रधानमंत्री के नेतृत्व, विकास कार्यों और जनसेवा के प्रति उनके समर्पण को सराहा और आभार व्यक्त किया।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को नंदा राजजात यात्रा पर आधारित स्मृति चिन्ह भेंट किया, जिसमें मां नंदा की डोली, यात्रा की अगुवाई करते खाडू तथा स्थानीय लोगों का सुंदर चित्रण किया गया है।

---

# पीएम-सीएम की फिर दिखी मजबूत बांडिंग


## प्रधानमंत्री मोदी ने पुष्कर धामी को बताया-लोकप्रिय, कर्मठ और युवा मुख्यमंत्री

**एस. आलम अंसारी**

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मजबूत बांडिंग एक बार फिर दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर के लोकार्पण उत्सव में नजर आई। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री धामी के लिए लोकप्रिय, कर्मठ और युवा जैसे शब्दों का प्रयोग किया। जिस वक्त केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जनसभा को संबोधित कर रहे थे, उस दौरान मोदी-धामी के बीच किसी विषय पर वार्तालाप हुआ। मुख्यमंत्री की बात को गौर से सुनते हुए प्रधानमंत्री दिखाई दिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मंगलवार को अपने 28 वें दौरे पर उत्तराखंड पहुंचे। इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साढे चार साल के कार्यकाल में उनका यह 18वां दौरा रहा।

इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी उत्तराखंड की युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को किस हद तक पसंद करते हैं। जब भी प्रधानमंत्री उत्तराखंड के दौरे पर आए तब तक उन्होंने मंच से मुख्यमंत्री धामी की खुलकर तारीफ की और अनेक बार थपथपा कर उनका हौसला बढ़ाया है। दिल्ली देहरादून इकोनामिक कॉरिडोर के उद्घाटन अवसर पर भी प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री धामी की कई बार तारीफ की। सीएम धामी भी कह चुके हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड से कर्म और मर्म का रिश्ता रहा है।



■ मुख्यमंत्री धामी के साढ़े चार के कार्यकाल में प्रधानमंत्री 18वें दौरे पर आए उत्तराखण्ड ■ पीएम मोदी ने हर बार अपने उत्तराखण्ड भ्रमण के दौरान मंच से की सीएम की तारीफ, कभी कंधे पर हाथ रखकर तो कभी पीठ थपथपाकर हौसला बढ़ाया

उत्तराखंड उनके हृदय में बसता है। उनके दौरे को लेकर देवभूमि वासियों में भारी उत्साह है। मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उत्तराखंड में अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। दो लाख करोड़ से अधिक की विकास योजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। कनेक्टिविटी के क्षेत्र में क्रांति आई है। चारधाम ऑलवेदर रोड परियोजना, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, केदारनाथ एवं हेमकुंट साहिब रोपवे परियोजना, देहरादून-दिल्ली एलिवेटेड रोड जैसी बड़ी परियोजनाओं को उन्होंने स्वीकृति दी है। आज पीएमजीएसवाई के तहत दूरदराज ग्रामीण इलाकों में सड़कों के निर्माण के साथ ही हवाई और रेल सेवाओं का विस्तार हुआ है। रोप-वे परियोजनाओं पर तेजी से काम आगे बढ़ा है। मुख्यमंत्री धामी ने दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर के अवसर पर अपने उद्बोधन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की ओर से उत्तराखण्ड को दिए जा रहे सहयोग के लिए कई बार उनका आभार जताया। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि 2027 में होने वाले चुनाव में वे फिर से कमल खिलाकर भाजपा की सरकार बनाएंगे।

# उत्तराखण्ड के विकास को नई गति दिल्ली देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर: गडकरी



■ सड़क परिवहन, राजमार्ग मंत्री ने रखा विकास परियोजनाओं का विवरण ■ केंद्र सरकार के सहयोग से उत्तराखण्ड में चल रहा करीब एक लाख 30 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट पर काम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने अपने संबोधन में कहा कि दिल्ली देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर उत्तराखण्ड के विकास को नई गति प्रदान करेगा। उन्होने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से उत्तराखण्ड में करीब एक लाख 30 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है।

गडकरी ने कहा कि सहारनपुर बाईपास से हरिद्वार तक 51 किलोमीटर छह लेन रोड़ का भी जून में उद्घाटन होने जा रहा है। इसी तरह 1650 करोड़ के लागत से पौंटा साहिब से देहरादून फोर लेन मार्ग अगले महीने तक शुरु हो जायेगा। 1600 करोड़ की लागत से हरिद्वार में फोर लेन ग्रीन फील्ड बाईपास फेज-1 अक्टूबर, 2026 तक पूरा हो जायेगा, जिससे हरिद्वार और ऋषिकेश जाने में ट्रेफिक जाम की समस्या हल होगी। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने 1100 करोड़ की लागत से ऋषिकेश बाईपास परियोजना को भी मंजूरी प्रदान कर दी है, जिस पर अगस्त तक काम शुरू हो जायेगा।

उन्होंने कहा कि 1050 करोड़ की लागत से 21 किमी. लम्बा रूद्रपुर में फोरलेन बाईपास इसी साल अक्टूबर और 936 करोड़ की लागत से 15 किमी. लम्बा काशीपुर से फोरलेन बाईपास दिसंबर 2026 में पूरा होगा। साथ ही 716 करोड़ की लागत से 12 किमी. लम्बा देहरादून - झाझरा - आशारोड़ी फोर लेन एलिवेडेट रोड़ अगले साल अप्रैल और 745 करोड़ की लागत से 20 किमी. लम्बा भानियावाला, जौलीग्रांट से ऋषिकेश तक फोर लेन मार्ग अप्रैल 2028 तक पूरा होगा। साथ ही साथ 800 करोड़ की लागत से श्रीनगर में भी टू लेन बाईपास की भी डीपीआर बन रही है। उन्होंने कहा कि पहले हमें मानसरोवर यात्रा के लिए नेपाल और चीन से होकर जाना पड़ता था। लेकिन अब 5200 करोड़ रूपये की लागत से टनकपुर-पिथौरागढ़ होकर लिपुलेख तक मार्ग बनाया जा रहा है।

370 किमी लंबे इस प्रोजेक्ट में से करीब 200 किमी. का कार्य पूरा हो चुका है।इसी तरह 12 हजार करोड़ की लागत से निर्माणाधीन 825 किमी लंबी चारधाम सड़क परियोजना में 640 किमी. का काम पूरा हो चुका है। 1300 करोड़ की लागत से रूद्रप्रयाग से गौरीकुंड तक का कार्य दिसम्बर 2026 तक शुरू किया जायेगा। इसके साथ-साथ गंगोत्री धाम जाने के लिए 142 किमी का काम पूरा हुआ है और बाकी 100 किमी. का काम चरणबद्ध तरीके से हो रहा है।

# 22 अप्रैल को बाबा तुंगनाथ, 21 मई को मदमहेश्वर के खुलेंगे कपाट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** पंचकेदारों में तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ एवं द्वितीय केदार भगवान मदमहेश्वर के कपाट खुलने की तिथियां वैशाखी पर्व पर शीतकाल. ीन गद्दी स्थलों में पंचांग गणना के अनुसार विधिवत घोषित कर दी गई हैं।

घोषित कार्यक्रम के अनुसार भगवान तुंगनाथ के कपाट 22 अप्रैल को मिथुन लग्न में तथा भगवान मदमहेश्वर के कपाट 21 मई को कर्क लग्न में ग्रीष्मकाल के लिए श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे।

भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह उत्सव डोली 20 अप्रैल को मक्कूमठ से रवाना होकर प्रथम रात्रि प्रवास हेतु भूतनाथ मंदिर पहुंचेगी, जहां नए अन्न का भोग अर्पित कर पारंपरिक पुणखी मेले का आयोजन किया जाएगा। 21 अप्रैल को डोली विभिन्न पड़ावों से होते हुए चोपता पहुंचेगी तथा 22 अप्रैल को चोपता से प्रस्थान कर तुंगनाथ धाम पहुंचेगी, जहां



■ तुंगनाथ व मदमहेश्वर धाम के कपाट खुलने की तिथियां घोषित ■ 20 अप्रैल को मक्कूमठ से रवाना होगी तुंगनाथ की डोली ■ 19 मई को मदमहेश्वर की डोली ओंकारेश्वर मंदिर से होगी रवाना

विधि-विधान के साथ कपाट खोले जाएंगे। वहीं भगवान मदमहेश्वर की उत्सव डोली से संबंधित कार्यक्रम 17 मई से ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में शुरू होंगे। इस दिन उत्सव मूर्तियां गर्भगृह से सभा मंडप में विराजमान होंगी और नए अन्न का भोग अर्पित किया जाएगा। 18 मई को डोली दर्शन होंगे। 19 मई को डोली ओंकारेश्वर मंदिर से प्रस्थान कर डगवाड़ी, ब्राह्मणखोली, मंगोलचारी, सलामी, फापंज, मनसूना, राऊलैंक व उनियाणा होते हुए रात्रि प्रवास हेतु राकेश्वरी मंदिर रांसी पहुंचेगी। 20 मई को डोली रांसी से गौंडार गांव पहुंचेगी और 21 मई को बनतोली, खटारा, नानौ, मैखंभा व कुंचट्टी होते हुए मदमहेश्वर धाम पहुंचेगी, जहां कर्क लग्न में कपाट खोल दिए जाएंगे।

वैशाखी पर्व पर ओंकारेश्वर मंदिर में बूढ़ा मदमहेश्वर के पुष्पक विमान ने भक्तों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने जौ की हरियाली सहित विभिन्न पुष्प अर्पित कर विश्व समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में मंदिर समिति के पदाधिकारी, पुजारीगण, प्रशासनिक अधिकारी, वेदपाठी, हक-हकूकधारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## केदारनाथ यात्रा के अंतिम पड़ाव गौरीकुंड स्थित गौरामाई के कपाट खुले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा की आध्यात्मिक शुरुआत के तहत गौरीकुंड स्थित मां गौरी माई मंदिर के कपाट बैसाखी पर्व के शुभ अवसर पर विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। कपाट खुलने के साथ ही पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है।

केदारनाथ यात्रा के प्रमुख पड़ाव गौरीकुंड में स्थित मां गौरी माई मंदिर के कपाट मंगलवार प्रात: आठ बजे विधिवत पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं श्रद्धालु मौजूद रहे और माता के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। परंपरा के अनुसार बैसाखी पर्व की सुबह गौरी गांव स्थित मां गौरी मंदिर में आचार्य गणों द्वारा पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात माता की भोग मूर्तियों को कंडी में सजाकर गौरीकुंड स्थित गौरीमाई मंदिर तक लाया गया। मंदिर पहुंचने पर कुल पुरोहित, मंदिर समिति एवं हक-हकूकधारियों की मौजूदगी में कपाट खोले गए, जो अब छह माह तक भक्तों के दर्शनार्थ खुले रहेंगे।

मंदिर प्रबंधक कैलाश बगवाड़ी ने बताया कि परंपरानुसार सभी धार्मिक विधियों के बाद कपाट खोले गए हैं। गौरतलब है कि आगामी 22 अप्रैल को बाबा केदारनाथ धाम के कपाट भी आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। इसके लिए प्रशासन एवं मंदिर समिति द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

इस अवसर पर गौरीकुंड नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष रामचन्द्र गोस्वामी ने कहा कि मां गौरामाई के कपाट खुलने से श्रद्धालुओं का छह माह का इंतजार समाप्त हो गया है। जल्द ही शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ से डोली रवाना होगी। उन्होंने बताया कि स्थानीय व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों को सजा दिया है और इस वर्ष यात्रा में नए रिकॉर्ड बनने की उम्मीद है। इस मौके पर पुजारी कुलपुरोहित विमल जमलोकी, मठाधीश संपूर्णानंद, प्रधान कुसुम देवी, सरपंच मुकेश गोस्वामी, महिला मंगल दल अध्यक्ष माहेश्वरी देवी सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# शिक्षित बनो, संगठित रहो व संघर्ष करो का मंत्र आज भी प्रासंगिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ श्रीनगर में बाबा साहेब की 135वीं जयंती पर भव्य रैली

**श्रीनगर।** संविधान निर्माता और भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को श्रीनगर में भीम आर्मी भारत एकता मिशन और वाल्मीकि समाज के तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत नैथाणा पुल स्थित पार्क में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद रामलीला मैदान से एक विशाल रैली निकाली गई, जो गणेश बाजार, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली मार्ग, गुरुद्वारा रोड, सब्जी मंडी और गोला पार्क होते हुए कार्यक्रम स्थल रामलीला मैदान पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वाल विश्व. विद्यालय के मुख्य नियंता प्रो. दीपक कुमार ने कहा कि सदियों से वंचित समाज को मुख्यधारा में लाने के लिए संविधान लागू होने के 76 वर्ष बाद भी निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने बाबा साहेब के शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो के संदेश को आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक बताया। भौतिकी विज्ञान विभाग के डॉ. आलोक सागर गौतम ने कहा कि देश में जल संसाधन प्रबंधन और महिलाओं के अधिकारों को मजबूत आधार देने में बाबा साहेब की दूरदर्शिता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वहीं डॉ. दलीप मौर्य ने कहा कि बाबा साहेब केवल एक वर्ग के नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के प्रेरणास्रोत हैं। कांग्रेस नगर अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल ने बाबा साहेब को देश को एकजुट रखने वाली शक्ति बताया और वर्तमान राजनीति में बढ़ती वैमनस्यता पर चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम में भीम आर्मी के जिला संरक्षक बिहारी लाल, नगर अध्यक्ष मनोज वाल्मीकि, प्रो. ओम प्रकाश, दिनेश असवाल, झाबर सिंह, रमेश प्रकाश शाह, प्रमेश जोशी, डॉ. देवेंद्र सिंह, दाता राम आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने एक पेटी शराब के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ एसएसपी के निर्देश पर हुई कार्रवाई

**कोटद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी के निर्देशों के क्रम में ऑपरेशन प्रहार के तहत नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत कोटद्वार पुलिस द्वारा अवैध शराब की तस्करी व खरीद-फरोख्त में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में सोमवार देर रात को कोटद्वार पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए कलालघाटी क्षेत्रांतर्गत एक अभियुक्त सुनील कुमार, उम्र-37 वर्ष, पुत्र बालकृष्ण, निवासी- कलालघाटी कोटद्वार जनपद पौडी गढवाल को उत्तराखंड मार्का अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया हैं, इस दौरान पुलिस द्वारा अभियुक्त सुनील कुमार के कब्जे से 60 पव्वे बरामद किए। इस संबंध में कोतवाली कोटद्वार पर अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई।

# बैसाखी पर्व पर देवलगढ़ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** बैसाखी पर्व पर देवलगढ़ स्थित सिद्धपीठ राजराजेश्वरी मंदिर परिसर में आयोजित बीखोत मेले में बड़ी संख्या में भक्त की भीड उमड़ी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां गौरा देवी मंदिर में पूजा अर्चना कर आर्शीवाद लिया।

कटलस्यू और चलनस्यु पट्टी के दर्जनों गांव के ग्रामीणों के साथ अन्य क्षेत्रों से भी लोग यहाॅ दर्शन के लिए पहुंचें। देवलगढ मंदिर में क्षेत्र की ईष्ट देवी राजराजेश्वरी की पूजा अर्चना के साथ मेले का शुभारंभ किया गया। देवलगढ़ स्थित राजराजेश्वरी मंदिर में गौरा देवी की डोली करीब 3 बजे पहुंची। करीब चार माह मायके (सुमाड़ी) में रहने के बाद बैसाखी के दिन मां गौरादेवी ससुराल (बुघाणी) लौटतीं हैं। इस मौके पर श्रीराजराजेश्वरी व गौरादेवी मंदिर में विशेष हवन, पाठ किया गया। जहां बड़ी संख्या में



श्रद्धालुओं ने पहुंचकर रोग व्याधि, दुख, दरिद्रता, संतान सुख, वैभव, कीर्ति, यश व ज्ञान के लिए प्रार्थना कि गई। इस दौरान मंदिर परिसर में माॅ राजराजेश्वरी की डोली को भी झुलाया गया। देवलगढ़ मंदिर के पुजारी कुंजिका प्रसाद उनियाल ने बताया कि मेले में बुघाणी व सुमाड़ी गांव का विशेष महत्व है। इस मेले को लेकर लोगों में बड़ा उत्साह रहता है। पूरे साल भर इस मेले का लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है। मेले का आयोजन बुघाणी गांव (ससुराल पक्ष) द्वारा कराया जाता है। जब सुमाड़ी गांव (मायका पक्ष) के ग्रामीण देवलगढ पहुॅचते हैं तो तब राजराजेश्व. री को झूला झुलाया जाता हैं। देवलगढ़ में प्रत्येक वर्ष बैसाखी मेले का आयोजन बड़े स्तर पर किया जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस पर्व को ध्याणी मेले के नाम से भी माना जाता है। गाँव-गाँव से ढोल दमाऊँ के साथ जत्थे माँ गौरा के प्रांगण में पहुँचते है। बैशाखी के दिन यहाँ बड़े मेला का आयोजन होता है। इस दिन गौरा देवी को हिंडोला पर मंदिर से बाहर लाया जाता है और माँ गौरा के प्रांगण में बुघाणी ग्राम के लोगों द्वारा जै कारों के साथ हिंडोला (झूला) झुलाया जाता है। इस मौके पर पुजारी शक्ति प्रसाद उनियाल, पंकज उनियाल, दीपक उनियाल, दीपक पुण्डीर सहित आदि मौजूद थे।

## एक नजर .......

### धरने में बैठे आइसा छात्र संगठन ने डा. अम्बेडकर को दी श्रद्धांजलि

**श्रीनगर।** गढ़वाल विवि में पुस्तकालय की टाइमिंग को बढाने जाने को लेकर आइसा छात्र संगठन का धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। छात्रों पुस्तकालय एवं रीडिंग रूम दोनों जगह में पिछले 30 घण्टों से अध्ययन करते रहे। इस मौके पर भारत रत्न डा. भीम राव अंबेडकर जयंती के अवसर पर आंदोलन में शामिल छात्रों द्वारा धरने के बीच ही बाबा साहब अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर धरने के नेतृत्व कर रहे छात्र संघ उपाध्यक्ष शिवांक नौटियाल ने कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर ने कहा था शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो और आज ये धरना डा. अम्बेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि है। कहा कि हम सभी पुस्तकालय में पढ़ने वाले छात्र संगठित होकर लाइब्रेरी की सभी मांगों को पूरा करवाएंगे व जब तक विश्वविद्यालय प्रशासन हमारी मांगों पर कार्यवाही नहीं करता आंदोलन इसी प्रकार जारी रहेगा। इस मौके पर पूर्व छात्रा प्रतिनिधि प्रियंका खत्री, पूर्व उपाध्यक्ष रॉबिन सिंह असवाल, आइसा नगर अध्यक्ष अरुणेश, उपाध्यक्ष युवराज, प्रिंस, सचिव प्रवेश बुटोला सहित आदि मौजूद थे।

### भाषण में दीक्षा और पेंटिंग प्रतियोगिता में अभिनव प्रथम

**श्रीनगर।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज, मंजाकोट (चौरास) में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं की दीक्षा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि कक्षा 10वीं के संदीप एवं कक्षा 8वीं के मनीष ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान हासिल किया। कक्षा 11वीं की सुनाक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं के अभिनव ने प्रथम तथा कक्षा 9वीं के आशीष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य प्रमोद तिवारी ने सभी से डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षक डॉ. अशोक बडोनी, मनीष चमोली, मनोज आर्य, देवेन्द्र रमोला, मदन रावत, पुष्पा चौहान, बसंती बुटोला एवं किरन घिल्डियाल, योगेश बहुगुणा सहित आदि मौजूद थे।

### बाबा साहब अंबेडकर जयंती पर श्रीनगर में किया 30 यूनिट रक्तदान

**श्रीनगर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन (एनएमओ) द्वारा बेस चिकित्सालय के ब्लड बैंक में मंगलवार को रक्तदान शि. विर का आयोजन किया गया। शि. विर में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। शिविर में कुल 30 यूनिट रक्तदान किया गया,



जिसमें मुख्य रूप से एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अभिषेक, सिमरन, कनिष्का, खुशबू, श्याम, हिमांशी, ऋषु, कुणाल, विनीत और पूजा सहित कई अन्य विद्यार्थियों ने सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज सेवा की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। मौके पर ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. सतीश कुमार, डॉ. दीपा हटवाल, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. एएन पांडेय, एनएमओ के अखिल भारतीय अध्यक्ष डॉ. सीबी त्रिपाठी, डा. अमन भारद्वाज सहित आदि मौजूद थे।

# अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का रखा मौन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ फायर स्टेशन परिसर में शहीद अग्निशमन कर्मियों को किया गया याद

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में मंगलवार से "अग्नि सेवा सप्ताह-2026" का विधिवत शुभारम्भ हो गया है। यह अभियान 20 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष की थीम "सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरुक समाज आग की रोकथाम के लिए एक साथ" निर्धारित की गई है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ फायर स्टेशन रुद्रप्रयाग परिसर में पुलिस उपाधीक्षक विकास पुण्डीर के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान वर्ष 1944 के मुंबई डॉक विस्फोट में कर्तव्य पालन करते हुए शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा अग्नि सुरक्षा की शपथ ली।

इसके उपरांत अग्नि सुरक्षा के प्रचार-प्रसार को लेकर जन-जागरुकता रथों को हरी झंडी दिखाकर जनपद के विभिन्न कस्बों एवं दूरस्थ क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया। वहीं, सप्ताह के पहले दिन प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गणनाथ सिंह बिष्ट के नेतृत्व में फायर स्टेशन टीम द्वारा रुद्रप्रयाग मुख्य बाजार, अगस्तमुनि सहित अन्य संवेदनशील स्थानों पर जागरुकता रैली निकाली गई। बैनर एवं पंपलेट के माध्यम से आमजन को आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

# बैसाखी पर गुरु दत्तात्रोय मंदिर निर्माण का हुआ भव्य शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ उत्तरकाशी में आस्था के संग उमड़ा जनसैलाब

**उत्तरकाशी।** जिला मुख्यालय के बाड़ाहाट स्थित चमाला की चौंरी क्षेत्र में बैसाखी के पावन अवसर पर गुरु दत्तात्रेय मंदिर के जीर्णोद्धार एवं निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ हो गया है। मंगलवार को श्रद्धा और उत्साह पूर्वक हुआ है। इस दौरान क्षेत्र में भक्ति और आध्यात्मिकता का अनूठा संगम देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को भव्य बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से भूमि पूजन के साथ हुई, जो हरि महाराज के सान्निध्य और कंडार देवता के आशीर्वाद में संपन्न हुआ। देव डोलियों की गरिमामयी उपस्थिति और पारंपरिक अनुष्ठानों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शुभ मुहूर्त में मंदिर की नींव स्थापना की प्रक्रिया भी संपन्न कराई गई। इस अवसर पर गांवों से आए श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों, सामा. जिक कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अपेक्षा से अधिक भीड़ उमड़ने से क्षेत्र में इस मंदिर के प्रति लोगों की गहरी आस्था और जुड़ाव साफ नजर आया। कार्यक्रम के उपरांत मंदिर निर्माण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें निर्माण कार्य, सहयोग व्यवस्था और समिति की कार्यप्रणाली पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर इस पवित्र कार्य को सफल बनाने का संकल्प लिया और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मंदिर निर्माण कार्य को पारदर्शिता और जनसहभागिता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि यह पहल आदर्श उदाहरण बन सके। एकता व सहयोग की भावना से शुरू हुआ यह कार्य आने वाले समय में क्षेत्र के लिए एक पहचान स्थापित करेगा।

# रिहायशी क्षेत्र के समीप खाली प्लॉट में लगी भीषण आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ फायर यूनिट की त्वरित कार्रवाई, बड़ा हादसा टला

**कोटद्वार।** मंगलवार सुबह फायर स्टेशन कोटद्वार को सूचना प्राप्त हुई कि तिवारी गली, बीईएल रोड कोटद्वार स्थित एक खाली प्लॉट में आग लगी हुई है, जो तेजी से आसपास के आवासीय भवनों की ओर फैल रही है।

सूचना प्राप्त होते ही फायर यूनिट बिना विलंब किए तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंचने पर पाया गया कि आग विकराल रूप धारण कर नजदीकी घरों की ओर तेजी से बढ़ रही थी, जिससे क्षेत्र में खतरे की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। फायर टीम द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए एमएफई से पंपि. ंग कर होज रील के माध्यम से आग बुझाने का कार्य प्रारंभ किया गया। साथ ही कठिन परिस्थितियों में भी समन्वित प्रयासों के चलते प्लॉट में लगी आग पर पूर्णत: काबू पा लिया गया। उक्त घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। फायर यूनिट की त्वरित, कुशल एवं प्रभावी कार्रवाई के चलते एक संभावित बड़ी दुर्घटना को सफलतापूर्वक टाल दिया गया।

# एसपी चमोली ने किया फायर स्टेशन का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** आगामी चारधाम यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए चमोली पुलिस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में आज पुलिस अधीक्षक चमोली, सुरजीत सिंह पँवार द्वारा फायर स्टेशन गोपेश्वर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। एसपी ने स्पष्ट किया कि यात्रा के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए रिस्पॉन्स टाइम कम से कम होना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने फायर स्टेशन परिसर, बैरक, भोजनालय और एमटी गैराज की साफ-सफाई देखी। उन्होंने



वाचरूम में स्थापित संचार उपकरणों की कार्यप्रणाली को बारीकी से परखा। विशेष रूप से, एसपी ने फायर कर्मियों से मौके पर ही अग्निशमन एवं आपदा उपकरणों का संचालन करवाया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी वाहन और आपदा प्रबंधन संसाधन हर समय श्रेडी टू मूवश मोड में रहें। चारधाम यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए एसपी पँवार ने प्रभारी फायर स्टेशन को जनपद के सभी होटलों, होमस्टे और धर्मशालाओं का अनिवार्य फायर सेफ्टी ऑडिट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए ताकि यात्रियों के ठहरने के स्थानों पर अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। आगामी फायर सीजन को देखते हुए एसपी ने वनाग्नि की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए संबंधित विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा चमोली की विषम भौगोलिक परिस्थितियों में आपदा और अग्नि घटनाओं की संवेदनशीलता बनी रहती है। चारधाम यात्रा के दौरान फायर सर्विस की भूमिका महत्वपूर्ण है। सभी अधिकारी और कर्मचारी शारीरिक व मानसिक रूप से तैयार रहें ताकि श्रद्धालुओं को एक सुरक्षित वातावरण मिल सके।

# केदारनाथ यात्रा व्यवस्थाओं का आईजी ने लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** 22 अप्रैल से प्रारम्भ होने जा रही केदारनाथ धाम यात्रा को लेकर पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। यात्रा से पूर्व सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं पुलिस बल की सुविधाओं का जायजा लेने के ए पुलिस महानि. रीक्षक (साइबर/एसटीएफ) नीलेश आनन्द भरणें ने जनपद रुद्रप्रयाग में विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया।

आईजी भरणें ने जनपद सीमा से जवाड़ी बाईपास, सीतापुर, सोनप्रयाग होते हुए गौरीकुण्ड तक यात्रा मार्ग का निरीक्षण कर यातायात, पार्किंग एवं पुलिस व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके पश्चात केदारनाथ धाम



■ पुलिस महानिरीक्षक नीलेश आनन्द भरणें ने किया केदारपुरी का व्यापक निरीक्षण

पहुंचकर मंदिर परिसर, रजिस्ट्रेशन काउंटर, हेलीपैड एवं पुलिस चौकी में सुरक्षा एवं आवासीय व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया तथा पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने आईटीबीपी एवं पुलिस जवानों से संवाद कर वर्तमान चुनौतियों की जानकारी ली। गौरीकुण्ड क्षेत्र में पैदल मार्ग, घोड़ा पड़ाव, शटल सेवा एवं तप्तकुण्ड का निरीक्षण करते हुए प्रभावी पुलिस प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही चौकी गौरीकुण्ड, कोतवाली सोनप्रयाग एवं एसडीआरएफ कैम्प में पुलिस बल की सुविधाओं का भी जायजा लिया गया। सीतापुर एवं सोनप्रयाग पार्किंग स्थलों का निरीक्षण कर वाहनों की सुचारु एंट्री-एग्जिट एवं भीड़ नियंत्रण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग नीहा. रिका तोमर ने अवगत कराया कि पूरे यात्रा मार्ग को तीन सुपर जोन, 17 जोन एवं 47 सेक्टर में विभाजित किया गया है, जबकि यातायात प्रबंधन हेतु 2 सुपर जोन एवं 4 ट्रैफिक जोन बनाए गए हैं। आईजी भरणें ने यात्रा के दौरान ड्रोन एवं सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, अफवाहों पर नियंत्रण तथा हेलीकॉप्टर टिकटों के नाम पर होने वाली ठगी रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस बल को श्रद्धालुओं के साथ मृदु व्यवहार रखने, उन्हें मौसम एवं यात्रा संबंधी आवश्यक जानकारी देने तथा गूगल ट्रांसलेटर जैसे तकनीकी साधनों का उपयोग कर बाहरी राज्यों से आए यात्रियों की सहायता करने को भी कहा। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक विकास पुण्डीर, प्रभारी निरीक्षक सोनप्रयाग राकेन्द्र कठैत, प्रभारी निरीक्षक गुप्तकाशी राकेश कुमार, चौकी प्रभारी गौरीकुण्ड रघुवीर सिंह रावत सहित पुलिस बल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला कांग्रेस ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** संविधान निर्माता, सामाजिक न्याय और समानता के प्रणेता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय गोपेश्वर स्थित कांग्रेस कार्यालय में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

बद्रीनाथ विधानसभा के विधायक लखपत बुटोला तथा जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार डिमरी की विशेष उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। विधायक बुटोला ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. आंबेडकर ने न केवल देश को एक सशक्त संविधान दिया, बल्कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने का मार्ग भी प्रशस्त किया। जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार डिमरी ने कहा कि बाबा




साहेब के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और वे समानता व न्याय के सबसे बड़े प्रतीक हैं। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष योगेंद्र बिष्ट,ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद सिंह सजवाण,वरिष्ठ जिलाउपाध्यक्ष आनंद सिंह पंवार,जिला महामंत्री: संदीप झिंक्वाण,जिला संरक्षक (से.नि. कर्मचारी-शिक्षक संगठन) राजेन्द्र सिंह रावत ,मदन लोहानी, नगर पार्षद मनमोहन नेगी, ब्लॉक महामंत्री रविन्द्र बर्त्वाल, क्षेपंस कैलाश चंद्र, व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री गोपाल सिंह रावत एवं वरिष्ठ कांग्रेसी प्रदीप नेगी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# देवभूमि में पीएम मोदी का भव्य स्वागत, 12 किमी लंबे रोड शो में बड़ी संख्या में उमड़े लोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर के लोकार्पण के अवसर पर देहरादून पहुंचे, जहां उनका भव्य और ऐतिहासिक स्वागत हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री ने प्रसिद्ध डाट काली मंदिर में पूजा-अर्चना से की, जहां उन्होंने देश और उत्तराखंड की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

इसके बाद प्रधानमंत्री ने देहरादून कैंट स्थित सभा स्थल तक लगभग 12 किलोमीटर लंबा रोड शो किया। यह रोड शो कई मायनों में खास रहा, क्योंकि बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री द्वारा किया गया यह अब तक का सबसे लंबा रोड शो है। रोड शो के दौरान सड़कों के दोनों ओर हजारों की संख्या में युवा, महिलाएं और आमजन मौजूद रहे। "भारत माता की जय" के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला






और हर कोई प्रधानमंत्री की एक झलक पाने को उत्सुक नजर आया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हाथ जोड़कर और हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। जनता के इस अपार प्रेम और समर्थन से वे बेहद प्रसन्न और उत्साहित दिखाई दिए।अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने इस

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, देवभूमि से मिलती है ऊर्जा

अभूतपूर्व स्वागत का जिक्र करते हुए कहा कि देवभूमि उत्तराखंड से उन्हें हमेशा विशेष ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों का स्नेह और आशीर्वाद उन्हें देश के विकास के लिए और अधिक प्रेरित करता है, और वे इस बार भी उत्तराखंड से नई ऊर्जा लेकर जा रहे हैं।प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में रोड शो में उमड़े जन सैलाब और लोगों के प्यार पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि 12 किलोमीटर लंबे रोड शो में जनता का प्यार देखते हुए वह तेजी से वाहन चलवाकर जनसभा में नहीं पहुंच पाए। लोगों का अभिवादन करने के लिए उनके वाहन को हल्के हल्के चलाया गया और इस कारण जनसभा में पहुंचने में एक घंटे से अधिक का विलंब हो गया। इसके लिए उन्होंने जनसभा में उपस्थित लोगों से क्षमा मांगी।

यह भव्य रोड शो न केवल इकोनॉमिक कॉरिडोर के महत्व को दर्शाता है, बल्कि उत्तराखंड की जनता और प्रधानमंत्री के बीच गहरे जुड़ाव को भी प्रदर्शित करता है।

## एक नजर .......



### पीएम ने एक्सप्रेसवे के निर्माण में मां डाटकाली के आशीर्वाद का किया जिक्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

देहरादून।एक्सप्रेस वे के निर्माण में मां डाटकाली के आशीर्वाद का प्रधानमंत्री ने खास तौर पर जिक्र किया, ये भी जोड़ा कि देहरादून पर मां डाटकाली की कृपा है। उत्तराखंड से लगे उत्तर प्रदेश के क्षेत्र में स्थित संतला माता मंदिर का भी उन्होंने स्मरण किया। प्रधानमंत्री ने हरिद्वार कुंभ, नंदा राजजात से लेकर पंच बदरी, पंच केदार, पंच प्रयाग का भी प्रभावपूर्ण जिक्र कर जबरदस्त लोकल कनेक्ट किया।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो के दौरान पूरे उत्साह और उल्लास के साथ उनका स्वागत करते हुए मुस्लिम समाज के लोग




दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर के लोकार्पण समारोह के दौरान पीएम मोदी से कुछ इस अंदाज में मिलते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी।



प्रधानमंत्री रोड शो के दौरान सांस्कृतिक दलों ने भी आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।

# डबल इंजन का दम: चार साल में उत्तराखंड के विकास को मिली नई रफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से बीते चार वर्षों के दौरान उत्तराखंड में विकास परियोजनाओं को अभूतपूर्व गति मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में डबल इंजन की अवधारणा जमीन पर उतरी है। वर्तमान में ही केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में दो लाख करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं पर काम चल रहा है।

केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में सड़क, रेल, हवाई कनेक्टिविटी, पर्यटन, स्वास्थ्य, धार्मिक एवं औद्योगिक क्षेत्रों में ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। चारधाम यात्रा को सुगम बनाने के लिए ऑल वेदर रोड परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है, वहीं अब दिल्लीख्रदेहरादून एक्सप्रेस वे के शुरु हो जाने से प्रदेश की कनेक्टिविटी को नया आयाम मिला है।

इस समय सितारगंज से टनकपुर, पौंटा साहिब- देहरादून, भानियावाला - ऋषिकेश, काठगोदाम लालकुंआ-हल्द्वानी बाईपास और रूद्रपुर बाईपास पर भी अलग- अलग चरण में




काम चल रहा है।

ऋषिकेशख्रकर्णप्रयाग रेल परियोजना तेजी से पूर्णता की ओर बढ़ रही है, इसके साथ ही केंद्र सरकार ने 48 हजार करोड़ रुपये की टनकपुर - बागेश्वर रेल लाइन परियोजना को भी मंजूरी प्रदान कर दी है। प्रदेश में 11 रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन के रूप में विकसित करने के लिए भी कार्य किया जा रहा है।

**अन्य परियोजनाएं:** केंद्र सरकार के सहयोग से बहुप्रतीक्षित जमरानी, सौंग एवं लखवाड़ बांध परियोजनाओं पर काम चल रहा है, इससे हल्द्वानी के साथ ही देहरादून की पेयजल और सिंचाई व्यवस्था को मजबूत होगी। केंद्र सरकार के सहयोग से किच्छा में एम्स सेटेलाइट सेंटर पर काम प्रारंभ हो चुका है, इसी तरह एम्स ऋषिकेश में देश की पहली हेली एम्बुलेंस सेवा प्रारंभ की गई है। प्रदेश के 226 विद्यालयों को पीएम श्री विद्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है। औद्योगिक विकास को गति देने के लिए उधम सिंह नगर में स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप विक. सित की जा रही है। सीमांत क्षेत्रों के विकास हेतु वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के अंतर्गत बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

### एयर कनेक्टिविटी

बीते चार साल में केंद्र सरकार के सहयोग से जॉलीग्रांट, पंतनगर और पिथौरागढ़ एयरपोर्ट का विस्तार किया गया। उड़ान योजना के अंतर्गत प्रदेश में 18 हेलीपोर्ट्स विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें से 12 हेलीपोर्ट्स पर हवाई सेवाएं सफलतापूर्वक प्रारंभ की जा चुकी हैं। इससे गौचर, श्रीनगर, चिन्यालीसौड़, हल्द्वानी, मुन्स्यारी, पिथौरागढ़, पंतनगर, चंपावत, बागेश्वर, नैनीताल और अल्मोड़ा जैसे शहरों के लिए हवाई सेवा शुरु की जा चुकी है। वर्ष 2022 तक राज्य में सिर्फ दो हेलीपोर्ट थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर 7 हो गई है। हेलीपैड की संख्या वर्ष 2021-22 में 60 थी जो अब बढ़कर 118 हो चुकी हैं।

### रोपवे का जाल

केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश में रोपवे विस्तार के लिए पर्वतमाला परियोजना संचालित की जा रही है। इस परियोजना के अंतर्गत रानीबाग से नैनीताल, पंचकोटी से नई टिहरी, खलियाटॉप से मुन्स्यारी, हरकी पौड़ी से चंडी देवी मंदिर, ऋषिकेश से नीलकंठ महादेव तथा औली से गौरसों तक रोपवे विकास की प्रक्रिया जारी है। केंद्र सरकार के सहयोग से गौरीकुंड से केदारनाथ धाम तक, गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक रोपवे परियोजनाओं का निर्माण भी शीघ्र प्रारंभ होने जा रहा है।

### तीर्थाटन -पयर्टन

धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में केदारनाथ एवं बद्रीनाथ धाम का पुनर्विकास कार्य तेजी से चल रहा है। मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत कुमाऊं क्षेत्र के मंदिरों का व्यापक विकास किया जा रहा है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ऋषिकेश में अंतरराष्ट्रीय स्तर का राफ्टिंग प्लेटफॉर्म विकसित किया जा रहा है, जिससे राज्य में पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिलेगी और रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

# रोजगार और पर्यटन का ग्रीन कॉरिडोर बनेगा दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का लोकार्पण कर दिया है। इसके साथ ही उत्तराखंड के लिए रोजगार और पर्यटन का ग्रीन कॉरिडोर शुरू हो गया है। अब दिल्ली- देहरादून का सफर महज ढाई घंटे का में पूरा हो जाएगा इसके साथ ही चारधाम यात्रा, कॉर्बेट एवं राजाजी नेशनल पार्क, मसूरी, टिहरी और उत्तराखंड के विभिन्न पर्यटक स्थलों पर आने वाले सैलानियों की बड़ी संख्या में तादाद बढ़ने की उम्मीद है।

यह कॉरिडोर केवल एक परिवहन परियोजना नहीं, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाला "ग्रीन कॉरिडोर" साबित होने जा रहा है। यह कॉरिडोर पहाड़ और मैदान के बीच दूरी को कम

### चारधाम यात्रा, कॉर्बेट एवं राजाजी नेशनल पार्क, मसूरी, टिहरी और उत्तराखंड के विभिन्न पर्यटक स्थलों पर आने वाले सैलानियों की बड़ी संख्या में तादाद बढ़ने की उम्मीद

करते हुए किसानों, उद्यमियों और स्थानीय उत्पादकों को सीधे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा। अब हर्षिल के प्रसिद्ध सेब, जोशीमठ और चकराता की राजमा, पुरोला के लाल चावल, तथा रुद्रप्रयाग के बुरांश का जूस जैसे पारंपरिक और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद पहले की तुलना में कहीं अधिक तेजी से और कम लागत पर बड़े शहरों तक पहुँच सकेंगे। लॉजिस्टिक लागत में कमी आने से किसानों को उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य मिलेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और आर्थिक स्थिरता आएगी। राज्य में कोल्ड स्टोरेज, वेयरहाउसिंग, फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स और एग्री-लॉजिस्टिक्स जैसे सहायक उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके माध्यम से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। इस परियोजना से परिवहन क्षेत्र, कृषि आधारित उद्योग, छोटे और मध्यम उद्योगों को गति मिलेगी। इससे पलायन की समस्या को भी काफी हद तक कम करने में मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त, यह कॉरिडोर पर्यटन क्षेत्र के लिए भी बेहद फायदेमंद सिद्ध होगा। बेहतर कनेक्टिविटी के कारण देश-विदेश के पर्यटक आसानी से उत्तराखण्ड के दूरस्थ और प्राकृतिक स्थलों तक पहुँच सकेंगे।

# खास तोहफा: खूबसूरत गलियारा, हर किसी को प्यारा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** यूं तो पूरा दिल्ली-दून एक्सप्रेस-वे ही शानदार है, लेकिन इसका 12 किलोमीटर लंबा एलिवेटड वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर अपनी तमाम खूबियों के कारण ध्यान खींचता है। यह एक ऐसा गलियारा है, जो हर किसी को प्यारा है। बेरोक-टोक घूमते वन्य जीवों की लिए यहां सुरक्षा की ऐसी गारंटी बुनी गई है, जो आश्वस्त करती है। दिल्ली-दून एक्सप्रेस वे से गुजरते हर एक यात्री के लिए भी इस कॉरिडोर को निहारना सुखद अहसास करने जैसा है।

**तीन जोन में बंटा है वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर:** दिल्ली-दून एक्सप्रेस-वे पर बनाए गए एलिवेटड वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर को भारतीय वन्य जीव संस्थान ने तीन जोन में बांटा है। इसमे गणेश. पुर, मोहंड और आसारोडी देहरादून

### दिल्ली-दून एक्सप्रेस वे पर बने एलिवेटेड वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर की बात ही निराली

#### दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे की विशेषताएं

- शामिल राज्य - दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड
- कुल लंबाई - 213 किलोमीटर, लागत - 11,963 करोड़
- 12 किलोमीटर लंबा एशिया का सबसे लंबा वाइल्ड लाफ कॉरिडोर
- 200 मीटर लंबे 2 एलिफिटेंट अंडरपास, 6 एनिमल पास
- 370 मीटर लंबी सुरंग डाटकाली के पास
- 6 लेन का एक्सेस कंट्रोल्ड कॉरिडोर, 2 आरओबी, 10 पुल, 7 इंटरचार्ज
- 2.5 घंटे में होगा दिल्ली का सफर
- 20 किलोमीटर वन क्षेत्र शामिल है एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट में
- 19 प्रतिशत ईंधन की बचत होने का अनुमान
- 1.95 लाख पेड़ लगाए गए हैं प्रतिपूरक वृक्षारोपण कार्य के लिए
- 33,840 पेड़ों का कटान बचा आधुनिक तकनीकी के प्रयोग से

तक के क्षेत्र को शामिल किया गया है। एलिवेटेड वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर की कुल लंबाई 12 किलोमीटर है।

**यूं निकली वन भूमि से कॉरिडोर की राह:** दिल्ली-दून एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट का आखिरी 20 किलोमीटर का भाग उत्तर प्रदेश के शिवालिक वन प्रभाग और उत्तराखंड के राजाजी नेशनल टाइगर रिजर्व व देहरादून वन प्रभाग के घने वन क्षेत्रों से होकर गुजरता है। राष्ट्रीय राजमार्ग-72 ए में गणेश. पुर से देहरादून तक इस प्रोजेक्ट में उत्तराखंड की 9.6224 हेक्टेयर वन भूमि का हस्तांतरण हुआ है, जबकि उत्तर प्रदेश के हिस्से वाली 47. 7054 हेक्टेयर वन भूमि हस्तांतरित करनी पड़ी है। इसके लिए दोनों राज्यों में वर्ष 2019-20 में डीपीआर तैयार की गई थी। उत्तर प्रदेश में वन भूमि हस्तांतरण की स्वीकृति 20 जुलाई 2021 को प्राप्त हुई, जबकि उत्तराखंड के लिए यह स्वीकृति 27 अप्रैल 2022 को प्रदान की गई।

#### खूबियों की झलक, एक नहीं, कई सारे लाभ

1. कॉरिडोर के निर्माण से वन्यजीवों का आवागमन अधिक सुरक्षित व सुगम हो गया है। वन्य जीवों की दुर्घटनाओं में होने वाली क्षति न्यून हो गई है। लगातार निरीक्षण में देखा गया है कि हाथी समेत नीलगाय, सांभर, लैपर्ड, जंगली सुअर और अन्य वन्य जीव इस कॉरिडोर का सहजता से उपयोग कर रहे हैं।
2. पहली बार विस्तृत भाग में नदी व वन क्षेत्र से एलिवेटेड मार्ग का निर्माण किया गया है। इस वजह से इस प्रोजेक्ट को अमली जामा पहनाने के दौरान किसी भी प्रकार का मानव विस्थापन नहीं हुआ है।
3. कॉरिडोर निर्माण से वन्य जीवों के विचरण का दायरा बढ़ने से उत्तम गुणवत्ता का वन्य जीव जीन पूल तैयार हो सकेगा।
4. पूर्व में स्थानीय लोगों द्वारा बंदरों को भोजन खिलाने की प्रवृत्ति से दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। वर्तमान में इस समस्या में उल्लेखनीय कमी आई है।
5. वन्य जीवों के सुरक्षित आवागमन की सुविधा के लिए ध्वनि व वायु प्रदूषण को न्यून किया गया है।
6. अगले 20 वर्षों में 2 .44 मिलियन टन कार्बन डाईआक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी। यह लगभग 65 लाख वृक्षों के समान है। लगभग 19 प्रतिशत ईंधन की बचत होगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# लोकार्पित कॉरिडोर देवभूमि के विकास का एक्सप्रेस वे: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने पीएम मोदी द्वारा लोकार्पण दिल्ली देहराद. ून इकोनॉमिक कॉरिडोर को देवभूमि के विकास का एक्सप्रेस वे बताया हैं।

प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने इसके लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा, अब विकसित उत्तराखंड की रफ्तार कोई कम नहीं कर सकता है। वहीं इस ऐतिहासिक सौगात पर भी मीन मेंख निकालने वाली कांग्रेस को नसीहत दी कि अब उनको भी उस विकास की आदत डाल लेनी चाहिए जिसे जनता अनुभव कर रही है।

उन्होंने मीडिया में जारी प्रतिक्रिया में कहा, आज



पीएम मोदी की ऐतिहासिक सौगात पर देवभूमि ने किया पीएम का दिल खोल कर सम्मान

बहुप्रत्याशित एक्सप्रेस वे से देहराद. ून पहुंचने के साथ ही उत्तराखंड के दशक का आगाज हो गया है। क्योंकि ये विकास का वो हाइवे है जिसपर व्यवसाय ही नही पर्यटन और स्वास्थ्य सेवाओं की गाड़ी भी तेज गति से दौड़ने वाली हैं। इसी तरह पीएम द्वारा लोकार्पित टीएचडीसी पावर प्रोजेक्ट सहित अन्य योजनाएं भी बताती हैं कि विकसित भारत निर्माण के लिए विकसित उत्तराखंड की गाड़ी ने भी रफ्तार पकड़ ली है।

उन्होंने इस दौरे को पीएम द्वारा दी आर्थिक सौगात के साथ देवभूमिवासियों की मेहमाननवाजी के लिए भी अभूतपूर्व बताया। अपने संरक्षक दुनिया के सर्वाधिक लोक. प्रिय नेता के लिए जिस तरह का जोश और उत्साह देखा गया, वह इतिहास सृजन करने वाला रहा। जितनी बड़ी सौगात आज पीएम ने उत्तराखंड को दी, उतनी ही शिद्दत से प्रदेश की जनता ने पलक पांवड़े बिछाकर उनका स्वागत किया है। जनसंख्या की दृष्टि से छोटा शहर होने के बावजूद राजधानी में आज पार्टी कार्यकर्ताओं समेत जनसमुद्र उमड़ आया। अपने प्रिय नेता की एक झलक देखने और उनके गिफ्ट पर आभार व्यक्त करने के लिए हजारों हजार लोग घंटों इंतजार करते रहे। जिसपर पीएम मोदी ने भी उन्हें निराश नहीं किया और रोड शो एवं जनसभा में शानदार संवाद स्थापित किया।

वहीं उन्होंने कांग्रेस नेताओं द्वारा मीन मेंख निकालने पर कटाक्ष किया कि उन्हें अब विकास को देखने और उसके साथ जीने की आदत डाल लेनी चाहिए। हर मुद्दे पर छपास के रोग वाली राजनीति उचित नहीं। जो सड़क या विकास योजनाएं बनी हैं, उसका लाभ सबको मिलेगा कांग्रेसियों को भी।

# सीएम धामी ने भारत रत्न अंबेडकर की जयंती पर पुष्प अर्पित कर किया भावपूर्ण स्मरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारतीय संविधान के निर्माता एवं 'भारत रत्न' बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर मुख्यमंत्री आवास में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब का सम्पूर्ण जीवन सामाजिक समरसता, समानता एवं न्याय के आदर्शों की स्थापना के लिए समर्पित रहा। उन्होंने समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए जो कार्य किए, वे आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा



### कहा, सामाजिक समरसता, समानता एवं न्याय के आदर्शों की स्थापना के लिए समर्पित रहा सम्पूर्ण जीवन

साहेब के विचार एक सशक्त, समावेशी एवं न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज में समरसता एवं समानता को बढ़ावा देने में अपना योगदान दें।

# कुंभ मेल 2027 की तैयारियां तेज, बैसाखी पर मेलाधिकारी का व्यापक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** धर्मनगरी में आगामी कुंभ मेला 2027 को लेकर तैयारियां अब "काउंटडाउन मोड" में पहुंच गई हैं। 14 अप्रैल 2027 को मेष संक्रांति के पावन अवसर पर प्रमुख अमृत स्नान (शाही स्नान) आयोजित होना है, जिसके मद्देनजर मेला प्रशासन ने सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की दिशा में तेजी ला दी है। इसी क्रम में मेलाधिकारी सोनिका ने बैसाखी के दिन विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर तैयारियों और व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने हर की पैड़ी में गंगा स्नान कर आगामी कुंभ के सफल आयोजन के लिए मां गंगा से प्रार्थना की। इसके बाद उन्होंने हिल बाइपास, मनसा देवी पैदल मार्ग, मोतीचूर रेलवे स्टेशन, औद्योगिक क्षेत्र मार्ग, हरिद्वार रेलवे




स्टेशन मार्ग, सिंहद्वार, कांवड़ पटरी मार्ग, शंकराचार्य चौक, कनखल क्षेत्र, आस्था पथ और रोड़ी-बेलवाला सहित कई महत्वपूर्ण स्थानों का दौरा किया।

निरीक्षण के दौरान मेलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ पटरी मार्ग को शीघ्र दुरुस्त किया जाए, हिल बाइपास की मरम्मत कार्यों में तेजी लाई जाए तथा मनसा देवी पैदल मार्ग के सुधार एवं पुनर्निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं। उन्होंने अतिक्रमण हटाने, रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा घाटों पर

### कुंभ मेला 2027 – प्रमुख स्नान तिथियां

| | | |
|---|---|---|
| 14 जनवरी | - | मकर संक्रांति |
| 6 फरवरी | - | मौनी अमावस्या |
| 11 फरवरी | - | बसंत पंचमी |
| 20 फरवरी | - | माघ पूर्णिमा |
| 6 मार्च | - | महाशिवरात्रि (अमृत स्नान) |
| 8 मार्च | - | फाल्गुन अमावस्या (अमृत स्नान) |
| 7 अप्रैल | - | नव संवत्सर |
| 14 अप्रैल | - | मेष संक्रांति (प्रमुख अमृत स्नान) |
| 15 अप्रैल | - | श्रीराम नवमी |
| 20 अप्रैल | - | चैत्र पूर्णिमा |

स्नानार्थियों की सुरक्षा, सुविधा और सुगमता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के भी निर्देश दिए।

मेलाधिकारी ने कहा कि कुंभ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगमता, सुविधा और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से पूरी की जाएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सभी तैयारियों की माइक्रो प्लानिंग की जा रही है तथा चुनौतियों के प्रभावी समाधान के लिए समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि तय टाइमलाइन के अनुसार सभी कार्यों की प्रगति की निरंतर निगरानी और नियमित समीक्षा की व्यवस्था लागू की गई है, जिसका सभी विभागों और कार्यदायी संस्थाओं द्वारा सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम हरिद्वार नन्दन कुमार, उप मेलाधिकारी मनजीत सिंह सहित विभिन्न विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहे

# पहचान छिपाकर किशोरी से दुष्कर्म करने वाले आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र में एक किशोरी को सोशल मीडिया के जरिए प्रेमजाल में फंसाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी पर अपनी पहचान छिपाने और बाद में किशोरी पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का भी आरोप लगा है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी 15 वर्षीय बेटी की मुलाकात करीब दो साल पहले इंस्टाग्राम पर एक युवक से हुई थी। आरोप है कि युवक ने शुरुआत में अपनी असली पहचान छिपाकर खुद को हिंदू बताया और किशोरी से दोस्ती कर ली। युवक ने शादी का झांसा देकर किशोरी को कई बार बहला-फुसलाकर घर और स्कूल से बाहर बुलाया। इसके बाद सुनसान जगहों पर ले जाकर उसके साथ गलत काम किया।

कुछ समय पहले जब किशोरी को युवक की असली पहचान का पता चला, तो उसने इसका विरोध किया। आरोप है कि इसके बाद युवक ने किशोरी पर मानसिक दबाव बनाया और उसे धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करने लगा। परिजनों को जब इस बात की जानकारी हुई, तो उन्होंने पुलिस को तहरीर दी। कोतवाली प्रभारी चन्द्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि आरोपी मोनू शेख उर्फ समीर के खिलाफ पॉक्सो एक्ट, दुष्कर्म और अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है।

# लापता बालक को पुलिस ने कुछ ही घंटों में खोज कर परिजनों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** थाना सिडकुल पुलिस ने तत्परता और सूझबूझ का परिचय देते हुए गुमशुदा 11 वर्षीय बालक को कुछ ही घंटों में सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली है। जानकारी के अनुसार, वादी पप्पू उपाध्याय निवासी मूलतः कोठियानाराव, थाना अतार नगर, जनपद छपरा (बिहार) तथा वर्तमान निवासी मुल्की नगर, रावली महदूद, थाना सिडकुल ने अपने 11 वर्षीय पुत्र के 13 अप्रैल को घर से बिना बताए लापता होने की सूचना दी थी। इस संबंध में थाना सिडकुल पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी नवनीत सिंह के निर्देश पर थानाध्यक्ष सिडकुल अजय शाह के नेतृत्व में तत्काल पुलिस टीम का गठन किया गया। विवेचना अपर उपनिरीक्षक संजय चौहान को सौंपी गई। टीम ने सर्विलांस, लोकेशन ट्रैकिंग तथा सुरागरसी-पतारसी के आधार पर त्वरित कार्रवाई शुरू की गई। जिसके कुछ समय बाद ही अपर उपनिरीक्षक संजय चौहान व उनकी टीम ने लापता बालक को सकुशल बरामद कर लिया। बालक के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने सिडकुल पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस की इस सक्रियता को क्षेत्र में सराहा जा रहा है। वहीं, थानाध्यक्ष सिडकुल अजय शाह ने बताया कि आवश्यक कार्यवाही के बाद बालक को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अजय शाह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक विकास रावत, अपर उपनिरीक्षक संजय चौहान, हे.कां. देशराज, हे.कां. प्रेम सिंह, हे.कां. जितेन्द्र मलिक तथा कां. गजेन्द्र प्रसाद शामिल रहे।

# धर्मनगरी में बैशाखी स्नान के लिए उमड़े श्रद्धालु

## हरकी पैड़ी समेत तमाम गंगा घाटों पर लगाई आस्था की डुबकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** बैशाखी पर देश भर से आए लाखों श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी समेत तमाम गंगा घाटों पर स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। वैशाखी स्नान और सद्भावना सम्मेलन को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन ने मेला क्षेत्र को 10 जोन और 33 सेक्टरों में विभाजित कर सुरक्षा और यातायात के कड़े इंतजाम किए थे। घाटों और मेला क्षेत्र में पुलिस बल के साथ पीएसी, बीडीएस, और जल पुलिस के जवानों की तैनाती की गयी थी। यातायात के सुचारू संचालन के लिए अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस की तैनाती भी की गयी थी। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर, एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह और सीओ



सिटी शिशुपाल सिंह नेगी समेत सभी अधिकारी मौके पर तैनात रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। स्नान का सिलसिला मंगलवार तड़के से शुरू हो गया था और दिन भर चलता रहा। श्रद्धालुओं ने गंगा मैया की जय के जयकारों के साथ आस्था की डुबकी लगाकर सूर्य को अर्द्धय अर्पित किया। इस दौरान पर्वतीय क्षेत्र से आयी देव डोलियों को भी हरकी पैड़ी पर स्नान कराया गया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मनसा देवी, चंडी देवी, मायादेवी आदि पौराणिक मंदिरों में दर्शन पूजन परिवारों के लिए मंगल कामना की।

# अखिल भारत हिंदू महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कनखल स्थित राजपूत पंचायत धर्मशाला में आयोजित अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन मंगलवार को राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गयी। राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. मुन्ना कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री वीरेश त्यागी ने पिछली बैठक की कार्यवाही एवं आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। बैठक में संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान, राष्ट्रीय कार्यक्रमों की रूपरेखा, चुनावों की तैयारी तथा अन्य राष्ट्रीय, सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक विषयों पर गहन चर्चा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए डा. मुन्ना कुमार शर्मा ने कहा कि भारत को अखंड हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जनजागरण अभियान शुरू किया




जाएगा। गौहत्या, लव जेहाद, हिंदुओं का धर्मांतरण रोकने के लिए देश में एक समान नागरिक कानून बनाने के लिए सभाओं के माध्यम से समाज को जागरूक किया जाएगा। बैठक को महामंडलेश्वर स्वामी सहजानंद पुरी एवं महामंडलेश्वर स्वामी आदि योगी पुरी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जर्नादन उपाध्याय, अभय सिंह कुलकर्णी, अशोक शर्मा, अरूमुगम स्वामी, युद्धिष्ठर त्यागी, सुनील कुमार, वीरेश त्यागी, मोहन, अनिल पंवार, गौरव मल्होत्रा, संजीव सिंह राणा, विवेक वशिष्ठ, सत्येंद्र त्यागी, मनोज त्यागी, ए.के. त्यागी, मुकुल कुमार, अनिलकांत भटनागर, प्रदीप, आचार्य जुगेंद्र भारद्वाज, अशोक त्यागी, सतीश रावत, वीरमभाई देसाई, जितेंद्र सिंह, मोहन कोरेमोरे, कन्हैयालाल रायकवाड़, उदय कुमार, ए.के. शर्मा सहित महासभा के पदाधिकारी व सदस्य मौजद रहे।

# अंबेडकर जयंती पर विधानसभा ज्वालापुर में कार्यक्रम, रैली निकाल श्रद्धांजलि अर्पित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सोमवार को विधानसभा ज्वालापुर क्षेत्र में विभिन्न गांवों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में भाजपा नेता अमित कुमार बिट्टू ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही फीता काटकर रैली का शुभारंभ किया और उपस्थित लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में अमित कुमार बिट्टू ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने



कहा कि बाबा साहब ने समानता, न्याय और अधिकारों की जो नींव रखी, वह देश के लोकतांत्रिक ढांचे की आधारशिला है। उनके आदर्शों पर चलकर ही एक सशक्त और समरस समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## हरिद्वार ज्ञान गोदड़ी गुरुद्वारा मांग पर सिखों का प्रदर्शन, डांडी चौक पर पुलिस ने रोका जत्था

# मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, सड़क पर दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** क्षेत्र के दिनारपुर में ज्ञान गोदड़ी गुरुद्वारा स्थापना की मांग को लेकर मंगलवार को पथरी क्षेत्र के विभिन्न गांवों से हरकी पैड़ी कूच कर रहे सिख समाज के जत्थे को पुलिस ने डांडी चौक पर रोक दिया। इस दौरान सिखों और पुलिस के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई। बाद में सिख समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर प्रदर्शन समाप्त किया। मंगलवार सुबह गांव दिनारपुर, चिट्टी कोटी, शहदेवपुर, ऐथल, सुभाषगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों से दर्जनों सिख हरिद्वार स्थित हरकी पैड़ी जाने के लिए निकले थे। पुलिस को पूर्व सूचना मिलने पर पथरी थाना प्रभारी रविंद्र




कुमार ने सुबह से ही डांडी चौक पर पुलिस व पीएसी बल तैनात कर बैरिकेडिंग कर दी। जैसे ही सिख जत्था डांडी चौक पहुंचा, पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। इस दौरान जत्थे ने हरिद्वार जाने की अनुमति मांगी, लेकिन प्रशासन ने शांति व्यवस्था का हवाला देते हुए आगे बढ़ने नहीं दिया। विरोध स्वरूप सिख समाज के लोगों ने सड़क पर धरना देते हुए सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

काफी देर तक चले प्रदर्शन के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने पर प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम मनजीत सिंह को सौंपा। ज्ञापन सौंपने के बाद जत्था शांतिपूर्वक वापस लौट गया। सिख समाज के लोगों का कहना है कि हर वर्ष ज्ञान गोदड़ी गुरुद्वारा स्थापना की मांग को लेकर वे हरिद्वार जाने का प्रयास करते हैं, लेकिन प्रशासन उन्हें डांडी चौक पर ही रोक देता है। हरिद्वार जा रहे सिखों में सूबा सिंह ढिल्लों के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन से जुड़े पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी शामिल रहे। इनमें संजय चौधरी (गढ़वाल मंडल अध्यक्ष, भाकियू टिकैत), बाबा पंडित, सत्यपाल सिंह, सुखदेव सिंह, अनूप सिंह, हरभजन सिंह बाजवा, करमजीत सिंह, उज्जल सिंह, विक्रमजीत सिंह और लाहौरी सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे। सीओ लक्सर देवेन्द्र सिंह नेगी ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था तथा सभी प्रदर्शनकारियों को डांडी चौक पर रोका गया। वहीं एसडीएम मनजीत सिंह ने बताया कि सिख समाज द्वारा गुरुद्वारा स्थापना की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया है, जिसे शासन तक पहुंचाया जाएगा।

# डा. भीमराव अम्बेडकर की 135वी जयंती पर शोभायात्रा का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव में भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135वी जयंती पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कांग्रेस की क्षेत्रीय विधायक ने पथरी क्षेत्र के गांव में शोभायात्रा का शुभारंभ फीता काटकर किया।

पथरी क्षेत्र के गांव धनपुरा, इक्कड़ खुर्द, अम्बुवाला, झाबरी, अम्बुवाला, बादशाहपुर, भट्टिपुर, कटारपुर आदि में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वी जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। जिसमें शोभायात्रा का शुभारंभ कांग्रेस की विधायक अनुपमा रावत, एव क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर अनुपमा रावत ने बताया कि बाबा साहब ने जो संविधान लिखा है वो सब के समान लिखा और किसी के बीच उन्होंने भेद भाव नही रखा है सभी को बराबरी का अधिकार दिया



है। क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने सभी क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने हमें शिक्षा का मार्ग दिखाएं उन्होंने कहा था कि अगर हम शिक्षित होंगे तो हम आगे अपने अधिकारों को ले सकते हैं। और कहा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने हमेशा दलितों और वंचित लोगों के लिए संघर्ष किया है। इस लिए भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के लिखे संविधान पर ही हमें चलना चाहिए क्योंकि बाबा साहब ने संविधान पूरे देश के लिए लिखा है सभी को बराबरी का अधिकार दिया है इस लिए हम सभी को उनके बनाए अधिकार पर चलना चाहिए। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगो ने शोभायात्रा फूल मालाओं के स्वागत किया, इस अवसर पर खुर्शीद अली, सचिन कुमार, अमित कुमार, सन्नी कुमार, डॉ ओमपाल, बबलू कुमार, डॉ अरुण बरनाला, अवनीश कुमार, राजेश कुमार राणा, अमीचंद उर्फ गोप्पी, सचिन बरनाला, ललित खरे, रमेश कुमार, सुनीत कुमार, विशाल कुमार, हितेश कुमार, रविदास कमेटी की पूरी टीम उपस्थित रहे।

# सपा कार्यकताओं ने डा. अंबेडकर को किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भारत रत्न बाबा साहेब डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जटवाड़ा पुल स्थित जिला कार्यालय पर डा. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए शोषितों, दलितों, पिछड़ों के अधिकारों की रक्षा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को कापी, कलम आदि भी वितरित की गयी। सपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महंत शुभम गिरी ने कहा कि भारतीय संविधान की रचनाकर डा.भीमराव अंबेडकर ने समाज के सभी वर्गो को समान अधिकार दिए। इस अवसर पर राव धन्नु, आशीष यादव, मौसम अली, राव रिहान, आदेश उपाध्याय, दीक्षांत शर्मा, कार्यालय प्रभारी रईस अहमद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बीमारी से जूझ रहे आरक्षी सुमित जुयाल का निधन

### राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कोतवाली रानीपुर में तैनात आरक्षी सुमित जुयाल का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उन्होंने मंगलवार तड़के दिल्ली के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान अंतिम सांस ली। उनके निधन से पुलिस विभाग में शोक की लहर फैल गई। मंगलवार को उनका पार्थिव शरीर हरिद्वार लाया गया, जहां खड़खड़ी श्मशान घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह सहित कई पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



अंतिम संस्कार स्थल पर पुलिस अधिकारियों ने स्वर्गीय सुमित जुयाल को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सेरेमोनियल गार्ड द्वारा उन्हें शोक सलामी दी गई। इस दौरान मौजूद परिजन और पुलिसकर्मी भावुक नजर आए। जानकारी के अनुसार सुमित जुयाल वर्ष 2007 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे। वर्तमान में वह देहरादून के रायपुर क्षेत्र में अपने परिवार के साथ रह रहे थे। अपने सेवाकाल में उन्होंने कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। उनके निधन से परिवार के साथ-साथ पुलिस विभाग को भी अपूरणीय क्षति हुई है।

# सरेराह हंगामा करने पर युवक गिरफ्तार पुलिस ने की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की है। घटना 13 अप्रैल की है, जब पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति सड़क पर आने-जाने वाले लोगों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज और हंगामा कर रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने मौके पर आरोपी की पहचान गुरजीत सिंह कश्यप पुत्र स्वर्गीय रामकुमार कश्यप निवासी भारापुर भौरी, कोतवाली बहादराबाद के रूप में की। बताया गया कि आरोपी राहगीरों के साथ अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर रहा था और माहौल खराब कर रहा था। पुलिस द्वारा समझाने का प्रयास करने पर भी आरोपी शांत नहीं हुआ, बल्कि पुलिस टीम के साथ भी अभद्र व्यवहार करते हुए जोर-जोर से चिल्लाने लगा और आक्रोशित होकर फौजदारी पर आमादा हो गया। स्थिति को गंभीर देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक प्रवीण बिष्ट, कांस्टेबल चंदन सिंह, शाह आलम, प्रीतम तोमर शामिल रहे।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# इब्राहिमपुर झगडे के 5-5 हजार के इनामी तीन आरोपियों को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर में दो पक्षो में हुए खूनी संघर्ष में फरार चल रहे पांच हजार के इनामी तीन आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा है। आरोपी ठिकाने बदल बदल कर अन्य स्थानों पर रह रहे थे। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर जनपद हरिद्वार के आदेश अनुसार पुलिस टीम को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। 7 अप्रैल को ग्राम इब्राहिमपुर में दो पक्षों में हुये झगडे में जमकर लाठी डंडे व पत्थरबाजी हुई थी। मामले में दो परिवारों का भूमि विवाद को लेकर खूनी संघर्ष हुआ जिसमें एक पक्ष की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने 9 लोगों के खिलाफ सबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज होने के साथ ही



सभी लोग लापता हो गए। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिये मुखबिर तंत्र व एसओजी की मदद ली जिसके बाद पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी। पुलिस टीम ने पांच पांच हजार के तीनो फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम अमजद, उम्र 28 वर्ष तजमुल, उम्र 26 वर्ष तनवीर, उम्र 20 वर्ष सभी पुत्रगण रिफाकत, समस्त निवासी गण ग्राम इब्राहिमपुर बताया है आरोपियों पर पुलिस ने इनाम भी घोषित किया था। पकड़े गए तीनो आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया है जहां से उन्हें जेल भेजा गया। पुलिस टीम में व.उ.नि. उपेन्द्र सिंह, उ.नि.बबलू चौहान, राकेश नेगी, सुशील कुमार, ब्रह्मदत्त जोशी, अजीत तोमर आदि समिल है। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया इब्राहिमपुर झगड़े में पाँच हजार के तीन फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# लापता युवक का गंगा में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** नौकरी के इंटरव्यू के लिए हरिद्वार आए एक युवक का शव गंगा नदी में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान यश ओझा (25) निवासी कौशाम्बी, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है, जो बीते 9 अप्रैल से लापता था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यश ओझा हरिद्वार की एक निजी कंपनी में इंटरव्यू देने के लिए आया था। उसका शव ज्वालापुर स्थित रेगुलेटर पुल के पास गंगा नदी में बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि युवक को आखिरी बार नगर कोतवाली क्षेत्र के एक होटल में देखा गया था। नगर कोतवाल कुंदन सिंह राणा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त की। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवक नहाते समय हादसे का शिकार हुआ या उसने स्वयं गंगा में छलांग लगाई। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। साथ ही परिजनों से भी विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है।

# स्त्री शिक्षा के बड़े पैरोकार थे डा. अंबेडकर : प्रो. चंद्रकांता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** डा. भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वेलफेयर सोसाइटी के संयोजन में अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनायी गयी। शिवालिक नगर स्थित भेल सामुदायिक केंद्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। आर.यू. प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र भास्कर एवं कल्पना ने किया। सोसाइटी के उपाध्यक्ष ब्रह्मपाल ने सोसाइटी के कार्यो से अवगत कराया। सोसाइटी के पदाधिकारियों अध्यक्ष भानपाल सिंह, महासचिव चंद्रपाल सिंह व कोषाध्यक्ष देवेंद्र भास्कर ने अतिथीयों का पगड़ी पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथी नेशनल एक्शन फोरम ऑफ सोशल जस्टिस के राष्ट्रीय अध्यक्ष नानकचंद्र विशिष्ठ अतिथी दिल्ली विवि की प्रोफेसर चंद्रकांता के माथुर ने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर स्त्री शिक्षा के बड़े पैरोकार थे। संविधान की रचना कर उन्होंने स्त्रीयों के लिए शिक्षा और तरक्की के द्वार खोले। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का मानना था कि शिक्षा ही प्रगति का द्वार है। इसलिए अपने बच्चों खासतौर पर बेटियों को शिक्षा के लिए प्रेरित करें। अध्यक्ष भानपाल सिंह एवं महासचिव चंद्रपाल सिंह ने कहा कि दलितों शोषितों पिछड़ों को न्याय दिलाने वाले बाबा साहेब के जीवन से प्रेरणा लें। समानता एवं न्याय के आदर्शो को स्थापित कर डा. अंबेडकर ने देश को मजबूती प्रदान करने का काम किया। इस अवसर पर पीएल कपिल, पूर्व सांसद ईसम सिंह, सुशीला, सत्यपाल, नाथीराम, सुखपाल, मंजीत, अशोक कटारिया, तीर्थपाल रवि, दर्शन लाल, राजवीर चौहान, भानपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कालसी तक इलेक्ट्रॉनिक बसों का संचालन किए जाने की मांग

**विधायक के कैंप कार्यालय पर दिया गया धारना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**विकासनगर।** जन सुविधा संघर्ष समिति के संयोजक अरविंद शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्रीय विधायक के कैंप कार्यालय पर दिया गया सांके. तिक धरना। धरने को संबोधित करते हुए अरविंद शर्मा ने कहा कि अगर शीघ्र ही क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक बस और रोडवेज बसों का संचालन नहीं किया गया तो इस आंदोलन को जनमानस के साथ मिलकर आगे बढ़ाया जाएगा।

अरविंद शर्मा ने कहा इलेक्ट्रिक बस का सफल ट्रायल होने के बाद भी देहरादून से कालसी तक बसों का संचालन ना करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि क्षेत्र से हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं नौकरी पैशा व्यक्ति देहरादून आवागमन करते हैं, इस और क्षेत्र विधायक का ध्यान नहीं देना दुर्भाग्यपूर्ण है। धरने का समर्थन करते हुए कांग्रेस के प्रदेश सचिव विकास शर्मा ने कहा की उत्तराखंड में रोडवेज की 220 नई बसें खरीदी गई लेकिन दुर्भाग्य है करोड़ों की लागत से बने हरबर्टपुर रोडवेज बस स्टैंड से एक भी बस का संचालन नहीं किया जा रहा है ना ही यहां से चंडीगढ़ हिमाचल हरियाणा, सहारनपुर आदि का बस का संचालन होना चाहिए था जो अभी तक नहीं हुआ है। उन्होंने मांग की शीघ्र ही बसों का संचालन हरबर्टपुर बस स्टैंड से किया जाए। इस मौके पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई।

धरने का समर्थन करने वालों में अतुल शर्मा, युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष दीक्षांत उनियाल, सेवा दल के विकास नगर अध्यक्ष भवन पंथ, जिला महामंत्री राजीव शर्मा, ग्राम पंचायत सदस्य सुनील राणा, एडवोकेट हरसुल शर्मा, समीर अंसारी, प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष आकाश आजाद, कांग्रेस के प्रदेश सचिव विजेंद्र वालिया, हिंदू जन जागृति संगठन के सुशील साहू, सुरेश अरोड़ा, स्वाति शर्मा, विनीत कुमार, आधार त्यागी, मनीष शर्मा आदि उपस्थित थे।

## अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई का वेतन रोकने के निर्देश

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई प्रथम अविनाश कुमार सैनी के वेतन रोकने के दिये निर्देश । साथ ही शासन से उचित कार्यवाही हेतु पत्र भी प्रेषित किया गया। बता दे की जिलाधिकारी द्वारा 09 अप्रैल 2026 को विकास खण्ड घनसाली के अन्तर्गत गेंवाली गांव का भ्रमण किया । भ्रमण के दौरान गेंवाली गांव को जोड़ने वाले पुल जो विगत 02 वर्षों में कार्य प्रगति अत्यधिक न्यून पायी गयी । सम्बन्धित द्वारा विगत 02 वर्षों में कोई भी ठोस कदम न उठाने पर आज सोमवार को जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए सम्बन्धित अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। अविनाश सैनी ने राजकीय कार्यों के सम्पादन में लापरवाही की, उन्हें समय-समय पर सचेत किया गया इसके बावजूद भी उन्होंने अपनी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं किया ।

# विकासनगर में बैसाखी मेले की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** बैसाखी पर्व के मौके पर लगने वाले प्रसिद्ध एवं प्राचीन बावड़ी मेले में मंगलवार को काफी भीड़ उमड़ी। इस मेले में दूर दराज से आए दुकानदारों के चेहरों पर भीड़ के बाद रौनक देखने को मिली। पछवादून में लगने वाले इस मेले में लंबे समय से लोगों के जरूरती सामान की खरीददारी के अलावा बच्चों के मनोरंजन की भी भरपूर व्यवस्था है।

मान्यता है कि बावड़ी स्थल ऋषि गौतम की तपस्थली रही है। ऐसे में मां गंगा ने ऋषि गौतम की तपस्या को देखकर यहां अपना एक रूप प्रदान किया था जो आज के समय भी जमीन से स्वयं उत्पन्न होकर गंगभेवा बावड़ी नाम से प्रचलित है। गंगा स्रोत के नाम से प्रसिद्ध होने की वजह से यहां न केवल स्थानीय लोग बल्कि दूर दराज के लोगों में भी बड़ी आस्था है। बैसाखी के मौके पर लगने वाले मेले में स्थानीय लोगों ने मेले में पहुंचकर मेले का लुफ्त उठाया। लोगों द्वारा बावड़ी में बने कुंड में स्नान कर मंदिर में मत्था टेका। उसके बाद परिवार सहित मेले में लगने वाली दुकानों पर जाकर खरीददारी की और मेले में मनोरंजन के लिए लगाए गए झूलों व स्टालों का भरपूर आनंद लिया।



**दूसरे दिन मटके, सुराही व खिलौनो की जमकर हुई खरीददारी**

प्राचीन समय से ही इस मेले में गरीबो के फ्रिज कहे जाने वाले मटकों, सुराही, मिट्टी से बनी बच्चों की गोलक, दही हंडिया आदि लोगों को बर्बस ही इस मेले में आने के लिए आकर्षित करती है। विक. ासनगर व आसपास के सैंकड़ों गांव के ग्रामीण यहां आकर बच्चों को जहां खिलौने आदि दिलाते हैं वहीं दूसरी ओर अपने घर के लिए घड़ों, सुराही आदि की खरीददारी करना भी नहीं भूलते।

# बैसाखी पर उमडा आस्था का जनसैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** संगम नगरी देवप्रयाग में वैशाखी पर्व पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अलकनंदा-भागीरथी संगम व भगवान राम की तपस्थली रामकुंड में गंगा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे। तीर्थक्षेत्र में वैशाखी पर्व का पुण्य स्नान तीन दिन पूर्व से ही प्रारंभ हो गया था। सोमवार रात पौड़ी के सलाण व पाबौ क्षेत्र से पहुंचे श्रद्धालुओं ने डौंर-थाली के माध्यम से देवी-देवताओं का आह्वान किया। रामकुंड में प्रवासी जनों की ओर से छाया पूजन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए गए। बारह वर्षों के अंतराल के बाद पौड़ी के तमलाग से निकली पांडव बिखोती यात्रा भी छह पड़ावों को पार करते हुए ढोल-नगाड़ों और निशानों के साथ संगम स्थल पहुंची।

भगवान रघुनाथ के दर्शन और आशीर्वाद के लिए मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन को यातायात व्यवस्था संभालने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। देश-प्रदेश से आए वाहनों के सुचारु संचालन के लिए विशेष प्रबंध किए गए। संगम स्थल पर सुरक्षित स्नान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रशासन की सतर्कता के चलते पूरा आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# हैलीपैड निर्माण के समर्थन में उतरे क्यावा गांव के ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरकार से जल्द कार्य शुरू करने की मांग**

**चकराता।** क्षेत्र चकराता के क्यावा गांव के ग्रामीणों ने बिरमऊ कांडी में प्रस्तावित हैलीपैड निर्माण के समर्थन में खुलकर अपनी सहमति जताई है।

नगऊ, छटऊ एवं माखटी गांवों के ग्रामीणों द्वारा हैलीपैड निर्माण के विरोध में लिए गए निर्णय से स्वयं को अलग रखते हुए क्यावा के ग्रामवासियों ने इस परियोजना का स्वागत करने का फैसला लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि आपदा प्रबंधन, आकस्मिक चिकित्सा सेवाओं तथा पर्यटन की दृष्टि से हैलीपैड का निर्माण क्षेत्र के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस कार्य को शीघ्र शुरू कराया जाए। हालांकि क्यावा के ग्रामीणों ने नगऊ, छटऊ और माखटी गांवों के लोगों की आशंकाओं को भी गंभीरता से लेने की बात कही है। उनका कहना है कि सरकार को इन गांवों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनकी सभी समस्याओं का समाधान निकालना चाहिए। ग्रामीणों ने सुझाव दिया कि प्रस्तावित हैलीपैड के चारों ओर उचित फेंसिंग कराई जाए, जिससे आसपास के चरागाह में चरने वाले पशुओं पर कोई प्रभाव न पड़े। उनका यह भी कहना है कि हैलीपैड के निर्माण में बहुत कम भूमि का उपयोग होगा, जिससे चरागाहों को नुकसान नहीं पहुंचेगा।

पारंपरिक पैदल मार्ग के संबंध में ग्रामीणों ने कहा कि इसका वैकल्पिक मार्ग (बाईपास) तैयार कराया जा सकता है, जबकि छटऊ की पेयजल लाइन को प्रभावित न होने देने के लिए भी सरकार से उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा सकती है। क्यावा के ग्रामवा. सियों ने यह भी स्पष्ट किया कि हैलीपैड निर्माण में एक भी पेड़ नहीं काटा जाएगा, जिससे देवदार के जंगल को नुकसान पहुंचने की आशंका निराधार है। साथ ही उन्होंने कहा कि हैलीपैड का उपयोग सीमित रूप से ही होगा, इसलिए पर्यावरण पर इसका कोई विशेष प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

ग्रामीणों ने माना कि किसी भी विकास कार्य के साथ कुछ सीमित नुकसान संभव हैं, लेकिन इस परियोजना से होने वाले लाभ कहीं अधिक हैं। उन्होंने क्षेत्रीय विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संत. ुलन बनाए रखने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर दया राम जोशी, दौलतराम जोशी, मिल्की राम जोशी, जवाहर जोशी, विपिन शर्मा, कपिल जोशी, अभिषेक जोशी, खुशी राम जोशी, माया दत्त जोशी, शोभाराम जोशी, सोहन, सिद्धार्थ और आशु जोशी सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### सुभारती हॉस्पिटल में मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

**सेलाकुई।** झाझरा स्थित डॉ. के.के.बी.एम. सुभारती हॉस्पिटल में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। अस्पताल के प्रचार-प्रसार प्रमुख डॉ. प्रशांत भटनागर ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज को समानता, शिक्षा और अधिकारों का संदेश दिया। उन्होंने कहा था कि हम सबसे पहले और अंत में भी भारतीय हैं, इसलिए हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर देशहित और समाजहित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके संघर्ष, त्याग और दूरदर्शिता से हर व्यक्ति को प्रेरणा लेनी चाहिए। डॉ. भटनागर ने अस्पताल के समस्त स्टाफ से बाबा साहब के विचारों को अपने हृदय में उतारने और उन्हें जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस मौके पर डॉ. प्रशांत भटनागर, अक्षित, सनी धीमान, मेनन, धर्मपाल आदि मौजूद रहे।

### बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई

**नई टिहरी।** जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल की ओर से भारत रत्न व संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती नई टिहरी स्थित जिला कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लेकर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुरारी लाल खंडवाल ने बाबा साहेब के संघर्षों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डा. अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से आम नागरिक को गरिमापूर्ण जीवन जीने की स्वतंत्रता प्रदान की। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज हित में कार्य करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश राणा ने बाबा साहेब को सामाजिक क्रांति का महानायक बताते हुए उनके योगदान को अतुलनीय बताया। वरिष्ठ अधिवक्ता ज्योति प्रसाद भट्ट ने कहा कि डा. अंबेडकर ने देश को एक सशक्त संविधान देकर भारत की एकता और अखंडता को मजबूत किया। इस दौरान महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष आशा रावत, प्रवीण गुप्ता, पूर्व प्रधान रोशन नौटियाल, बरेंद्र दत्त, दिनेश पंवार बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्रद्धा के साथ मनाई गई बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** भारतीय संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वी जयंती जनपद में श्रद्धा, उल्लास पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर जनपदवासियों ने बाबा साहेब के जीवन संघर्षों को याद करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजन की शुरुआत हिमालय अम्बेडकर सेवा समिति द्वारा आयोजित भव्य प्रभात फेरी से हुई, जो राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से शुरू होकर अम्बेडकर भवन तक निकाली गई। प्रभात फेरी की शुरुवात उपशिक्षा अधिकारी हर्षा रावत द्वारा की गयी जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने कलेक्ट्रेट परिसर के गंगोत्री भवन में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी मुक्ता मिश्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. आंबेडकर का विराट व्यक्तित्व और उनके द्वारा किए गए महान कार्य देश और समाज को युगों-युगों तक मार्ग दिखाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।

हिमालय अम्बेडकर सेवा समिति भवन परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होते हुए जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर जैसी विलक्षण प्रतिभाएँ सदियों में एक बार जन्म लेती हैं। उन्हें आधुनिक भारत के नवनिर्माण का जनक बताते हुए जिलाधिकारी ने युवा पीढ़ी और छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के जीवन संघर्षों, उनके दार्शनिक चिंतन और विचारों का गहराई से अध्ययन करें। नगरपालिका अध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान ने बाबा साहेब की जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन केवल एक महान व्यक्तित्व के जन्म का उत्सव नहीं है, बल्कि यह संकल्प लेने का दिन है, उस समानता, न्याय और बंधुत्व के लिए जिसे बाबासाहेब ने भारतीय संविधान की आत्मा बनाया।

कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी मुक्ता मिश्र, डीएसओ आशीष कुमार, डीडीएमओ शार्दूल गुसाईं सहित अन्य अधिकारी और कार्मिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, सभासद महावीर चौहान,आदित्य चौहान,ज्येष्ठ प्रमुख भटवाड़ी मीरा देवी, हिमालयन अंबेडकर सेवा समिति के अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह, जिला महामंत्री प्रकाश विद्वान,कार्यकारी अध्यक्ष राकेश कुमार केवल, मुख्य विकास अधिकारी जय भारत सिंह, सीएचओ रजनीश सिंह, सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में जनसमुदाय उपस्थित रहा।

## चाह गाडोलिया में विवाह समारोह शराब का बहिष्कार

**नई टिहरी।** विकासखंड जाखणीधार की ग्राम पंचायत चाह गाडोलिया के तिबारी में दुल्हन आरती के विवाह समारोह की मेंहदी रस्म में शराब का बहिष्कार करते हुए काकटेल पार्टी नहीं कराई गई। जिसके चलते इस विवाह समारोह ने समाज में नशामुक्ति का संदेश दिया है। शादियों में शराब का प्रचलन रोकने के लिए दुल्हन ने अपने पिता पूर्व सैनिक कमल सिंह गुसाईं, मां यशोदा देवी और फौजी भाई दीपक से मेंहदी में शराब का प्रचलन बंद करने की अपील की। दुल्हन के कहने पर माता-पिता और भाई ने मेंहदी में काकटेल पार्टी नहीं कराई। उन्होंने कहा कि बेटी की मेंहदी में शराब नहीं परोसने पर गांव की महिलाओं और अन्य सभी लोगों ने इस फैसले की काफी सराहना की। गांव के प्रधान विनोद सिंह गुसांईं ने कहा कि गांव के सभी लोगों को शराब बंदी की इस मुहिम का समर्थन करना चाहिए। गांव के अन्य लोगों को भी इसी तरह अपने पुत्र और पुत्री के विवाह में शराब बंदी का समर्थन कर संस्कार बांटने का कार्य करना चाहिए। प्रधान ने कहा कि गांव का कोई आर्थिक रूप से कमजोर परिवार अपनी बेटी या बेटे के विवाह समारोह की मेंहदी रस्म में शराब नहीं परोसेगा तो उसकी शादी के मेहमानों को लगाई जाने वाली पिठाई में सहयोग किया जाएगा। ग्रामीण मोहन लाल लसियाल, चंद्रमणि उनियाल और मोहन सिंह गुसांईं ने भी परिवार के इस निर्णय की सराहना करते हुए सभी लोगों से शराब बंदी मुहिम में शामिल होने की अपील की है। शादी में बारातियों को पारंपरिक रूप से भड्डू की दाल और भात परोसा गया।

## मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर सख्ती: संस्थागत प्रसव बढ़ाने और बच्चों के लिए विशेष अभियान के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जनपद में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक का मुख्य उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना और स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम छोर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना रहा। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि गृह प्रसव की प्रवृत्ति को कम करने के लिए ठोस रणनीति बनाई जाए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में गृह प्रसव अधिक हैं, वहां विशेष टीमों का गठन कर जागरूकता अभियान तेज किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक प्रसव अस्पतालों में ही हो सकें। बैठक में पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत लिंगानुपात की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पारदर्शिता बढ़ाने के लिए केंद्रों के प्रतीक्षालयों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी आदेश दिए गए। बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए "कृमि मुक्ति दिवस" की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि 7 मई 2026 को जनपद के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल दवा खिलाई जाएगी। जो बच्चे उस दिन छूट जाएंगे, उन्हें 14 मई को "मॉप-अप डे" पर दवा दी जाएगी। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि सभी केंद्रों पर समय से दवा उपलब्ध हो और कोई भी बच्चा इससे वंचित न रहे। इसके साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीएस रावत सहित स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे।

## नरेंद्रनगर में अग्निशमन सेवा सप्ताह शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** फायर सर्विस मुख्यालय के निर्देश पर फायर स्टेशन नई टिहरी और नरेंद्रनगर में अग्निशमन सेवा सप्ताह शुरू किया गया है। मंगलवार को नई टिहरी स्टेशन पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी टिहरी संजीवा कुमार और नरेंद्रनगर स्टेशन पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी शंकर चंद रमोला ने परेड की सलामी लेकर अभियान का शुभारंभ किया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजीवा कुमार ने कहा कि 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह पर लगी भीषण आग में 66 फायरमैन अग्निशमन कार्य के दौरान शहीद हो गए थे। उन फायरमैन को याद करते हुए अग्निशमन सेवा दिवस 14 अप्रैल को मनाया जाता है। शहीद अग्निशमन कर्मचारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया। इसके बाद शहीद स्मृति चिन्ह पर सभी कर्मचारियों की ओर से पुष्पांजलि अर्पित की गई। वहीं, फायर सर्विस के शहीद हुए कर्मचारियों के नाम पढ़कर सुनाए गए। उसके बाद प्रचार-प्रसार के दृष्टिगत बाजार क्षेत्रों में फाइटिंग वाहनों के साथ रैली निकालकर पंपलेट वितरण किए गए और लोगों को अग्निशमन सुरक्षा के उपाय बताए गए। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी शंकर चंद रमोला ने कहा कि अग्निशमन सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों, बैंक, राजकीय संस्थाओं आदि में अग्निशमन सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# चकराता छावनी क्षेत्र में बैसाखी व खालसा साजना दिवस धूमधाम से मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** सिख समाज का प्रमुख पर्व बैसाखी एवं खालसा साजना दिवस मंगलवार को छावनी क्षेत्र चकराता में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एमईएस लाइन स्थित गुरुद्वारे में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत निशान साहिब की सेवा से हुई। इसके उपरांत गुरुद्वारा सिंह सभा, एमईएस लाइन में भव्य कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया, जहां रागी जत्थों ने मधुर गुरुबाणी का गायन



कर संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। कीर्तन के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए। इससे पूर्व गुरुद्वारों में चल रहे सहज पाठ का विधिवत भोग डाला गया। श्रद्धालुओं ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेक कर सुख-समृद्धि की कामना की और अरदास के माध्यम से विश्व शांति की प्रार्थना की। इसके पश्चात आयोजित लंगर में सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और सेवा भाव का परिचय दिया।इस अवसर पर सेना के पंडित मनोज तिवारी ने कहा कि सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना समाज को एकता के सूत्र में पिरोने और ऊंच-नीच व जात-पात के भेदभाव को समाप्त करने के उद्देश्य से की थी। उन्होंने कहा कि गुरु परंपरा की वाणी को गुरु ग्रंथ साहिब के रूप में संकलित कर उसे जीवित गुरु का दर्जा दिया गया, जिससे व्यक्ति में अहंकार का भाव उत्पन्न न हो।

कार्यक्रम में गुरुद्वारा एमईएस लाइन के प्रधान हरजिंदर पाल सिंह, गुरुद्वारा पंचायत परचिनार के प्रधान दिनेश चांदना, तीर्थ कुकरेजा, अरविंद पाल कुकरेजा, दलजीत नागपाल, रविंद्र पाल सिंह, हरचरण सिंह, प्रभजोत सिंह, अनिल चांदना, मनीष कुकरेजा, तरुण सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने डा. अंबेडकर की जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विक. ासनगर के तिलक भवन में एक विचार गोष्ठी का आयोजन कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर पीसीसी के सदस्य संजय जैन द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के द्वारा जो संविधान लिखा गया उसे पर प्रकाश डाला गया। वहीं ब्राइट एंजल स्कूल ने भी डा. अंबेडकर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

संजय जैन ने कहा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बताए सिद्धांत पर चलकर हम आगे बढ़ सकते हैं। कुसुम कौशल और विपुल जैन ने कहा की डॉक्टर अंबेडकर ने सभी



को शिक्षा का अधिकार वह सब लोगों में समानता जैसे मुद्दों पर बात की।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए कांग्रेस के प्रदेश सचिव विकास शर्मा ने कहा की डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने एक ऐसा संविधान और कानून बनाया जिससे कि समाज में कुरीतियां दूर हो और हम सब मिलकर साथ चले।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिनव ठाकुर ने की। संचालन प्रदेश सचिव विकास शर्मा ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता उम्मेद सिंह, सभासद सोनिया वर्मा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम कौशल, राजीव शर्मा, अनुपम कपिल, दीक्षांत उनियाल, अभिषेक, मनजीत चावला, दानिश खान, हरबर्टपुर कांग्रेस के अध्यक्ष आशीष पुंडीर, अशोक जांगड़ा, सुबोध वर्मा, सेवादल के अध्यक्ष भुवन पंत, राजेंद्र आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

वही विकासनगर के जीवनगढ़ लाइन स्थित ब्राइट ऐंजल स्कूल डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। विद्यालय के निदेशक मेजर कादिर हुसैन ने डा. अंबेडकर के योगदान पर प्रकाश डाला और उनके आदर्शो को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षित संगठित और जागरूक बनने का संदेश दिया। इस अवसर पर शिक्षिका तबस्सुम खान, प्रदीप कौर, लतिका मल्होत्रा, प्रशांत गुप्ता, विनय गुप्ता, पंजाब सिंह, खुशी राम जोशी, प्रीति नेगी, अभिमन्यू, सपना भारद्वाज, संगीता बाली, बीना अरोड़ा आदि शिक्षकगण मौजूद रहे।

## राइंका नैचोली में अंबेडकर जयंती पर विभिन्न प्रतियोगिताएं

**नई टिहरी।** विकासखंड चंबा स्थित राइंका केशरधार नैचोली में डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डा. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं में से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजपाल सिंह खडवाल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डा. अंबेडकर के जीवन व उनके योगदान पर विस्तार से जानकारी साझा की।

# जौनसार-बावर में बिस्सू पर्व की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** क्षेत्र चकराता में पारंपरिक आस्था और उत्साह का प्रतीक बिस्सू पर्व मंगलवार से विधिवत आरंभ हो गया। फुलियात के साथ शुरू हुए इस लोक पर्व की रंगत अब पूरे जौनसार-बावर क्षेत्र में देखने को मिल रही है। 17 अप्रैल तक विभिन्न गांवों में बिस्सू के अवसर पर मेलों और सांस्कृतिक आयोजनों की श्रृंखला जारी रहेगी।

इसी क्रम में मंगलवार को विकासखंड चकराता के लोहारी क्षेत्र के खकटाड़ में भव्य बिस्सू मेले का आयोजन किया गया। मेले में लोहारी, लोखंडी, मुंगाड़ सहित आसपास के कई गांवों के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और



पारंपरिक उल्लास के साथ पर्व मनाया। सुबह से ही ग्रामीण ढोल-दमाऊं की थाप के साथ लो. हारी गांव पहुंचे, जहां महिलाओं और पुरुषों ने पारंपरिक 'हारुल' नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को लोक-संस्कृति के रंग में रंग दिया। इस दौरान बिस्सू पर्व का विशेष आकर्षण 'ठौड़ा' नृत्य रहा, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। मेले में आए लोगों ने एक-दूसरे को बधाइयां देकर आपसी भाईचारे और परंपराओं को जीवंत बनाए रखा। उल्लेखनीय है कि खकटाड़ का बिस्सू मेला वर्षों से लोहारी-लोखंडी क्षेत्र में संग्रांद के दिन आयोजित होता आ रहा है, जो क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस अवसर पर श्याम सिंह राणा, शेर सिंह, मोहर सिंह राणा, चंदन सिंह चौहान, रोहन राणा, रमेश चौहान और शूरवीर चौहान स्याणा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजना से श्रद्धालुओं को बड़ी सुविधा: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** बैसाखी के पावन और उत्साहपूर्ण अवसर पर आज मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सिख समुदाय के एक विशाल एवं गरिमामयी प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस प्रतिनिधिमंडल में हेमकुंड साहिब ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा, उत्तराखंड किसान आयोग के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नामधारी, जनसंख्या नियंत्रण समिति के अध्यक्ष दिनेश मंसेरा तथा विधायक सुरेश गड़िया सहित अनेक प्रमुख गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री धामी को पारंपरिक रूप से सरोपा भेंट कर सम्मानित किया तथा बैसाखी के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस दौरान वातावरण श्रद्धा, सौहार्द और उत्साह से परिपूर्ण रहा तथा सिख समुदाय की समृद्ध परंप. राओं और सांस्कृतिक मूल्यों की झलक देखने को मिली।

इस अवसर पर हेमकुंड साहिब ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा सिख समुदाय के कल्याण, सम्मान और धार्मिक आस्था के संरक्षण हेतु किए जा रहे कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लिए गए अनेक ऐतिहासिक निर्णयों ने सिख समाज को नई पहचान और सम्मान प्रदान किया है। उन्होंने विशेष रूप से हेमकुंड साहिब के लिए लगभग 1740 करोड़ की लागत से प्रस्तावित रोपवे परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह परियोजना श्रद्धालुओं के लिए एक मील का पत्थर सिद्ध होगी। इससे कठिन पर्वतीय यात्रा अत्यंत सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक हो जाएगी तथा बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग श्रद्धालुओं को विशेष लाभ प्राप्त होगा। बिंद्रा ने वीर बाल दिवस के आयोजन को ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए कहा कि इससे गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान को नई पीढ़ी तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा रहा है। साथ ही, गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानपूर्वक मनाना सिक्ख इतिहास और संस्कृति के प्रति देश की आस्था और सम्मान को दर्शाता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अफगानिस्तान के कंधार से गुरु ग्रंथ साहिब को भारत वापस लाने का ऐतिहासिक कार्य सिख समुदाय के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रति. निधिमंडल का स्वागत करते हुए सभी को बैसाखी की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि बैसाखी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं, कृषि समृद्धि और सामा. जिक एकता का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भावुकता के साथ अपने बचपन की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि नानकमत्ता साहिब की पावन भूमि और गुरबाणी का उनके जीवन में विशेष स्थान रहा है।

# रुद्रप्रयाग में बाल विवाह रोका गया

■ नाबालिग बालिका का भविष्य सुरक्षित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जखोली विकासखंड अंतर्गत त्यूंखर गांव में प्रस्तावित एक नाबालिग बालिका का विवाह प्रशासन की तत्परता से समय रहते रुकवा दिया गया।



इस त्वरित कार्रवाई से बालिका को बाल विवाह जैसी कुप्रथा से बचाते हुए उसका भविष्य सुरक्षित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल को बाल कल्याण समिति एवं चाइल्ड हेल्पलाइन रुद्रप्रयाग को सूचना मिली कि क्षेत्र के एक दूरस्थ गांव में नाबालिग बालिका का विवाह तय किया गया है और जल्द ही उसे संपन्न कराने की तैयारी चल रही है। सूचना मिलते ही संबंधित विभाग सक्रिय हो गए। बाल कल्याण समिति की सदस्य ममता शैली एवं पूजा त्रिवेदी मौके पर पहुंचीं। वहीं चाइल्ड हेल्पलाइन से पूजा भंडारी और अखिलेश सिंह की टीम भी मौके पर मौजूद रही। स्थानीय पुलिस टीमकृचौकी प्रभारी महेश सिंह रावत, सोमवीर सिंह तथा कांस्टेबल संतोषकृने भी अभियान में सहयोग किया।

संयुक्त टीम ने परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणामों और इसके विरुद्ध लागू कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। समझाइश और आवश्यक सख्ती के बाद परिजन विवाह रोकने के लिए तैयार हो गए, जिसके बाद नाबालिग बालिका का विवाह रुकवा दिया गया।

प्रशासन की इस कार्रवाई को सराहनीय कदम माना जा रहा है, जो न केवल एक बालिका के जीवन को सुरक्षित करने में सफल रही, बल्कि समाज में बाल विवाह के खिलाफ एक सशक्त संदेश भी देती है।

# उत्तराखंड के लिए गेमचेंजर साबित होगा एक्सप्रेसवे: महाराज

■ पर्यटन, व्यापार, रोजगार व शिक्षा हर सेक्टर को मिलेगा सीधा बूस्ट

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश के लोक निर्माण व पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों लोकार्पित 12,000 करोड़ के 210 किमी एक्सप्रेसवे उत्तराखंड के लिए गेमचेंजर साबित होगा। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का मंगलवार का दौरा सिर्फ एक दिन का कार्यक्रम नहीं था बल्कि विकसित उत्तराखंड के दशक के शुभारंभ का महत्वपूर्ण दिन था। महाराज ने कहा कि दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे ने दूरी ही नहीं, दिल्ली और दून के बीच की मनोवैज्ञानिक दूरी को भी मिटा दिया है। इससे उत्तराखंड के पर्यटन, व्यापार, रोजगार, शिक्षा हर सेक्टर को सीधा बूस्ट मिलेगा।

उत्तराखंड के लिए यह सदी की सबसे बड़ी सौगात है। यह एक्सप्रेसवे चारधाम यात्रा के साथ साथ बारहमासी पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। इससे सालाना 1 करोड़ अतिरिक्त पर्यटक उत्तराखंड आयेंगे, होटल-होमस्टे-टैक्सी कारोबार में 3 गुना वृद्धि होगी। टूरिज्म, होटल, ट्रांसपोर्ट, वेयरहाउ. सिंग में लाखों रोजगार सृजित होंगे और राज्य में क्रांतिकारी बदलाव आएगा।

# दिल्ली-देहरादून हाईवे राज्य मे विकास की तस्वीर, कांग्रेस के आरोपों से जनता असहमत: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि दिल्ली-देहरादून कोरिडोर राज्य मे विकास की तस्वीर को बयां करने के लिए पर्याप्त है। पीएम मोदी ने आज इस विकास के सेतु का उदघाटन कर यह साबित कर दिया कि आखिर उन्हे विकास अर्थात मोदी की गारंटी क्यों कहा जाता है। उन्होंने कांग्रेस के आरोपों को हताशा, निराशा बताते हुए कहा कि उससे जनता भी असहमत है। कांग्रेस के आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए चौहान ने कहा कि भाजपा ने विकास की लम्बी लकीर खींची है और इससे कांग्रेस के आरोपों का



कोई अस्तित्व नही रह जाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता जानती है कि भर्ती घोटालों मे माफिया के नेटवर्क को किस तरह धामी सरकार ने तोड़ा और युवाओं की मांग पर मामले मे सीबीआई जांच तक की संतुति की है। सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। चौहान ने कहा कि अंकिता

■ कांग्रेस हताश और निराश, विकास कार्यों को न पचा पाना उसका स्वभाव

भंडारी मामले मे आरोपी जेल की सलाखों के पीछे सजा काट रहे हैं और मामले मे भी सरकार ने हर आशंका को निर्मूल करने के लिए सीबीआई जांच का फैसला लिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली- देहरादून हाईवे के बाद कोई चुनौती नहि बल्कि अवसर खुलने वाले है। कांग्रेस को अपने नजरिये को बदलने की जरूरत है। कृषि उत्पाद फल और उतरा खंडी मिलेट की पहुँच अन्य राज्यों मे आसान होगी। उन्होंने कहा कि हाईवे के बाद जाम की समस्या से निपटने के लिए भी पूरा होमवर्क तैयार है। लगभग 8 हजार करोड़ की योजनाएं धरातल पर उतरने वाली है और राज्य के पर्यटन स्थल और चार धाम अब सुगम हो जायेगा। चौहान ने कहा कि सीएम के आगमन पर हर बार स्वत: स्फुर्त भीड़ आती रही है और यह उनकी लोक प्रियता का पैमाना है। उन्होंने कहा कि हर बार पीएम उत्तराखंड आते हैं तो राज्य को सौगातें ही मिलती है यह राज्य का सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि जिस तरह सीएम पुष्कर सिंह धामी पीएम मोदी के मार्गदर्शन मे राज्य को आगामी दशक का श्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा मे आगे बढ़ रहे हैं।

# रेखा आर्या ने डॉ. आंबेडकर को दी श्रद्धांजलि



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने मंगलवार को संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर शासकीय आवास पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को स्मरण किया।

इस अवसर पर मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने भारतीय समाज को समानता, न्याय और अधिकारों की जो दिशा दिखाई, वह आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समर्पण और सामा. जिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि आज के समय में आवश्यकता है कि हम उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करें और समाज में व्याप्त असमानताओं को दूर करने के लिए मिलकर कार्य करें।

रेखा आर्या ने कहा कि सरकार भी उनके आदर्शों के अनुरूप समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है।मंत्री ने प्रदेशवा. सियों से आह्वान करते हुए कहा कि सभी लोग बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलकर एक समरस, न्यायपूर्ण और सशक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

# पीएम मोदी से मिलने जा रहे कई संगठनों-पार्टियो के नेता गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड की अस्थाई राजधानी पहुंचे पीएम मोदी से मिल कर अपनी बात रखने और विरोध करने वालों को पुलिस ने बीच रास्ते से ही गिरफ्तार कर लिया। कांग्रेस नेता संजय कनौजिया, मोहन काला व नितिन चंचल को काले झंडे दिखने की कोशिश करने दपर गिरफ्तार किया गया।

उनका कहना था कि प्रधानमंत्री से सवाल पूछना लोकतंत्र में हमारा संवैधानिक अधिकार है पर नरेंद्र मोदी के शासन में संवैधानिक अधिकार पर कुठाराघात हो रहा है। उन्हाने कहा कि पीएम अंकिता



भण्डारी, केदारनाथ मंदिर का 230 किलो सोना मामले पर मौन क्यों हैं। वहीं, मुस्लिम सेवा संगठन के कार्यकर्ता गांधी रोड पुराना बस अड्डा पर प्रधानमंत्री मोदी से भेट कर ज्ञापन देने के लिये एकत्रित हुए, मगर मुस्लिम सेवा संगठन के अध्यक्ष नईम कुरैशी एवं उपाध्यक्ष अक्की कुरैशी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। संगठन का कहना है कि वे पीएम से मिलकर अंकिता भंडारी हत्याकांड, उत्तराखंड में मुस्लिमों पर हो रहे कथित अत्याचार, प्रदेश में बढ़ते निरंकुश अपराधों के विषय में अवगत कराना चाहते थे। इसके अलावा यूकेडी के कार्यक्रताओं को भी गिरफ्तार किया गया है।

# चारधाम यात्रा 2026 : राज्यों में शुरू हुआ हेल्थ अलर्ट अभियान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** चारधाम यात्रा 2026 को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए उत्तराखंड सरकार ने इस बार स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक रणनीति तैयार की है। सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सचिन कुर्वे के दिशा-निर्देशों में स्वास्थ्य विभाग ने देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष हेल्थ एडवाइजरी जारी की है। इसका उद्देश्य यात्रा के दौरान होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को पहले ही कम करना और जागरूकता बढ़ाना है।

उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग ने अंतरराज्यीय समन्वय की ठोस पहल शुरू की है। इसी क्रम में 09 अप्रैल 2026 को विभाग के सहायक निदेशक डॉ. अमित शुक्ला ने राजस्थान का दौरा कर वहां के प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की। राजस्थान शासन के प्रमुख सचिव स्तर पर आयोजित इस बैठक में निदेशक (पब्लिक हेल्थ) और डॉ. रवि प्रकाश शर्मा भी मौजूद रहे। इस दौरान उत्तराखंड सरकार द्वारा जारी स्वास्थ्य सुझावों और दिशा-निर्देशों को साझा करते हुए यात्रा से जुड़े संभावित स्वास्थ्य जोखिमों और आवश्यक सावधानियों पर गहन चर्चा की गई। बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि चारधाम यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य हित को सर्वोपरि रखते हुए इन दिशा-निर्देशों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाएगा। विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि राजस्थान से आने वाले तीर्थयात्रियों को यात्रा से पूर्व ही आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी जानक. ारी, सावधानियां और गाइडलाइन स्पष्ट रूप से उपलब्ध कराई जाएं, ताकि वे पूरी तैयारी और जागरूकता के साथ यात्रा पर निकलें।

## नैनीताल में पर्यटकों की भीड़ भाड़ से बढ़ी रौनक

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में मंगलवार को भी सैलानियों की भीड़ लगी रही। बता दें नगर में सुबह से मौसम साफ था जिसके चलते पर्यटकों ने यहां जमकर मौज मस्ती की।

# गैस की कालाबाजारी करने वालों पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने जिला प्रशासन से गैस की कालाबाजारी में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजे जाने की मांग की है। संगठन के केंद्रीय संयोजक डा. धर्म यादव और प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता ने प्रेस को दिए संयुक्त बयान में कहा कि राज्य सरकार द्वारा यह बार-बार कहा जा रहा है कि राज्य में गैस संकट नहीं है, लेकिन हल्द्वानी और पूरे नैनीताल जिले में गैस का संकट स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है। आम जनता को गैस सिलेंडर के लिए लंबी-लंबी लाइनों में खड़ा होना पड़ रहा है। दोनों पदा. धिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार ने व्यवसायिक गैस सिलेंडर के लिए जो एसओपी जारी की है, उसका पूरी तरह से पालन नहीं किया जा रहा है। इंडेन गैस के कर्मचारियों द्वारा मनमानी की जा रही है, जिससे व्यापारियों को समय पर कॉमर्शियल गैस मुहैया नहीं हो पा रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का ठीक से पालन नहीं कर रहे हैं, जिसका खामियाजा आम जनता और व्यापारी वर्ग को भुगतना पड़ रहा है। व्यापार मंडल ने जिला प्रशासन से मांग की है कि गैस की कालाबाजारी करने वालो पर सख्त कार्रवाई की जाए, यदि उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तो व्यापार मंडल आंदोलन को मजबूर होगा।

# कांग्रेसियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मदन लाल ने कांग्रेस भवन में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहब को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उन्होंने बाबा साहेब के देश के लिए किए गए अतुलनीय योगदान को याद करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारतीय संविधान के निर्माण के माध्यम से देश को समानता, न्याय और अधिकारों की मजबूत नींव दी। उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।



प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव महेश जोशी ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान निर्माण कर राष्ट्र को मजबूत अस्त्र दिया है। उन्होंने कहा कि संविधान में प्रत्येक व्यक्ति को अधिकार दिए हैं जिनके प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है।

इस अवसर कांग्रेस कमेटी के महानगर अध्यक्ष अनुसूचित विभाग करन घाघट, प्रदेश महासचिव धर्मपाल धाघट, प्रदेश उपाध्यक्ष नोहर सिंह, मानसिंह, गगन छाछर, प्रदेश प्रवक्ता प्रतिमा सिंह, पूनम सिंह, पंकज राणा, आदर्श सूद, प्रदेश सचिव प्रवेश सिंघानिया, सईद अहमद जमाल, विजय जगूड़ी, सुरेश कुमार, नितेश राजो. रिया, गुलशन कुमार व गौरव पंवार आदि उपस्थित रहे।

## प्रदेश की जनता अपने को ठगा सा महसूस कर रही: राजीव

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्तराखंड दौरे के परिपेक्ष में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव राजीव कुमार ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि हम देवभूमि उत्तराखंड की पावन धरती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव व 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने उत्तराखंड की जनता से अनेकों वादे किये थे, जनता ने उन पर विश्वास जताते हुए भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत के साथ इस आशा और विश्6वास के साथ जिताकर भेजा था और उत्तराखंड की भोली-भाली जनता को विश्वास था कि प्रधानमंत्री देवभूमि की जनता से किये गये वादों को पूरा करेंगे।


**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
TATA
पंजीकृत कार्यालय: 11वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013
CIN नंबर:- U67190MH2008PLC187552

**मांग सूचना**

वित्तीय परिसंपत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") की धारा 13(2) के अंतर्गत, तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 ("नियम") के नियम 3 के साथ पठित।

यह कि अधोहस्ताक्षरी, अधिनियम के अंतर्गत **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (TCHFL)** का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा नियमों के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत नीचे उल्लिखित तिथि के अनुसार विस्तृत मांग नोटिस पूर्व में जारी कर चुका है, जिसके द्वारा उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/जमानतकर्ता (सभी को पृथक-पृथक अथवा संयुक्त रूप से "दायित्वकर्ता" कहा गया है) / नीचे सूचीबद्ध कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधियों को, नीचे दिए गए विवरण के अनुसार, संबंधित मांग नोटिस की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित मांग नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए आह्वान किया गया था। उक्त नोटिसों की प्रतियां पंजीकृत डाक ए.डी. द्वारा प्रेषित की जा चुकी हैं तथा अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त दायित्वकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि यदि चाहें तो किसी भी कार्य दिवस को सामान्य कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरी से संबंधित नोटिस की प्रति प्राप्त कर सकते हैं।

उपरोक्त के संबंध में, उक्त दायित्वकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधियों को पुनः यह सूचना दी जाती है कि वे संबंधित नोटिसों की तिथि से 60 दिनों के भीतर, नीचे उनके संबंधित नामों के सामने उल्लिखित राशि का भुगतान TCHFL को करें, साथ ही नीचे स्तंभ (d) में उल्लिखित संबंधित तिथियों से भुगतान की तिथि और/अथवा वसूली तक, ऋण अनुबंध तथा अन्य किसी भी निष्पादित दस्तावेज/लिखत के अनुसार देय अतिरिक्त ब्याज का भी भुगतान करें। ऋण की विधिवत पुनर्भुगतान की सुरक्षा के रूप में, **निम्नलिखित सुरक्षित संपत्तियां संबंधित दायित्वकर्ता/दायित्वकर्ताओं द्वारा TCHFL के पक्ष में बंधक रखी गई हैं।**

| ऋण खाता संख्या | देनदार(ओं) / विधिक उत्तराधिकारी (यों) / विधिक प्रतिनिधि(यों) का नाम | नीचे उल्लिखित तिथियों के अनुसार कुल बकाया देय राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि एवं एनपीए की तिथि |
|---|---|---|---|
| TCHHL095400100337476<br>TCHIN095400100338097<br>TCHHF095400100426893 | श्री दक्षराज शर्मा (उधारकर्ता) एवं श्रीमती पूनम गुप्ता (सह-उधारकर्ता) | दिनांक 06-अप्रैल-2026 की स्थिति अनुसार, ₹ 14,64,945/- (रुपये चौदह लाख चौंसठ हजार नौ सौ पैंतालीस मात्र) की राशि ऋण खाता संख्या TCHHL0954000100337476 के अंतर्गत देय एवं भुगतान योग्य है तथा ₹ 91,208/- (रुपये इक्यानवे हजार दो सौ आठ मात्र) की राशि ऋण खाता संख्या TCHIN0954000100338097 के अंतर्गत देय एवं भुगतान योग्य है तथा ₹ 3,59,094/- (रुपये तीन लाख उनसठ हजार चौरानवे मात्र) की राशि ऋण खाता संख्या TCHHF0954000100426893 के अंतर्गत देय एवं भुगतान योग्य है, अर्थात कुल ₹ 19,15,247/- (रुपये उन्नीस लाख पंद्रह हजार दो सौ सैंतालीस मात्र) देय है। | 06-अप्रैल-2026 एवं 03-अप्रैल-2026 |

**सुरक्षित परिसंपत्तियों / अचल संपत्तियों / बंधक संपत्तियों का विवरण:** आवासीय निजी प्लॉट संख्या 7 का समस्त भाग एवं खंड, जिसका क्षेत्रफल 20×30 फीट अर्थात 55.76 वर्ग मीटर है, जो खसरा संख्या 43 मि., खाता संख्या 00663 में सम्मिलित है, जो गणपति एन्क्लेव में स्थित है, वार्ड संख्या 1, ग्राम फुलसुंगी, **तहसील- रुद्रपुर, जिला- उधम सिंह नगर, उत्तराखंड, तथा विक्रय विलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाओं सहित; सीमाएं: पूर्व-** रास्ता 7.62 मीटर, **पश्चिम-** महालक्ष्मी एन्क्लेव, **उत्तर-** निजी प्लॉट संख्या 6, **दक्षिण-** निजी प्लॉट संख्या 8

*उपर्युक्त उल्लिखित संबंधित मांग नोटिसों में विशेष रूप से उल्लिखित दर के अनुसार देय आगे का ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, भुगतान और/अथवा वसूली की तिथि तक किए गए आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि सहित। यदि उक्त दायित्वकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि उपर्युक्तानुसार TCHFL को भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो TCHFL उक्त अधिनियम की धारा 13(4) तथा लागू नियमों के अंतर्गत उपर्युक्त सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्ति(यों) के विरुद्ध कार्यवाही करेगा, जिसके समस्त खर्च एवं परिणामों का जोखिम पूर्णतः उक्त दायित्वकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधियों का होगा।

उक्त दायित्वकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधियों को उक्त अधिनियम के अंतर्गत, TCHFL की पूर्व लिखित सहमति के बिना, उपर्युक्त सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्ति(यों) को बिक्री, पट्टे अथवा किसी अन्य प्रकार से हस्तांतरित करने से निषिद्ध किया जाता है। अधिनियम अथवा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करने या उल्लंघन में सहायता करने वाला कोई भी व्यक्ति अधिनियम में प्रावधानित कारावास एवं/अथवा दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

**दिनांक : 15-04-2026**
**स्थान : रुद्रपुर**
**हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, कृते टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**


# पुख्ता होमवर्क से नहीं लगा जाम, सामान्य रहा यातायात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** रजत जयंती समारोह की सफलता के बाद, प्रधानमंत्री के देहरादून भ्रमण और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण जैसे महा-आयोजन में भी देहरादून ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्थाएं पूरी तरह खरी उतरीं। सुनियोजित प्लानिंग और बेहतर तालमेल की बदौलत शहरवासियों को बिना किसी परेशानी के सुचारु यातायात की सुविधा मिली। एसएसपी देहरादून के निर्देशन और एसपी ट्रैफिक लोकजीत सिंह के नेतृत्व में इस आयोजन के लिए श्होमवर्कश 27 मार्च से ही शुरू कर दिया गया था। सीओ ट्रैफिक जगद. ीश पंत के पर्यवेक्षण में छह विशेष टीमें गठित की गईं, जिन्हें अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी



गई थीं। ट्रैफिक इंस्पेक्टर जितेन्द्र जोशी ने वीवीआईपी मूवमेंट के लिए विभागों से समन्वय किया, वहीं प्रदीप कुमार ने सटीक डायवर्जन प्लान तैयार किया। बसों के मूवमेंट की कमान समरवीर रावत और पार्किंग की जिम्मेदारी कमल सजवाण ने संभाली। ललित मोहन बोरा ने मानव श्रृंखला के दौरान यातायात प्रबंधन और सीपीयू इंस्पेक्टर नरेश कुमार ने क्रेन के माध्यम से सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखने का काम किया। एसपी ट्रैफिक लोकजीत सिंह ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस ने इस आयोजन के लिए माइक्रो लेवल प्लानिंग करते हुए पूरे रूट को 54 सेक्टरों और पार्किंग व्यवस्था को 22 ब्लॉकों में विभाजित किया था। 10 से 13 अप्रैल के बीच चलाए गए विशेष रात्रिकालीन अभियान के दौरान सड़क पर बाधा बन रहे करीब 150 वाहनों को क्रेन की मदद से हटाया गया। आगंतुकों के लिए ड्रॉप प्वाइंट और पार्किंग का निर्धारण पहले ही कर लिया गया था, जिसकी जानकारी सोशल मीडिया और समाचार माध्यमों से 8 अप्रैल से ही जनता को दी जा रही थी।

# आपने वादों पर खरे नही उतर रहे मोदी: गोदियाल

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देहरादून आगमन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्तराखंड आगमन पर उनका स्वागत करते हैं। साथ ही हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उत्तराखंड के कुछ ज्वलंत मुद्दो पर भी इस अवसर पर उनका ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह के माध्यम से जारी बयान में प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल ने कहा कि जब भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तराखंड पधारे हैं तब-तब उन्होंने यहां की जनता से कुछ वादे किया हैं।

चाहे 2022 के विधानसभा चुनाव हो या 2024 के लोकसभा चुनाव हो उन्होंने उत्तराखण्ड की जनता से अनेकों वायदे किये थे और उत्तराखंड की भोली'-भाली जनता ने उन पर विश्वास जताते हुए भारतीय जनता पार्टी को प्रचण्ड बहुमत के साथ इस आशा और विश्वास के साथ पूर्ण बहुमत के साथ जिताकर भेजा था कि राज्य की जनता की समस्याओं का निदान होगा ओर उत्तराखंड राज्य की भोली-भाली जनता को विश्वास था कि प्रधानमंत्री देवभूमि की जनता से किये गये वायदों को पूरा करेंगे और अपने बचनों की गरिमा रखेंगे। लेकिन आज 10 वर्षों के बाद भी उत्तराखण्ड की जनता विषेशकर युवा अपने को ठगा सा महसूस कर रही है, क्योंकि भाजपा सरकारें जनता से किये गये वायदों को पूरा करने की दिशा में एक कदम भी आगे नहीं बढ़ पाई है।

■ उत्तराखंड राज्य की भोली-भाली जनता को ठग रही भाजपा

गोदियाल ने कहा कि उत्तराखंड राज्य को प्रत्येक वर्ष भीषण दैवीय आपदाओं से जूझना पडता है तथा यहां पर जानमाल की क्षति के साथ ही सैकड़ों लोगों को अपने प्राण गवांने पडते हैं,?

परन्तु केन्द्र सरकार की ओर से राज्य को कोई भी सहायता नहीं मिल पाती है। इससे राज्य के लोगों को एहसास होता है कि प्रधानमंत्री जी केवल उत्तराखंड दौरे पर सैर सपाटे के लिए आते हैं यहां के लोगों के दु:ख-दर्द से उनका दूर-दूर तक का कोई सरोकार नहीं है।

# चेन्नई ने कोलकाता को 193 का टारगेट दिया

### सैमसन ने 48, ब्रेविस ने 41 रन बनाए, कार्तिक त्यागी ने चटकाए2 विकेट

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल के 22वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को 193 रन का टारगेट दिया। चेपाक स्टेडियम में केकेआर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। सीएसके ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 192 रन बनाए। संजू सैमसन ने 32 बाल पर 4 चौके और 3 छक्कों के सहारे 48 रन बनाए। जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने 29 बाल पर 41 रन की पारी खेली।

आयुष म्हात्रे ने 17 बाल पर 38 रन बनाए। उन्होंने 6 चौके और 2 छक्के मारे। केकेआर से कार्तिक त्यागी ने दो विकेट झटके। वैभव अरोरा, अनुकूल राय और सुनील नरेन को एक-एक विकेट मिला। चेन्नई की पारी का 20वां ओवर डाल रहे कार्तिक त्यागी ने महज 8 रन बनाए। उनके इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई। 18वें ओवर में चेन्नई ने 5वां विकेट गंवाया। यहां पर डेवाल्ड ब्रेविस 41 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कार्तिक त्यागी ने वैभव अरोरा के हाथों कैच कराया। त्यागी को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने संजू सैमसन (48 रन) को बोल्ड किया। 17वें ओवर में सीएसके ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर सरफराज खान 23 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें सुनील नरेन ने 17वें ओवर की पहली बाल पर बोल्ड कर दिया। इसी के साथ 51 रन की साझेदारी टूट गई। 16वें ओवर में चेन्नई ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। इस ओवर में वैभव अरोरा ने 20 रन खर्च कर दिए। उनके ओवर में दो छक्के और एक चौका पड़ा। ब्रेविस ने दूसरी बाल पर छक्का लगाया, जबकि चौथी बाल पर सरफराज खान के बल्ले से छक्का आया। आखिरी बाल पर ब्रेविस ने चौका मारा। 14वें ओवर में डेवाल्ड ब्रेविस ने वरुण चक्रवर्ती की बाल पर लगातार दो चौके लगाए। चौथी और 5वीं बाल को बाउंड्री के बाहर पहुंचाया। ओवर की दूसरी बाल पर सरफराज खान ने एक छक्का भी मारा। वरुण के इस ओवर से 15 रन आए। सुनील नरेन ने 13वें ओवर में महज 3 रन दिए। ये सभी रन सिंगल के जरिए आए। नरेन के इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई। उन्होंने 3 ओवर महज 16 रन ही दिए हैं। सीएसके ने तीसरा विकेट गंवा दिया। यहां पर संजू सैमसन 48 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कार्तिक त्यागी ने 12वें ओवर की दूसरी बाल पर बोल्ड किया, पहली बाल पर छक्का पड़ा था। 10वें ओवर में चेन्नई ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया। संजू सैमसन ने कार्तिक त्यागी के ओवर की 5वीं बाल पर अपर कट करके छक्का लगाया। इसी छक्के के सहारे टीम ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया। 9वें ओवर में सुनील नरेन ने महज 5 रन दिए। उनकी पहली बाल पर ब्रेविस के कैच आउट होने का मौका बना, लेकिन मिड आन पर कैच उठा था, मिडविकेट, मिड आन और मिड आफ के फील्डर इसे पकड़ने के लिए दौड़े, लेकिन फील्डर्स के पहुचने से पहले बाल जमीन पर गिर गई। टॉस हारकर बैटिंग कर रही चेन्नई की शुरुआत मिलीजुली रही। टीम ने पावरप्ले के 6 ओवर में 72 रन बनाने में दो विकेट गंवा दिए।



# मिचेल व दीप्ति शर्मा बने विजडन के साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

**लंदन, वार्ता।** मिचेल स्टार्क को विजडन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने दुनिया का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुना है। उन्होंने 2025 में शानदार प्रदर्शन किया और एशेज में अहम भूमिका निभाई। वहीं दीप्ति शर्मा को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का सम्मान मिला है।

नवम्बर में घरेलू जमीन पर भारत की ऐतिहासिक विश्व कप जीत में उनका बड़ा योगदान रहा। इन पुरस्कारों का ऐलान अल्मनाक के 163वें संस्करण के प्रकाशन से पहले किया गया। 36 साल के स्टार्क ने इस साल 11 टेस्ट मैचों में 17-32 की औसत से 55 विकेट लिए। इसमें वेस्टइंडीज के खिलाफ सिर्फ नौ रन देकर छह विकेट लेने का उनका करियर बेस्ट प्रदर्शन भी शामिल रहा। इसके बाद 2025-26 एशेज के पहले दो टेस्ट में उन्होंने 18 विकेट झटके और पूरी सीरीज में 19-93 की औसत से 31 विकेट लेकर टीम को जीत दिलाई। 28 साल की दीप्ति शर्मा भारत की 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' रहीं। भारत ने नवी मुंबई में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार 50 ओवर का विश्व कप जीता। पूरे टूर्नामेंट में उन्होंने 30-71 की औसत से 215 रन बनाए और 20-40 की औसत से 22 विकेट भी लिए। फाइनल में उन्होंने 58 रन की अहम पारी खेली और 5 विकेट लेकर मैच अपने नाम किया। भारत के पुरुष क्रिकेटरों को भी इस बार अल्मनाक में बड़ी पहचान मिली है। शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा, ऋषभ पंत और मोहम्मद सिराज को विजडन के 'साल के 5 सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर' में शामिल किया गया। इन सभी ने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ रही टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था।




**खेल विशेष**

### कमिंस के 17 अप्रैल को एसआरएच में वापस आने की उम्मीद

**हैदराबाद, वार्ता।** दो डेब्यू करने वाले भारतीय पेसरों की शानदार सफलता पर सवार सनराइजर्स हैदराबाद का बॉलिंग अटैक और मजबूत हो सकता है, क्योंकि पैट कमिस की टीम से कुछ अच्छी खबर आई है। उनके चुने हुए कप्तान, जो दुनिया के सबसे अच्छे तेज गेंदबाजों में से एक हैं, जल्द ही उनके आने वाले मैचों के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। अभी तक कोई गारंटी नहीं है, लेकिन निश्चित रूप से नई उम्मीद जगी है। क्रिकबज को पता चला है कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कमिस बुधवार को घर पर फिटनेस टेस्ट देंगे, और अगर वह इसे पास कर लेते हैं - जिसके बारे में फेंचाइजी में उम्मीद की किरण है - तो उनके उनके लिए खेलना शुरू करने का चांस है। कमिस के 17 अप्रैल को हैदराबाद वापस आने की उम्मीद है। एसआरएच अपना अगला मैच शुक्रवार (18 अप्रैल) को अपने घर पर खेलेगा।

### ब्रिटेन के जैक ड्रेपर पहले राउंड में रिटायर हुए

**बार्सिलोना (स्पेन), वार्ता।** ब्रिटेन के जैक ड्रेपर घुटने की चोट के कारण बार्सिलोना ओपन में टॉमस मार्टिन एचेवेरी के खिलाफ अपने पहले राउंड के मैच के तीसरे सेट में रिटायर हो गए। क्ले-कोर्ट सीजन का अपना पहला मैच खेल रहे ड्रेपर ने अर्जेंटीना के एचेवेरी के खिलाफ पहला सेट 6-3 से जीता, लेकिन उन्हें मूवमेंट में दिक्कत होने लगी और दूसरा सेट 6-3 से हार गए। 24 साल के इस खिलाड़ी पर एक फिजियो ने ध्यान दिया और डिसाइडिग सेट से ठीक पहले उनके दाहिने घुटने के नीचे के हिस्से पर टेप लगाया गया। तीसरे सेट में एचेवेरी ने उनकी सर्व दो बार तोड़ी और कोर्ट पर घूमने में मुश्किल होने के बाद, उन्होंने 4-1 से पीछे होने पर मैच छोड़ दिया। दुनिया में 28वें रैंक वाले ड्रेपर हाथ की चोट से वापसी के दौरान सावधान रहे हैं और टूर्नामेंट से पहले हाल ही में हुए मोंटे कार्लो मास्टर्स से हट गए थे।

# चेपॉक पर धोनी ने की प्रैक्टिस अभी वापसी में देरी संभव

**चेन्नई, वार्ता।** काफ इंजरी से उबर रहे एमएस धोनी को आईपीएल 2026 में वापसी के लिए अभी और इंतजार करना पड़ सकता है क्योंकि वह अभी भी मैच फटिनेस पर काम करते प्रतीत हो रहे हैं। 28 मार्च को सीजन के पहले दिन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने अपने बयान में बताया था कि धोनी पहले दो सप्ताह तक के लिए बाहर रह सकते हैं और वह रिहैब से गुजरेंगे।

धोनी टीम के अन्य साथियों के साथ अभ्यास कर रहे हैं लेकिन वह केवल थ्रोडाउन का सामना कर रहे हैं और अभी भी उनका पूरी तरह से फटि होना बाकी है। सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ घरेलू मैच की पूर्व संध्या पर चेपॉक में अंडर लाइट्स सीएसके के अभ्यास के अंतिम चरण में धोनी ने नेट्स में थोड़ी देर अभ्यास किया। लेकिन एक बार फिर उन्होंने सपोर्ट स्टाफ से केवल थ्रोडाउन का सामना किया, जब हसी ने प्रैक्टिस पिच के बीच में गेंद डाली तो गेंद धोनी के बल्ले के जोड़ पर जा लगी। लेकिन जब गेंद उनके स्लॉट में पड़ी तब उन्होंने गेंद को अपने बॉटम हैंड का इस्तेमाल करते हुए मिडविकेट बाउंड्री की ओर भेज दिया। इसके बाद उन्होंने स्लॉट में पड़ी एक और गेंद को लेग साइड में 'जे' स्टैंड में भेज दिया। सीएसके का अभ्यास सत्र रात के नौ बजे समाप्त हुआ। धोनी ने विकेटकीपिग का अभ्यास नहीं किया। 44 वर्षीय धोनी ने सीएसके के अब तक चारों मुक. ाबले मिस किए हैं और मंगलवार को भी वह खेलने से चूक सकते हैं। उन्होंने अब तक चेन्नई के बाहर सीएसके के मुकाबलों के लिए गुवाहाटी और बेंगलुरु की यात्रा नहीं की है। वहीं सीएसके के घरेलू मुकाबलों के लिए भी वह चेपॉक नहीं पहुंचे हैं। गुवाहाटी में पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान टीम के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिग ने कहा था कि वह टीम से जुड़ी चर्चाओं में शामिल रहते हैं और टीम पर उनका प्रभाव अभी भी मजबूत है। धोनी की अनुपस्थिति में संजू सैमसन विकेटकीपिग कर रहे हैं और इंग्लैंड के ऑलराउंडर जेमी ओवर्टन ने अपने खेल से फर्निशर की भूमिका अदा करने की झलक दिखाई है।

# RCB की धाकड़ बल्लेबाजी व आउट ऑफ फॉर्म LSG के बीच मुकाबला

**बेंगलुरु, वार्ता।** एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में, जहां बाउंड्री छोटी होती हैं और बॉलर अक्सर ऐसे दिखते हैं जैसे मानसून आते ही उन्होंने अपना छाता खो दिया हो, एक और आईपीएल शाम चुपचाप अपने हमेशा के थिएटर जैसा माहौल बना लेती है।

इस बार लखनऊ सुपर जायंट्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु जैसी मजबूत घरेलू टीम के चैलेंजर के तौर पर आ रहे हैं। यहीं पर आरसीबी कुछ ऐसा कर रही है जो क्रिकेट कम और एक अच्छी तरह से तैयार फैक्ट्री ज्यादा लगता है और उनके रास्ते में आने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए थोड़ा डरावना है। इसे सिर्फ अच्छी बैटिंग फॉर्म कहना गलती होगी। यह भगदड़ को तेज चलना कहने जैसा होगा। इस मैदान पर, आरस. ीबी ने रन बनाने को लगभग रूटीन, फिर भी जबरदस्त बना दिया है। 200 रन का आंकड़ा अब कोई मील का पत्थर नहीं रहा, यह सिर्फ एक विनम्र सुझाव है। बैटिंग कंट्रोल में शुरू होती है, लगभग ऐसे जैसे कोई सरकारी ऑफिस समय पर खुल रहा हो, और फिर धीरे-धीरे कुछ ज्यादा अग्रेसिव और बॉलर्स के लिए उसे रोकना नामुमकिन हो जाता है। इस सीजन में आरसीबी की बैटिंग यूनिट को विराट कोहली लीड कर रहे हैं, जिन्होंने टॉप पर अपनी हमेशा की तरह अथॉरिटी के साथ चार मैचों में 179 रन बनाए हैं। उनके साथ, फिल सॉल्ट ने जबरदस्त शुरुआत दी है, जिसमें पिछले मैच में 36 गें. दों पर 78 रन की तेज पारी शामिल है, जिससे शुरुआत में ही माहौल बन गया। देवदत्त पडिक्कल भी शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने तीन मैचों में 125 रन बनाए हैं, जिसमें दो तेज फिफ्टी शामिल हैं और उनका स्ट्राइक रेट 200 से ज्यादा है, जिससे वह पावरप्ले और शुरुआती मिडिल ओवर्स में सबसे खतरनाक बैट्समैन में से एक बन गए हैं।



# वैभव का विकेट पहली गेंद पर लेने के बारे में पहले ही कहा था: हिंगे

**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल 2026 में सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए अपने आईपीएल डेब्यू पर धमाकेदार प्रदर्शन करने वाले विदर्भ के तेज गेंदबाज प्रफुल हिंगे ने कहा कि उन्होंने पिछले साल ही यह सोच लिया था कि जब वह डेब्यू करेंगे तो चार या पांच विकेट लेंगे। हिंगे ने बताया कि उन्होंने पहले ही कुछ लोगों से यह भी कहा था कि वह पहली ही गेंद पर वैभव सूर्यवंशी का विकेट लेंगे।

मैच के बाद प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड लेने के बाद हिंगे ने कहा कि पिछले साल मैंने कहीं पर लिखा था कि जब मैं डेब्यू करूंगा तो चार या पांच विकेट लूंगा। मैं पावरप्ले में जितना संभव हो हावी होना चाहता था। मुझे औरों का नहीं पता लेकिन मुझे इसमें (मैनिफेस्टेशन) विश्वास है। कप्तान इशान किशन ने पहला ओवर हिंगे को ही थमाया था और उन्होंने अपनी दूसरी ही गेंद पर सूर्यवंशी को आउट कर दिया। सूर्यवंशी की यह पहली गेंद थी और वह लेग साइड में खेलने गए लेकिन गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर कीपर के पास चली गई। हिंगे ने सूर्यवंशी के अलावा अपने पहले ही ओवर में ध्रुव जुरेल और लुआन-ड्रे प्रीटोरियस का विकेट भी लिया लेकिन उनका सबसे पसंदीदा विकेट सूर्यवंशी का विकेट था। हिंगे ने कहा कि सूर्यवंशी का विकेट सबसे बढ़िया था क्योंकि वह फॉर्म में थे। मैंने पहले ही कुछ लोगों से कह रखा था कि मैं उसे पहली ही गेंद पर आउट करूंगा, या तो बाउंसर डालूंगा या किसी और तरह से उसे आउट करूंगा। मैं पहली ही गेंद पर उसका विकेट लेना चाहता था। यही योजना थी और हमारे गें. दबाजी कोच वरुण (आरोन) भाई ने मेरी काफी मदद की। मैं हर किसी का शुक्रगुजार हूं जिन्होंने मेरा साथ दिया। हिंगे ने अपनी क्रिकेट की यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि जब उन्होंने क्रिकेट खेलना शुरू किया था तब उन्हें यह भी पता नहीं था कि लेदर बॉल किसे कहते हैं। हिंगे ने कहा कि मैंने 13 वर्ष की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया था, तब मैं यह भी नहीं जानता था कि लेदर बॉल क्या होती है। मैंने अपने पिता से कहा था कि मैं क्लब से जुड़ना चाहता हूं लेकिन उन्होंने यह कहते हुए मना कर दिया कि मैं अभी काफी छोटा हूं। लेकिन कैसे भी फिर चीजें वहां से शुरू हुई और मैं लगातार खेलता रहा। यहां पर खड़ा होना एक सुखद एहसास है, मैं इस अवॉर्ड को अपने परिवार को समर्पित करना चाहता हूं। हिंगे के साथ ही एक अन्य तेज गें. दबाज साकिब हुसैन ने भी धमाकेदार डेब्यू किया और उन्होंने भी चार विकेट हासिल किए।

दूसरे ओवर में ही उन्होंने यशस्वी जायसवाल का विकेट निकाला था और फिर उन्होंने आरआर की ओर से एकमात्र अर्धशतक जड़ने वाले डॉनोवन फरेरा का भी विकेट निकाला। साकिब ने अपने इस प्रदर्शन का श्रेय आरोन को दिया। साकिब ने कहा कि हर एक खिलाड़ी की ख्वाहिश होती है कि उसका डेब्यू इस तरह से हो। जब मुझे पता चला कि मैं डेब्यू कर रहा हूं तो फिर काफी अच्छा लगा। गेंदबाजी कोच ने एक दिन पहले ही मुझे बता दिया था कि मैं खेलने वाला हूं, तो मैं उसके लिए तैयार था। गेंदबाजी कोच वरुण आरोन मेरे साथ पिछले तीन-चार मैच से काम कर रहे थे। मेरी गेंदबाजी में सुधार उनकी वजह से हुआ है।




### पैट कमिंस को अपना आदर्श मानते हैं प्रफुल हिंगे

**हैदराबाद, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ आईपीएल 2026 में डेब्यू करते हुए विदर्भ के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रफुल हिंगे ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को धमाकेदार शुरुआत दिलाते हुए अपने पहले ही ओवर में तीन विकेट निकाल लिए। उन्होंने वैभव सूर्यवंशी के अलावा ध्रुव जुरेल और लुआन-ड्रे प्रीटोरियस को पवेलियन चलता कर दिया। सीनियर स्तर पर 24 वर्षीय हिंगे का यह केवल दूसरा टी20 मैच था और उन्होंने ओवर की दूसरी ही गेंद पर सूर्यवंशी को चलता कर दिया। इसी ओवर में उन्होंने दो और विकेट निकाले और आईपीएल इतिहास में पारी के पहले ओवर में तीन विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज भी बन गए। इसके बाद हर कोई यह पूछने लगा: यह प्रफुल हिंगे कौन है? हिंगे ने अक्टूबर 2024 में विदर्भ के लिए प्रथम श्रेणी डेब्यू किया था और पिछले रणजी ट्रॉफी सीजन में उन्होंने 11 पारियों में 26-37 की औसत से 16 विकेट हासिल किए थे। इस मुकाबले से पहले उन्होंने एकमात्र टी20 दिसम्बर 2025 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेला था जिसमें उन्होंने 23 रन देकर एक विकेट हासिल किया था। उन्होंने पिछले साल विदर्भ प्रो टी20 लीग में नेको मास्टर ब्लास्टर्स के खिताबी सीजन में अहम भूमिका अदा की थी। हिंगे एक घातक तेज गेंदबाज साबित हो सकते हैं और वह अपने कद का अच्छा इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने 12 वर्ष की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया था। वह एसआरएच के अपने नियमित कप्तान पैट कमिस को अपना आदर्श मानते हैं और उनके साथ ड्रेसिग रूम शेयर करना चाहते हैं। हिंगे विदर्भ के अपने सीनियर साथी तेज गेंदबाज उमेश यादव को भी अपनी प्रेरणा मानते हैं जिनके साथ उन्होंने अपने टी20 डेब्यू पर गेंदबाजी की शुरुआत की थी। हिंगे ने कुल मिलाकर 10 प्रथम श्रेणी मुक. ाबले खेले हैं और 27 विकेट हासिल किए हैं। उन्होंने छह लिस्ट ए मुकाबले खेलते हुए पांच विकेट हासिल किए हैं।

# बिहार में बड़े स्टेज पर परफॉर्म करने का पोटेंशियल है: हर्षवर्धन

**हैदराबाद (तेलंगाना), वार्ता।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के प्रेसिडेंट,हर्षवर्धन ने आईपीएल 2026 में युवा फास्ट बॉलर साकिब हुसैन के शानदार डेब्यू पर खुशी जताई और इसे बिहार क्रिकेट के लिए गर्व का पल बताया। हर्षवर्धन ने इस बात पर जोर दिया कि साकिब का परफॉर्मेंस राज्य से उभर रहे खिलाड़ियों की बढ़ती ताकत और पोटेंशियल को दिखाता है और बिहार के क्रिकेटिंग इकोसिस्टम के लिए एक पॉजिटिव कदम है।

गोपालगंज जिले के रहने वाले और बिहार क्रिकेट एसोसिएशन को रिप्रेजेंट करने वाले साकिब हुसैन ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए अपने डेब्यू पर शानदार परफॉर्मेंस दी। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने पहले ही मैच में, उन्होंने अपने 4 ओवर में 24 रन देकर 4 विकेट लिए, और अपनी टीम की जीत में अहम रोल निभाया। हर्षवर्धन ने कहा कि साकिब हुसैन को इस अचीवमेंट के लिए बहुत-बहुत बधाई। जिस तरह से उन्होंने अपने पहले ही आईपीएल मैच में बॉलिंग की, वह बिहार क्रिकेट के लिए एक पॉजिटिव साइन है। उनके परफॉर्मेंस से पता चलता है कि बिहार के प्लेयर्स में बड़े स्टेज पर परफॉर्म करने का पोटेंशियल है। हमें उम्मीद है कि वह भविष्य में भी इसी तरह का प्रदर्शन करते रहेंगे। इस बीच, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी जयाउल अरफीन ने भी साकिब के परफॉर्मेंस की तारीफ की और इसे पूरे बिहार क्रिकेट समुदाय के लिए गर्व की बात बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि साकिब का सफर कड़ी मेहनत और डेडिकेशन का सबूत है और यह राज्य के कई यंग क्रिकेटरों को अपने सपने पूरे करने के लिए इंस्पायर करेगा। मैच में, साकिब हुसैन ने यशस्वी जायसवाल, डोनोवन फरेरा, जोफ्रा आर्चर और रवि बिश्नोई जैसे खास प्लेयर्स को आउट करके अपनी बॉलिंग काबिलियत दिखाई, जिससे बड़े स्टेज पर टॉप-लेवल कॉम्पिटिशन के खिलाफ परफॉर्म करने की उनकी काबिलियत का पता चला। एक मिडिल-क्लास फैमिली से आईपीएल में अपनी पहचान बनाने तक का साकिब हुसैन का सफर सच में इंस्पायरिंग है। अनुशासन और लगातार कोशिश से उनकी तरक्की न सिर्फ उनके अपने पक्के इरादे को दिखाती है, बल्कि बिहार में क्रिकेट के इंफ्रास्ट्रक्चर और मौकों की लगातार तरक्की को भी दिखाती है। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने साकिब हुसैन को बधाई दी।

# दुनिया के बेस्ट खिलाड़ियों की बराबरी कर सकता हूं: आयुष

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के आयुष शेट्टी, जिन्होंने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2026 में एक शानदार हफ्ते के बाद सिल्वर मेडल जीता, को लगने लगा है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की बराबरी कर सकते हैं। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी, जिन्होंने निंगबो में फाइनल तक पहुंचने के रास्ते में टॉप रैंक वाले अपोनेंट्स को हराया था,

टाइटल मुकाबले में पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के शी यूकी से हार गए, लेकिन इस हार का इस्तेमाल अपने खेल में कमियों पर सोचने के लिए किया। टूर्नामेंट के बाद एक इंटरव्यू में, शेट्टी ने अपने बदलते माइंडसेट, एक साइकोलॉजिस्ट और एक नए कोचिंग सेटअप के साथ काम करने के असर, और बैडमिंटन में सबसे ऊंचे लेवल पर लगातार मुकाबला करने के लिए जरूरी एडजस्टमेंट के बारे में बात की। सवाल: टूर्नामेंट के दौरान आपके स्मैश और अटैकिंग इंटेंट शानदार थे, लेकिन फाइनल में, आपके अपोनेंट ने आपको लंबी रैलियां खेलने पर मजबूर कर दिया। क्या आपको लगता है कि अटैक से डिफेंस में आपका बदलाव एक ऐसा एरिया है जिस पर ध्यान देने की जरूरत है? आयुष शेट्टी: फाइनल में, (शी यूकी) ने अपनी लेंथ परफेक्ट रखी और मुझे नेट पर हावी होने का मौका नहीं दिया। इसलिए मैं कोई अच्छा अटैकिंग चांस नहीं बना सका। इसलिए मुझे इस पर काम करने और ज्यादा सब्र रखने और लंबी रैली खेलने की जरूरत है। सवाल: आपने कुनलावुत विटिडसार्न (थाईलैंड के) के खिलाफ बहुत अच्छा सेमीफाइनल खेला और दूसरे गेम में वापसी की। शी यूकी के साथ भी ऐसा ही पैटर्न चल रहा था। तो सेमीफाइनल में आपके लिए क्या काम आया और फाइनल में आपके लिए क्या काम नहीं आया? आयुष शेट्टी: यह एक जैसा पैटर्न था। शी यूकी के खिलाफ मेरी अच्छी लीड थी लेकिन कुनलावुत विटिडसार्न के खिलाफ, मैं लंबी रैली खेलने के लिए तैयार था। उस मैच में मैं ज्यादा सब्र वाला था। शि यूकी के साथ, मैं तैयार था लेकिन जैसे ही मैंने उसे गेम में वापस आने का थोड़ा मौका दिया, उससे उसे अपना कॉन्फिडेंस वापस पाने का मौका मिला। मैं वहां थोड़ा बेसब्र हो गया और कुछ जल्दी, आसान पॉइंट्स लेने लगा।

तभी गेम बदल गया। सवाल: हाल के दिनों में आपका माइंडसेट कैसे बदला है? आयुष शेट्टी: मैं हमेशा दुनिया के बेस्ट प्लेयर्स में से एक बनना चाहता था। यह हमेशा मेरा सपना था और अब भी है। तब, मुझे इस पर उतना यकीन नहीं था जितना अब है। समय के साथ, मुझे सच में यकीन होने लगा और मुझे मेहनत करनी होगी। मैं इस पर सच में कड़ी मेहनत कर रहा हूं। सवाल: आपने अब तक अपने करियर में हाई-रैंक्ड अपोनेंट्स और कुछ बहुत बड़े नामों को हराया है। तो, यह बड़े मैच का टेम्परामेंट, यह नर्वसनेस, क्लच मोमेंट्स को संभालने की यह एबिलिटी कहां से आती है? आयुष शेट्टी: पिछले साल, मैं कुछ टॉप प्लेयर्स के खिलाफ जीता था और इसने एक इंपॉर्टेंट रोल निभाया। इसने मुझे कॉन्फिडेंस दिया कि मैं दुनिया के बेस्ट प्लेयर्स के साथ खेल सकता हूं।



# शहर से लेकर देहात तक धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती

## महानगर कांग्रेस ने आयोजित किया पुष्पांजलि कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जिला कांग्रेस कमेटी रुड़की महानगर के तत्वाधान में भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर की 135 वी जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम नगर निगम रुड़की स्थित बाबा साहेब की मूर्ति फूल मलाई चढ़ाकर जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र चौधरी एडवोकेट ने कहा कि संविधान के माध्यम से भारत को राष्ट्र बनाने का श्रेय बाबा साहेब अम्बेडकर को जाता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को बाबा साहेब अम्बेडकर जी के बताए मार्ग पर चलते हुए शिक्षा को लेकर गंभीर होना होगा और शिक्षा के बल पर अपनी कामयाबी तलाशने का काम करना चाहिए। प्रदेश महामंत्री सचिन गुप्ता ने कहा कि आज भारत को प्रत्येक नागरिक को संविधान निर्माता बाबा साहेब ने वोट के साथ साथ अनेक समान अधिकार देते हुए भारत के प्रत्येक नागरिक को मजबूत किया है। अपने अध्यक्षीय भाषण में एस पी त्यागी ने कहा कि देश बिना अंबेडकर जी की विचारधारा के प्रगति नहीं कर सकता है इसलिए प्रत्येक नागरिक को संविधान के अनुसार अपना



कर्तव्य और अधिकार निभाने चाहिए। इस अवसर पर विकास त्यागी, नीरज सैनी ने भी उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। वहीं इस अवसर पर सुभाष सैनी,नितिन त्यागी, राजा चौधरी एडवोकेट, विजय पाल सिंह, विमल कुमार, राजकुमार, नीरज अग्रवाल उज्जवल पंडित उम्मेद गाजी मकसूद हसन नवीन जैन मोइन खान राव परवेज खान जाकिर हुसैन नावेद मलिक यूथ कांग्रेस अध्यक्ष ओवेश अंसारी आदि मौजूद रहे।

## अंबेडकर जयंती पर निकाली गई प्रभात फेरी शिक्षा से समाज उत्थान का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर डॉ भीमराव अंबेडकर समाज कल्याण समिति द्वारा नगर में भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी नई बस्ती रामनगर से प्रारंभ होकर बीएसएम तिराहा, चावमंडी, चंद्रपुरी, नेहरू स्टेडियम होते हुए नगर निगम स्थित आंबेडकर पार्क पहुंची, जहां बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

जानकारी के अनुसार प्रभात फेरी के दौरान समिति के पदाधिकारियों व स्थानीय नागरिकों ने बाबा साहेब के विचारों का प्रचार-प्रसार करते हुए सामाजिक समरसता और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। पूरे मार्ग में "शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो" के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर जिला महामंत्री विनोद जयंत ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा, "डॉ. अंबेडकर ने समाज के वंचित और शोषित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। आज जरूरत है कि हम उनके पदचिन्हों पर चलते हुए शिक्षा को अपनाएं और समाज में जागरूकता फैलाएं। शिक्षित



समाज ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के आदर्शों को आत्मसात करें और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## झबरेड़ा में बाबा साहब को श्रद्धासुमन किए अर्पित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के 135वें जन्मोत्सव के अवसर पर झबरेड़ा में विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक गणमान्य व्यक्तियों ने बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान झबरेड़ा-इकबालपुर मार्ग से नगर पंचायत कार्यालय की ओर जाने वाले चौधरी भरत सिंह-चौधरी चरत सिंह मार्ग चौराहा पर स्थापित डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

मंगलवार को अंबेडकर जयंती पर क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र जाति, नगर पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष व ओबीसी मोर्चा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डॉ. गौरव चौधरी, व दर्जाधारी देशराज कर्णवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उक्त सभी नेताओं ने संयुक्त रूप से डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा क्षेत्रवासियों को जयंती की शुभकामनाएं दीं। क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र जाति ने कार्यक्रम में कहा कि डॉ. अंबेडकर का व्यक्तित्व और कृतित्व हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने स्थानीय मांग और जन भावनाओं को देखते हुए एक महत्वपूर्ण घोषणा कि यदि जन भावनाओं को देखते हुए वर्तमान मूर्ति छोटी प्रतीत हो रही है, तो नगर पंचायत अध्यक्ष से विचार-विमर्श कर यहाँ बाबा साहब की एक विशाल और भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। हम जन भावनाओं के अनुरूप ही कार्य करेंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी ने कहा कि हमें बाबा साहब के बताए मार्ग और उनके सिद्धांतों का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने सभी से शांति और हर्षोल्लास के साथ जन्मोत्सव मनाने की अपील की।

## कांग्रेस कैंप कार्यालय पर मनाई अंबेडकर की 135वीं जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लकसर नगर पालिका क्षेत्र में कांग्रेस कार्यालय पर भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वी जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई है कांग्रेस जिला अध्यक्ष बालेश्वर सिंह ने कहा कि जिस तरह से परेशानी से गुजरते हुए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने अपनी पढ़ाई की और भारत को ऐसा संविधान दिया जिससे आज सभी जाति के लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवनी को पढ़ना चाहिए और अपने बच्चों को भी पढ़ना चाहिए जिससे पूरी जानकारी सभी को मिलती रहे संजय सैनी जिला पंचायत मेंबर ने कहा कि बाबा साहब ने अगले पिछड़े दलित सभी के लिए वह काम किया है जो दुनिया में कोई दूसरा नहीं कर सकता उन्होंने कहा आज कांग्रेस का कार्यालय पर भारत रत्न संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135 में जयंती मनाई जा रही है उसके लिए हम सभी को कहते हैं कि बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डालें और उनके पास बने हुए रास्ते पर चले वहां पर जो मुख्य रूप से शामिल रहे फोन में अजीत सिंह स्वराज सिंह कमलकांत मुखिया फिरोज सिद्दीकी गुफरान अंसारी सनव्वर राजा अखिल हसन एहसान अली शामिल रहे।

## बीएसएम कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया अंबेडकर का जन्म दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम इंटर कॉलेज रुड़की में भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर का जन्म दिवस बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रबंधक ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट अध्यक्ष बीएसएम शिक्षण संस्थान वरिष्ठ भाजपा नेता व संस्थान के सचिव रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर कर किया और फिर मुख्य अतिथियों ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके बताएं मार्ग पर चलना चाहिए बाबा साहब ने अपने जीवन में बहुत सी उपलब्धियां को प्राप्त किया और संसार में उन्हें सिंबल ऑफ नॉलेज के नाम से जाना जाता है वह भारत के पहले कानून मंत्री बने और एक सशक्त संविधान का निर्माण किया हमें अपने संविधान का सम्मान करना चाहिए और पूर्ण रूप से पालन करना चाहिए। बाबा साहब ने सामाजिक भेदभाव मिटाकर छुआछूत हटाने और सामाजिक न्याय स्थापित करने तथा अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए जीवन प्रयत्न कार्य किया। मुख्य अतिथियों ने छात्रों को अपना शुभाशीष दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके बताएं मार्गों पर चलना चाहिए जिस प्रकार बाबा साहब ने अनेकों कठिनाइयों का सामना कर अपने लक्ष्य को प्राप्त किया उससे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। बाबासाहेब ने स्त्रियों को समान अधिकार और दबे कुचलो को मुख्य धारा में लाने के लिए जीवन पर्यंत कार्य किया। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अमित कपिल डॉक्टर उढयेन राजपूत कमल मिश्रा मोहित विशेष प्रमोद शर्मा पवन कपिल शैलेंद्र विशाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## दरगाह हाफिज इशहाक का सालाना उर्स शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की क्षेत्र के बढ़ेड़ी राजपूतान गांव में स्थित दरगाह हाफिज इशहाक रह० अलैहि० का 76वां तीन दिवसीय सालाना उर्स बड़े ही अकीदत और एहतराम के साथ शुरू हो गया है। उर्स का आगाज "छोटी रोशनी" की रस्म के साथ किया गया, जिसमें महफिल-ए-मिलाद शरीफ का आयोजन हुआ। इस मौके पर दूर-दराज से आए अकीदतमंदों ने शिरकत कर दरगाह परिसर को रूहानी माहौल से भर दिया। नात-ए-पाक और मिलाद शरीफ की महफिल में अल्लाह और उसके रसूल की शान में खूबसूरत कलाम पेश किए गए, जिससे पूरा वातावरण इबादत और मोहब्बत से सराबोर हो गया। वही दरगाह कमेटी द्वारा उर्स के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई थीं। साफ-सफाई, रोशनी और जायरीनों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। सैय्यद वासिफ हुसैनी साबरी ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को छोटी रोशनी के साथ सालाना उर्स का आगाज हो गया हैं, बुधवार को बड़ी रोशनी के मौके पर महफिल-ए-समा (कव्वाली) का शानदार आयोजन होगा, जिसमें मशहूर कव्वाल हजरात सूफियाना कलाम पेश करेंगे। यह महफिल इश्क-ए-इलाही और औलिया-ए-किराम की याद में डूबी होगी, जो सुनने वालों के दिलों को रूहानी सुकून अता करेगी। उर्स के आखिरी दिन बृहस्पतिवार को कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी, जिसमें मुल्क में अमन-ओ-चौन, तरक्कीके लिए खास दुआएं मांगी जाएंगी।

## बैसाखी पर सजा भव्य दीवान, खालसा पंथ के सिरजना दिवस पर संगत हुई निहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गुरुद्वारा सत्संग सभा (सिविल लाइन, जादूगर रोड) में खालसा पंथ के सिरजना दिवस बैसाखी पर्व को इस वर्ष भी श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। गुरुद्वारा साहिब में सजे भव्य कीर्तन दरबार में दूर-दूर से आई संगत ने भाग लेकर गुरबाणी का आनंद लिया।

कीर्तन दरबार में भाई कमलजीत सिंह जी (दिल्ली वाले) एवं भाई नितिन सिंह जी ने अपनी मधुर वाणी से कीर्तन कर संगत को भाव-विभोर कर दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत शबद-कीर्तन से पूरा दरबार "वाहेगुरु" के नाम से



गुंजायमान हो उठा। कीर्तन उपरांत अरदास कर देश की सुख-समृद्धि, अमन और शांति की कामना की गई। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर बरताया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रबंधक सरदार हरमीत सिंह दुआ ने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि बैसाखी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि त्याग, समर्पण और धर्म की रक्षा का संदेश देने वाला ऐतिहासिक दिवस है। उन्होंने कहा कि खालसा पंथ की स्थापना मानवता, समानता और साहस का प्रतीक है। हमें गुरुओं की शिक्षाओं पर चलते हुए समाज में भाईचारा और सेवा भावना को बढ़ावा देना चाहिए।इस अवसर पर हरमिंदर पाल सिंह दुआ, अवतार सिंह चौधरी, इंदर बधान, सुरजीत सिंह बक्शी, अजीत सिंह सेठी, सिमरजोत सिंह, जसप्रीत सिंह, अमनप्रीत सिंह, गगनदीप पदही, कुलदीप सिंह, तरणप्रीत सिंह दुआ, जतिंदर सिंह, रंजीत सिंह, सजल सचदेवा, राजेंद्र सिंह मारवाह, अमरजीत सिंह, सतबीर सिंह सहित बड़ी संख्या में संगत उपस्थित रही।

## रुड़की में अंतर्राष्ट्रीय जाट दिवस पर सम्मेलन आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जाट समाज सेवा समिति उत्तराखंड की प्रदेश जिला महिला प्रकोष्ठ द्वारा अंतरराष्ट्रीय जाट दिवस के अवसर पर भव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी बृजपाल सिंह ने की।वक्ताओं ने जाट समाज के इतिहास, संघर्ष और पूर्व जाट योद्धाओं की बहादुरी पर प्रकाश डालते हुए समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का आह्वान किया। उन्होंने सर्व समाज में एकता, शिक्षा और अनुशासन को अपनाने पर विशेष जोर दिया तथा नई पीढ़ी को संगठित होकर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

चौधरी चरण सिंह कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष रामपाल सिंह पवार ने कहा कि जाट समाज ने देश और प्रदेश के विकास में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है। आज आवश्यकता है कि समाज शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे और युवा पीढ़ी को उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि संगठन समाज की ताकत है और एकजुट होकर ही सामाजिक कुरीतियों को समाप्त किया जा सकता है। महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष सुनीता देवी ने कहा कि समाज की प्रगति महिलाओं की भागीदारी के बिना संभव नहीं है। उन्होंने महिलाओं से शिक्षा, स्वावलंबन और सामाजिक जागरूकता की दिशा में आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बेटियों को शिक्षित और सशक्त बनाना ही समाज को मजबूत बनाने की कुंजी है। इस अवसर पर मास्टर इकबाल सिंह, रोबिन चौधरी, विजेंद्र सिंह, सत्येंद्र पाल सिंह, जितेंद्र मलिक एवं डॉ. मधु चौधरी सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

## एंटी रेबीज टीकों की सिविल अस्पताल में किल्लत बरकरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** सिविल अस्पताल में पिछले करीब चार सप्ताह से एंटी रेबीज इंजेक्शन की किल्लत बनी हुई है जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में रोजाना 30 से 35 नए मरीज एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने के लिए पहुंचते हैं लेकिन स्टॉक खत्म होने के कारण उन्हें बिना टीका लगवाए ही निराश लौटना पड़ रहा है। अस्पताल में एंटी रेबीज इंजेक्शन न मिलने से सबसे अधिक असर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग पर पड़ रहा है जो महंगे दामों पर निजी मेडिकल स्टोर से इंजेक्शन खरीदने में असमर्थ हैं। सोमवार को कुत्ते के काटने पर अस्पताल पहुंचे मनोज को इंजेक्शन नहीं लग सका। जहां यह इंजेक्शन अस्पताल में निशुल्क लगाया जाता है ऐसे में मरीज को निजी मेडिकल स्टोर से 380 रुपये में खरीदकर बाहर ही लगवाना पड़ा। एआरवी का स्टॉक खत्म होने से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में फार्मेसी अधिकारी रवि धामा ने बताया कि एंटी रेबीज इंजेक्शन की सप्लाई के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया हुआ है। अस्पताल में एआरवी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

## बकरी के बच्चों को कुत्ते के फांडने पर खूनी संघर्ष, आधा दर्जन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना कलियर क्षेत्र के ग्राम बेडपुर में पालतू कुत्तों द्वारा बकरी के बच्चों को फांडने पर विवाद ने भीषण खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ मामला इस कदर बढ़ा कि दबंगों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर एक ही पक्ष के लगभग आधा दर्जन लोगों को लहूलुहान कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्रामीण इदरीश गांव में ही डेयरी फार्म चलाकर भैंस और बकरी पालन करते हैं। पड़ोस में रहने वाले दबंगों के पालतू कुत्ते अक्सर डेयरी में घुसकर जानवरों के बच्चों को नुकसान पहुँचाते हैं।10 अप्रैल को कुत्तों ने डेयरी में घुसकर बकरी के बच्चों पर हमला कर दिया, जिससे एक बच्चे की मौत हो गई।शिकायत करने पर हुआ जानलेवा हमला इदरीश जब इसकी शिकायत करने और कुत्तों को बांधकर रखने की बात कहने विपक्ष के घर गया, तो विवाद बढ़ गया।आरोप है कि जब इदरीश वापस अपनी डेयरी पर आया,तो रहमान उर्फ बिल्ली अपने भाइयों और दर्जनों साथियों के साथ लाठी-डंडों व हथियारों से लैस होकर वहां पहुँच गया। दबंगों ने इदरीश और वहां मौजूद लोगों पर हमला बोल दिया।शोर सुनकर बचाने आए फैजान,दानिश, गुलशन, शोयब और शाहरान को भी हमलावरों ने बुरी तरह पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।ग्रामीणों के अनुसार,मुख्य आरोपी रहमान उर्फ बिल्ली और उसके भाइयों का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है और उन पर पहले भी कई संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल घायलों का उपचार चल रहा है और पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## भतीजे पर धोखे से पांच लाख निकालने का आरोप

**मंगलौर।** 75 वर्षीय बुजुर्ग ने अपने ही भतीजे पर धोखाधड़ी कर बैंक खाते से पांच लाख रुपये निकलवाने का आरोप लगाया है। पीड़ित बुजुर्ग ने घटना की शिकायत पुलिस और बैंक प्रबंधक को देकर कार्रवाई की मांग की है। गढ़ी संघीपुर निवासी सबक्कत ने बताया कि उनका खाता लंढौरा स्थित पीएनबी शाखा में है। उन्होंने हाल ही में अपनी कृषि भूमि बेची थी जिसकी धनराशि उनके खाते में जमा हुई थी। अब उन्होंने आरोप लगाया है कि कुछ दिन पूर्व उनका भतीजा उन्हें यह कहते हुए बैंक लाया कि बिक्री हुई जमीन में लिए चेक की धनराशि उनके खाते में आई है या नहीं इसकी पुष्टि करनी है। इसी दौरान उसने धोखे से उनके खाते से पांच लाख रुपये निकलवा लिए। बुजुर्ग का कहना है कि उन्हें इस बात की जानकारी बाद में हुई। इसके बाद उन्होंने पुलिस और बैंक प्रबंधन से शिकायत की।

## ताले तोड़कर नकदी व जेवर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** शादी समारोह में शामिल होने गए परिवार की गैरमौजूदगी में चोरों ने एक घर में घुसकर जेवर और नकदी चोरी कर ली। लौटने पर चोरी का पता लगा। व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। नगर के लक्सर पूर्वी वार्ड निवासी इकराम ने पुलिस को बताया कि 11 अप्रैल को वह अपने परिजनों के साथ सुल्तानपुर एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। 12 अप्रैल की रात को चोरों ने उनके घर में घुसकर उनके कमरे के ताले तोड़कर अलमारी में रखी 47 हजार की नकदी और सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिए। अगले दिन शादी से लौटकर आने के बाद घर के ताले टूटे और सामान्य अस्त व्यस्त देख उन्होंने अलमारी चेक की तो नकदी, जेवर गायब मिले। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। बाजार चौकी प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

## रुड़की में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुरुआत शहीद फायर कर्मियों को दी गई श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर फायर स्टेशन रुड़की, जनपद हरिद्वार में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान "सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज" थीम के तहत लोगों को आग से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

यह कार्यक्रम पुलिस महानिरीक्षक अग्निशमन एवं आपात सेवा उत्तराखंड, देहरादून तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, हरिद्वार के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देशन में फायर स्टेशन परिसर में परेड फालिन आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में वर्ष 2025-26 के दौरान ड्यूटी करते हुए शहीद हुए फायर सर्विस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), हरिद्वार द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर पुष्प अर्पित किए गए तथा शहीदों के नाम पढ़कर उन्हें याद किया गया। इसके बाद फायर स्टेशन से अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर जनजागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली सिविल लाइन, बीटी गंज, मुख्य बाजार, रामनगर, रामपुर, मालवीय चौक,



गंगनहर, आर्मी चौक, बस अड्डा, रुड़की टॉकीज, मलकपुर चुंगी, नगर निगम चौक और पटियाला लस्सी चौक सहित विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरी। रैली के दौरान टीम द्वारा माइक अनाउंसमेंट और पंपलेट वितरण के माध्यम से लोगों को अग्नि सुरक्षा के उपायों के बारे में जानकारी दी गई तथा आग से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

## चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** हरिद्वार पुलिस का ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्रवाई जारी है। इसी के तहत मंगलौर पुलिस ने चोरी की मोटर साईकिल सहित एक आरोपित को धर दबोचा है। आरोपित के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

जानकारी के अनुसार जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्यवाही कर सख्ती से अनुपाल किये जाने हेतु आदेशित किया गया था। आदेश के अनुपालन मे प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मंगलौर द्वारा वान्छित/शातिर अभियुक्तो की गिरफ्तार हेतु अलग-अलग टीमो का गठन किया गया। तथा वांछित/शातिर अपराधियो की चुन-चुन कर गिरफ्तारी किये जाने हेतु अलग-अलग टास्क दिया गया है। कोतवाली मंगलौर पर माह नम्बर 2025 मे वादी वसीर अहमद द्वारा ई-एफआईआर के माध्यम से अपनी मोटर साईकिल को चोरी होने के सम्बन्ध मे दिनांक 25-11-26 को अभियोग पंजीकृत कराया गया। ऑपरेशन प्रहार के तहत आरोपित की गिरफ्तारी हेतु एक टीम को जो कि लगभग 06 माह से चोरी हुई मोटर साईकिल की बरामगी/ गिरफ्तारी आरोपित मे लगाया गया। जिसके फलस्वरुप मंगलौर पुलिस द्वारा ऑपरेशन प्रहार



के तहत निम्न आरोपित को मंगलौर से पकडा जिसके कब्जे से चोरी की गई मोटर साईकिल बरामद की गई। पकडे गये आरोपित का नाम शहबान उर्फ भाटू पुत्र अब्दुल्ला निवासी मलकपुरा कोत0 मंगलौर जिला हरिद्वार है। जिसकों पकडने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 नितिन विष्ट-कानि0 विनोद-कानि0 मोहन पंवार शामिल रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 15 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# युद्ध या बातचीत!

अमेरिका ने अपनी तय घोषणा के अनुसार होर्मुज की नाकाबंदी तो कर दी, लेकिन शायद उसके समझ में नहीं आ रहा है कि उस पर अमल कैसे किया जाए, क्योंकि यदि वह इस पर अमल करता है, तो वर्ल्ड वॉर 3 का अंदेशा बढ़ जाएगा। इसकी शुरुआत होती भी दिखाई दे रही है। चीन ने नाकाबंदी को धता बताते हुए ईरान से तेल खरीदना जारी रखा और नाकाबंदी के बीच ही उसका एक जहाज होर्मुज से गुजरा। जब यह जहाज गुजर रहा था, तो अमेरिकी नेवी मूकदर्शक की तरह उसे जाते हुए देख रही थी। किसी की हिम्मत उसे रोकने की नहीं हुई। बात इतनी ही नहीं है चीन ने नाकाबंदी को लेकर तीखी प्रतिक्रिया भी दी है और कहा है कि अमेरिका उसके मामलों में दखल न दे। दिलचस्प यह है कि यह तमाम कार्रवाई ऐसे समय में हो रही है जब इस्लामाबाद शांति वार्ता बेनतीजा समाप्त होने के बाद फिर से बातचीत के प्रयास भी जारी होते दिखाई दे रहे हैं। कहा तो यह भी जा रहा है कि यह बातचीत 16 अप्रैल को हो सकती है। हालांकि अभी तक यह तय नहीं है कि यह बातचीत कहां होगी। चर्चा यह भी चल रही है कि पाकिस्तान फिर से मेजबानी करने के लिए तैयार दिखाई दे रहा है और उसने इसकी पेशकश भी कर दी है, लेकिन अभी इस पर अंतिम फैसला नहीं हो सका है। इस समय जिस तरह के हालात हैं वास्तव में बहुत पैचीदा हैं और कोई भी पक्के तौर पर इसकी भविष्यवाणी नहीं कर सकता। अब आगे आखिर क्या होने जा रहा है। नि:संदेह यह पूरी दुनिया के लिए बेहद डरावना समय है। इस समय अगर युद्ध भड़कता है, तो यह पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले सकता है। चीन, रूस इस समय काफी आक्रामक दिखाई दे रहे हैं और ईरान के साथ खड़े होने का दंभ भर रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ नाटो देश तुर्की ने सीधे इस्राईल को चेतावनी दे डाली है कि वह उस पर कभी भी हमला कर सकता है। तुर्की के राष्ट्रपति अरदोगन ने इस्राईल प्रधानमंत्री नेतन्याहू को हिटलर तक कह डाला। इसमें कोई दोराय नहीं है कि इस समय जो परिस्थितियां हैं, उसकी जिम्मेदारी सीधे नेतन्याहू और ट्रम्प पर आती है। उन्हीं के क्रियाकलापों ने आज दुनिया को एक अंधेरी सुरंग में डाल दिया है। जहां से निकलने का कोई रास्ता कम से कम इस समय तो दिखाई नहीं दे रहा है। यह स्थिति अगर लंबे समय तक बनी रहती है, तो यह दुनिया के लिए बेहद भयंकर हालात पैदा कर सकती है, जिसकी कल्पना भी शायद किसी ने की हो, क्योंकि बताया जाता है कि आज कुछ देशों के पास इतना गोला बारूद है कि वह दुनिया को तीन-चार बार समाप्त कर सकते हैं। अभी भी समय है कि शांति की ओर लौटा जाए और यह इस पर निर्भर करता है कि आज जो विश्व के नेता हैं, वह अपनी जिम्मेदारी को ठीक से निभा पाते हैं या नहीं।

## यही है विकसित भारत का सच



आसमान छूती महंगाई के साथ मजदूरी बढ़ाने की बात वाजिब है और नोएडा में श्रमिकों की इस मांग पर संवेदनशीलता के साथ ध्यान दिया जाना चाहिए, जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है, उसके अनुसार उनकी न्यूनतम मजदूरी भी बढ़नी चाहिए, कल नोएडा की सड़कों पर जो हुआ, वह इस देश के श्रमिकों की आखिरी पुकार थी-जिसकी हर आवाज को अनसुना किया गया, जो मांगते-मांगते थक गया। नोएडा में काम करने वाले एक मजदूर की 12,000 रुपये मासिक आय में से 4,000-7,000 रुपये किराए में चले जाते हैं, जब तक 300 रुपये की सालाना बढ़ोतरी मिलती है, मकान मालिक 500 रुपये सालाना किराया बढ़ा देता है, आय बढ़ने से पहले ही यह बेलगाम महंगाई जीवन का गला घोंट देती है और कर्ज की गहराई में डुबो देती है, यही है विकसित भारत का सच

**-राहुल गांधी, पूर्व अध्यक्ष, कांग्रेस**

# क्या सभ्यताओं का संघर्ष है ईरान का अमेरिका से युद्ध



**तनवीर जाफरी**




**फ्रांस, स्पेन, इटली जैसे कई ईसाई बाहुल्य देशों ने ईरान पर अमेरिकी हमलों की आलोचना कर यह जता दिया कि यह ईसाई व मुस्लिम जगत के बीच छिड़ा दो अलग अलग सभ्यताओं का संघर्ष कतई नहीं। इसी तरह सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कतर, कुवैत, जॉर्डन, मिस्र व मोरक्को जैसे अनेक मुस्लिम बाहुल्य देशों ने परोक्ष या अपरोक्ष रूप से यहां तक कि अपने देशों में अमेरिकी व अन्य पश्चिमी देशों के सैन्य अड्डे उपलब्ध कराकर ईरान की खुलकर मुखालिफत भी की।**

अमेरिका -इस्राईल द्वारा ईरान पर थोपे गए युद्ध को विश्व राजनीति में अनेक दृष्टिकोणों से परिभाषित किया जा रहा है। अनेक अंतर्राष्ट्रीय विश्लेषकों की राय है कि यह युद्ध अमेरिका द्वारा विश्व की तेल संपदा पर नियंत्रण करने की एक जानी पहचानी चाल है जिसे ईरान पर परमाणु हथियार निर्मित करने के प्रयासों के बहाने युद्ध के रूप में अंजाम दिया जा रहा है। कुछ का मत है कि यह शस्त्र निर्माता देशों द्वारा अपने हथियार बेचने व खपाने की खातिर लड़ा जा रहा युद्ध है। कुछ इस युद्ध को इस्राईल की गहरी चाल बता रहे हैं क्योंकि इस्राईल ईरान को अपने सपनों के ग्रेटर इस्राईल के निर्माण में सबसे बड़ी बाधा समझता है। जबकि कुछ इस युद्ध को ईसाई व मुस्लिम जगत के बीच छिड़े युद्ध के नजरिए से भी देख रहे हैं। तो क्या इस युद्ध को अन्य कारणों के अतिरिक्त ईसाई व मुस्लिम जगत के बीच छिड़े दो अलग अलग सभ्यताओं के संघर्ष की अवधारणा के रूप में भी देखा जा सकता है? क्या है और कहां से शुरू हुई सभ्यताओं का संघर्ष की यह अवधारणा?

दरअसल सबसे पहले यह विचार सैमुअल पी. हंटिंगटन ने 1993 में फॉरन अफेयर पत्रिका में प्रकाशित अपने लेख द क्लेश ऑफ सिविलाइजेशन के माध्यम से व्यक्त किए थे। बाद में उनके यही विचार 1996 में उनकी चर्चित पुस्तक The Clash of Civilizations and the Remaking of World Order में प्रस्तुत किए गए। सैमुअल पी. हंटिंगटन राजनीति शास्त्र के एक प्रमुख अमेरिकी विद्वान और हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर थे। उन्होंने हार्वर्ड विश्वविद्यालय में लगभग 58 वर्ष तक अध्यापन का कार्य किया। सभ्यताओं के संघर्ष का सिद्धांत उन्हीं के द्वारा व्यक्त किया गया विचार है जिसे हंटिंगटन के सिद्धांत के रूप में भी जाना जाता है। यह थ्योरी अमेरिका में हुए 9/11 के हमलों के बाद और भी चर्चित हुई और आज भी अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में इसका समय समय पर जिक्र होता रहता है। वर्तमान अमेरिका -इस्राईल -ईरान युद्ध के दौरान इस तरह की चर्चा एक बार फिर तेज हो गई है। तो क्या अमेरिका द्वारा मध्य एशिया पर थोपी गई जंग को ईसाई व मुस्लिम जगत के बीच छिड़ी दो अलग अलग सभ्यताओं के संघर्ष के रूप में परभाषित किया जा सकता है या परिभाषित किया जाना चाहिए?

सबसे पहले तो यदि मुख्य रूप से मध्य एशिया में युद्धरत इन तीन देशों को ही देखें तो ईरान जहां शिया मुस्लिम बाहुल्य देश है वहीं इस्राईल एक यहूदी बाहुल्य मुल्क है जबकि युद्ध में उसका मुख्य सहयोगी अमेरिका एक ईसाई देश है। परन्तु इन तीनों ही देशों की सेनाओं में प्रत्एक धर्मों के लोग देखे जा सकते हैं। जहां इस्राईल की सेना इस्राईल डिफेंस फोर्सेज IDF में आज भी अरब व ईसाई मूल के लोग बड़ी संख्या में स्वेच्छा से अपनी सेवाएं दे रहे हैं वहीं अमेरिका में भी हजारों मुस्लिम अमेरिकी सेना का हिस्सा हैं। यहां तक कि अमेरिका में कई महत्वपूर्ण अधिकारी स्तर के पदों पर भी कई मुस्लिम तैनात हैं। इसी तरह ईरान की सेना में भी ईसाई और यहूदी दोनों ही मूल के सैनिक कार्यरत हैं। वैसे भी चूंकि ईरान में 18 वर्ष से ऊपर के सभी पुरुष नागरिकों के लिए 2 साल की अनिवार्य सैन्य सेवा है, जिसमें ईसाई, आर्मेनियन और असिरियन, यहूदी और जोरोस्ट्रियन जैसे सभी मान्यता प्राप्त धार्मिक अल्पसंख्यक भी शामिल हैं। पिछले दिनों अमेरिका ईरान युद्ध के दौरान भी एक ईसाई ईरानी सैनिक के शहीद होने पर ईरानी सत्ता प्रमुख स्व सैय्यद अली खामनेई ने उस ईसाई फौजी अधिकारी के घर पहुंचकर उसके परिवार को सांत्वना दी थी जिसकी वीडिओ काफी वायरल हुई थी। अब यदि इसी मध्य एशिया युद्ध को और बड़े सन्दर्भ में देखें तो भी हमें ऐसा कुछ भी नजर नहीं आता जिससे इसे ईसाई व मुस्लिम जगत के बीच छिड़े सभ्यताओं के संघर्ष के रूप में वर्णित किया जा सके। वर्तमान ईरान-यूएस/इस्राईल युद्ध में ईरान को राजनयिक और राजनीतिक समर्थन देने वाले बड़े देशों में रूस का नाम प्रमुख रूप से लिया जा सकता है। रूस ने ईरान को वायु रक्षा, ड्रोन तकनीक और अन्य उपकरणों की आपूर्ति की जिससे ईरान को आत्मरक्षा में भी आसानी हुई और वह इस्राईल व अमेरिकी ठिकानों पर भी कारगर हमले कर सका। जबकि रूस में भी सबसे बड़ा धर्म ईसाई धर्म है। खास तौर पर यहां रूढ़िवादी ईसाई रूस की कुल आबादी का लगभग 60-70 प्रतिशत हैं। यदि यह युद्ध सभ्यताओं का संघर्ष होता तो उस लिहाज से रूस ईसाई बाहुल्य अमेरिका के साथ खड़ा नजर आता न कि मुस्लिम बाहुल्य देश ईरान के साथ? इसी तरह चीन ने भी इस युद्ध के दौरान आयरन डोम से लेकर अत्याधुनिक संचार व सूचना प्रणाली तक सब कुछ मुहैय्या कराया। यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र संघ व संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी रूस व चीन ईरान के साथ मजबूती से खड़े रहे। चीन भी आधिकारिक तौर पर एक नास्तिक व धर्म निरपेक्ष देश है परन्तु यहां सबसे बड़ी धार्मिक आबादी बौद्ध धर्म, ताओवाद और कन्फ्यूजियसवाद के अनुयायियों की है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नेपाल में दिखने लगा बालेन सरकार का असर

**पूर्व के राजदूतों की वापसी और नए की नियुक्ति प्रक्रिया में करीब एक माह तक समय लग सकता है। इस बीच नए राजदूतों के चयन को लेकर सत्ता रूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के भीतर मंथन का दौर जारी है। चर्चा है कि प्रधानमंत्री बालेन शाह, गृहमंत्री सुडान गुरुंग और पार्टी अध्यक्ष रवि लामी छाने के बीच राजदूतों की नियुक्ति को लेकर लगातार बैठकें चल रही है। प्रधानमंत्री बालेन शाह और गृहमंत्री सुडान गुरुंग चाहेंगे कि इस पद पर राजनीतिक नियुक्तियां कम से कम हों ताकि नेताओं की सिफारिश जैसी स्थिति से बचा जा सके।**



**यशोदा श्रीवास्तव**

नेपाल में बालेन सरकार के करीब एक पखवारे ही हुए, इस बीच उनके कार्यशैली को देखें तो कह सकते हैं कि आने वाले दिनों में निश्चित ही ढेर सारे ऐसे निर्णय लिए जा सकते हैं जो परिवर्तन का संदेश देते हों। वे चाहे शिक्षा से जुड़े हुए फैसले हों, महिला अधिकार की हो या पलायन, रोजगार और विदेश नीति से जुड़े हुए फैसले हों। एक पखवाड़े के भीतर ही अपने मंत्रिमंडल के एक सहयोगी को रुखसत कर उन्होंने अन्य मंत्रियों को सख्त संदेश भी दे दिया है।

बालेन सरकार ने जवाबदेही और जिम्मेदारी की एक स्पष्ट मिसाल पेश करते हुए श्रम, रोजगार तथा सामाजिक सुरक्षा मंत्री दीपक कुमार साह को उनके पद से बर्खास्त कर दिया है, जबकि स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्री निशा मेहता को कड़ी चेतावनी दी गई है। सत्ता रूढ़ दल राष्ट्रीय स्वतन्त्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामि छाने की लिखित सिफारिश में श्रम मंत्री पर पद के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया गया था।

खबर के अनुसार दीपक कुमार साह ने अपनी पत्नी को लंबे समय से निष्क्रिय पड़े स्वास्थ्य बीमा बोर्ड में सदस्य के रूप में सक्रिय कराकर अपने अधिकारों का दुरूपयोग किया। मंत्री बनने के महज 15 दिन के भीतर ही साह को पद से हटाया जाना इस बात का संकेत है कि सरकार और पार्टी नेतृत्व भ्रष्टाचार या पद के दुरूपयोग पर किसी भी प्रकार की नरमी बरतने के पक्ष में नहीं है। अपने मंत्रालय के प्रति अपेक्षित गंभीरता न दिखाने पर स्वास्थ्य मंत्री निशा मेहता को भी औपचारिक रूप से चेतावनी दी गई है, जिसे सरकारी हलकों में एक स्पष्ट संदेश के रूप में देखा जा रहा है कि अनुशासन और पारदर्शिता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। बालेन शाह के विदेश नीति पर भी दुनिया के करीब 182 देशों की नजर है जहां से नेपाल के राजनयिक संबंध हैं। इसी के साथ इस बात को लेकर भी उत्सुकता है कि बालेन शाह बतौर नेपाली पीएम अपनी पहली विदेश यात्रा में किस देश को तरजीह देते हैं। पूर्व की सरकारों के प्रधानमंत्री अमूमन चीन अथवा भारत को अपनी प्राथमिकता में रखते थे। बालेन सरकार की अभी तक जो कार्यशैली दिख रही है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि वे अपनी विदेश नीति को लेकर काफी गंभीर है। संभवत: इसी उद्देश्य से हाल उन्होंने सिंह दरबार में विदेशों में तैनात अपने राजदूतों की मीटिंग ली है। आम तौर पर ऐसा नहीं होता रहा है। पूर्व की परंपरा यह थी कि प्रधानमंत्री अपने राजदूतों से अलग अलग मुलाकात करते थे। फिलहाल लोकतंत्र बहाली के बाद 2006 से तो यही परंपरा रही है। बालेन शाह का सामूहिक रूप से राजदूतों से मिलने का मकसद यही हो सकता है कि वे अपने विदेश नीति को और सुदृढ़ बनाने के पक्ष में हैं। राजनीतिक क्षेत्र से पूर्व की ओली सरकार में नियुक्त राजदूतों को वापस बुलाने के पीछे का उद्देश्य भी यही है। बालेन सरकार ने अभी भारत सहित छह देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का फरमान जारी किया है। इसके पहले ऐसी ही नियुक्ति वाले 11 देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का आदेश कार्की सरकार ने जारी किया था। ओली सरकार के कार्यकाल में राजनीतिक हलकों से 31 देशों में राजदूत नियुक्त हुए थे। आने वाले कुछ दिनों में अन्य देशों के राजदूतों में बदलाव संभव है। किसी भी देश में राजदूतों की नियुक्तियां प्राय: सत्ता दल की मर्जी पर ही होते हैं।

इनमें ज्यादातर नियुक्तियां राजनीतिक होती और कुछ ब्यूरोक्रेट्स आधारित होती है। राजदूतों की नियुक्ति में यही प्रक्रिया नेपाल की भी है। अभी जिन देशों के राजदूतों को वापस बुलाने का फरमान जारी हुआ है उसमें भारत, चीन, अमेरिका, जापान,यूके,और आस्ट्रेलिया शामिल हैं। इन देशों के राजदूतों को एक महीने के भीतर नेपाल वापस आना होगा। इसके पहले रूस,सउदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, इजरायल, लंका,स्पेन, जर्मनी,दक्षिण कोरिया,कतर, डेनमार्क और मलेशिया के राजदूतों को वापस बुलाने का फरमान जारी हुआ था। नेपाल के 182 देशों से राजनयिक संबंध हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बैसाखी : कृषि, क्रांति और खालसा का त्रिवेणी संगम



**श्वेता गोयल**

भारत की मिट्टी केवल अन्न नहीं उपजाती बल्कि उत्सव, पराक्रम और त्याग की गाथाएं भी रचती है। भारत जैसे कृषि प्रधान राष्ट्र में, जहां लोक-जीवन ऋतुओं के चक्र के साथ कदमताल करता है, 'बैसाखी' भारतीय आत्मा के पुनर्जागरण का पर्व है। यह पर्व उस समय आता है, जब प्रकृति अपना श्रृंगार पूर्ण कर चुकी होती है और किसान की मेहनत स्वर्ण-कणों द्धगेहूं की फसलत्रृ के रूप में खेतों में लहलहाने लगती है। लेकिन बैसाखी का फलक केवल कृषि तक सीमित नहीं हैय यह कृषि से शुरू होकर 'खालसा' के शौर्य और स्वतंत्रता संग्राम के बलिदान तक विस्तृत है। बैसाखी का पर्व भारतीय जनमानस की आत्मा, विशेषकर किसान के पसीने की खुशबू और सिखों के गौरवशाली इतिहास का एक अनूठा संगम है।

कृषि प्रधान भारत में बैसाखी का सीधा और गहरा संबंध फसलों के पकने और प्रकृति के उल्लास से है। जब चौत्र मास की विदाई होती है और वैशाख का आगमन होता है, तब पंजाब और हरियाणा के खेतों में गेहूं की सुनहरी बालियां हवा के झोंकों के साथ झूमने लगती हैं। यह किसान की साल भर की मेहनत के सफल होने का प्रतीक है। किसान जब अपनी लहलहाती फसल को देखता है तो उसका हृदय कृतज्ञता और उल्लास से भर जाता है। यही वह क्षण होता है, जब ढोल-नगाड़ों की थाप पर पंजाब के गबरू और मुटियारे भांगड़ा और गिद्दा के रूप में अपनी खुशी का इजहार करते हैं। पारम्परिक पोशाकों की रंगीनी और गुरुद्वारों में जलने वाली दीपमालाएं इस पर्व को एक अलौकिक आभा प्रदान करती हैं। यद्यपि बैसाखी को विशेष रूप से पंजाब का त्योहार माना जाता है परंतु वास्तव में इसकी जड़ें संपूर्ण भारतवर्ष में फैली हुई हैं। यह पर्व भौगोलिक सीमाओं को लांघकर देश के अलग-अलग हिस्सों में अपनी विशिष्ट पहचान के साथ मनाया जाता है। उत्तर भारत की भांगड़े की गूंज जहां इसे ऊर्जा से भर देती है, वहीं पश्चिम बंगाल में इसे 'नबा वर्ष' या 'पोइला बैसाखी' के रूप में नव वर्ष की शुरुआत मानकर मनाया जाता है। दक्षिण भारत के केरल में यही पर्व 'विशू' के नाम से जाना जाता है, जहां लोग समृद्धि की कामना के साथ नए साल का स्वागत करते हैं। असम के सुदूर क्षेत्रों में यह 'बिहू' की सुरीली धुनों में समाहित हो जाता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, यह दिन अत्यंत पवित्र है क्योंकि हजारों साल पहले इसी तिथि पर मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। यही कारण है कि इस दिन गंगा के तटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता है और पवित्र नदियों में स्नान कर दान-पुण्य की परंपरा निभाई जाती है।



बैसाखी का धार्मिक और आध्यात्मिक पक्ष जितना समृद्ध है, इसका ऐतिहासिक पक्ष उतना ही गौरवशाली और साथ ही मर्मस्पर्शी भी है। सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिन्द सिंह जी ने सन् 1699 में इसी दिन आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की थी। उन्होंने अत्याचार और अन्याय के विरुद्ध लड़ने के लिए एक ऐसे समाज की रचना की, जो निर्भय, अनुशासित और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित हो। गुरु जी ने 'पंच प्यारों' के माध्यम से मानवता को यह संदेश दिया कि बलिदान ही राष्ट्र और धर्म की रक्षा का सबसे बड़ा मार्ग है। इसीलिए सिख समुदाय के लिए यह दिन केवल फसल का उत्सव नहीं बल्कि उनके आत्म-सम्मान और शौर्य के पुनर्जन्म का दिन है।

इतिहास के पन्नों को पलटें तो 13 अप्रैल 1919 का दिन बैसाखी की खुशियों पर एक काले साए की तरह दिखाई देता है। अमृतसर का जलियांवाला बाग आज भी उन अनगिनत शहीदों की चीखों का साक्षी है, जिन्होंने रोलट एक्ट जैसे काले कानून के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद की थी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर हजारों निहत्थे भारतीय वहां शांतिपूर्ण सभा के लिए एकत्रित हुए थे लेकिन जनरल डायर की क्रूरता ने बैसाखी के उत्सव को रक्त रंजित कर दिया। बिना किसी चेतावनी के चलाई गई अंधाधुंध गोलियों ने सैंकड़ों भारतीयों के सीने छलनी कर दिए। यह हत्याकांड ब्रिटिश हुकूमत के जुल्मों की चरम सीमा थी, जिसने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की मशाल को और अधिक प्रज्वलित कर दिया। बाद में वीर उधम सिंह ने जनरल डायर को मारकर इस राष्ट्रीय अपमान का प्रतिशोध लिया, जो बैसाखी के प्रति एक क्रांतिकारी श्रद्धांजलि थी।

ज्योतिषीय और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी बैसाखी का विशेष महत्व है। बैसाखी का दिन एक महत्वपूर्ण खगोलीय घटना का सूचक है। इस दिन सूर्य अपनी प्रथम राशि मेष में प्रवेश करता है, जिसे 'मेष संक्रांति' कहा जाता है। यह वह समय होता है, जब सूर्य अपनी कक्षा के उच्चतम बिंदु पर पहुंच जाता है, जिससे शीत ऋतु का प्रभाव पूर्णत: समाप्त हो जाता है, प्रकृति में नवजीवन का संचार होने लगता है और ग्रीष्म का आगमन होता है। सौर वर्ष के इस आरंभ को समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना गया है। यह दिन कालचक्र के नवीन आरंभ का सूचक है। अंतत:, बैसाखी केवल एक त्यौहार नहीं है बल्कि यह संघर्ष, संस्कृति और समर्पण का अद्भुत समागम है। यह पर्व हमें यही संदेश देता है कि जहां परिश्रम का सम्मान है, वहां उल्लास का वास होता हैय जहां अन्याय के विरुद्ध लड़ने का साहस है, वहां खालसा का वास होता है और जहां राष्ट्र के प्रति प्रेम है, वहां बलिदान की अमर गाथाएं लिखी जाती हैं। यह पर्व हमें गुरु गोबिन्द सिंह जी जैसे महापुरुषों के आदर्शों को जीवन में उतारने और राष्ट्र में शांति, सद्भावना तथा भाईचारे के नए युग की शुरुआत करने की प्रेरणा देता है। यह पर्व हमें अपनी जड़ों से जुड़ने और समाज के कल्याण हेतु सार्थक पहल करने का संदेश देता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



पश्चिम बंगाल। विधानसभा चुनाव से पहले हावड़ा में तृणमूल कांग्रेस के सांसद यूसुफ पठान, पार्टी के उम्मीदवार राणा चटर्जी के साथ शिबपुर निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार करते हुए।

## पत्नी से तलाक के बाद गूगल जेमिनी को पत्नी मानने लगा युवक, आत्महत्या की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के फ्लोरिडा में गूगल के एआई चौटबाट जेमिनी से लगाव एक युवक की मौत की वजह बन गया। 36 साल के जोनाथन गावलस अपनी पत्नी से अलग होने के बाद अकेलेपन में एआई से बात करने लगे थे। धीरे-धीरे यह बातचीत एक काल्पनिक रिश्ते में बदल गई। उन्होंने चौटबाट को 'शिया' नाम दिया और उसे अपनी पत्नी की तरह मानने लगे।

# होर्मुज स्ट्रेट से 34 जहाज गुजरे: ट्रम्प

### ट्रम्प का दावा: ईरान सैन्य और अन्य रूप से 'पूरी तरह से तबाह' हो चुका है

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से 34 जहाज गुजरे हैं, जो नाकेबंदी शुरू होने के बाद से अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। ट्रम्प एक बार फिर दावा किया कि ईरान सैन्य और अन्य रूप से 'पूरी तरह से तबाह' हो चुका है।

इसके साथ ही उन्होंने मीडिया, विशेष रूप से न्यूयॉर्क टाइम्स पर 'फर्जी खबरें' फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि वे यह दिखा रहे हैं कि ईरान जीत रहा है या बेहतर स्थिति में है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर कहा कि इस तथ्य के बावजूद कि ईरान सैन्य और अन्य रूप से पूरी तरह से तबाह हो चुका है, असफल होते न्यूयॉर्क टाइम्स को पढ़ने वालों को लगेगा कि ईरान वास्तव में जीत रहा है या कम से कम काफी अच्छा कर रहा है, लेकिन यह सच नहीं है। ट्रम्प ने कहा कि न्यूयॉर्क टाइम्स जानता है कि यह फर्जी खबर है। उन्होंने सवाल किया कि यह भ्रष्ट मीडिया संस्थान मेरे, मेरे समर्थकों और हमारे देश के खिलाफ अपने झूठ और भयानक कृत्यों के लिए कब माफी मांगेगा? अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया था कि ईरान की नौसेना 'समुद्र के तल में पड़ी है, पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है'। इसके साथ ही उन्होंने 158 जहाजों का आंकड़ा भी दिया था। ट्रम्प ने कहा कि हमने उनके उन छोटे जहाजों को नहीं मारा है जिन्हें वे 'फास्ट अटैक शिप' कहते हैं, क्योंकि हमने उन्हें बड़ा खतरा नहीं माना। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इनमें से कोई भी जहाज अमेरिकी नाकेबंदी के करीब आया, तो उन्हें तुरंत खत्म कर दिया जाएगा।



इसके साथ ही ट्रम्प ने 158 जहाजों का आंकड़ा भी दिया था

## होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता बनाए रखना जरूरी: संयुक्त राष्ट्र

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच सभी पक्षों से होर्मुज जलडमरूमध्य में अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार नौवहन की स्वतंत्रता का सम्मान बनाए रखने की अपील की है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि इस जलडमरूमध्य में समुद्री व्यापार में व्यवधान का असर क्षेत्र से बाहर भी पड़ा है और इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था में अस्थिरता तथा विभिन्न क्षेत्रों में असुरक्षा बढ़ी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि मौजूदा संघर्ष का कोई सैन्य समाधान नहीं है और कूटनीतिक प्रयासों को जारी रखना जरूरी है। उन्होंने इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच हुई वार्ता को 'सकारात्मक कदम' बताते हुए कहा कि युद्धविराम बनाए रखना और उल्लंघनों को रोकना आवश्यक है। गुटेरेस ने कहा कि गहरे मतभेदों के कारण समझौता तुरंत संभव नहीं है, लेकिन रचनात्मक बातचीत जारी रहनी चाहिए। उन्होंने पाकिस्तान, सऊदी अरब, मिस्र और तुर्की सहित मध्यस्थ देशों के प्रयासों की सराहना की।

# अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी संप्रभुता का घोर उल्लंघन: ईरान

### यूएन में ईरान के स्थायी प्रतिनिधि ने महासचिव गुटेरेस व संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को लिखे पत्र

### शुरुआती अनुमानों के अनुसार अमेरिकी-इजरायली हमले में ईरान को लगभग 270 अरब डॉलर का नुकसान: ईरान

**न्यूयॉर्क।** ईरान ने अमेरिका द्वारा उसके बंदरगाहों की कथित नौसैनिक नाकेबंदी की कड़ी निंदा करते हुए इसे उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का 'घोर उल्लंघन' बताया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थाई प्रतिनिधि अमीर सईद इरावानी ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को लिखे पत्र में इस कदम को 'अवैध आक्रामक कार्रवाई' करार दिया, जो क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए खतरा है।

इरावानी ने कहा कि 12 अप्रैल को यूएस सेंट्रल कमांड द्वारा घोषित यह नाकेबंदी संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2(4) का उल्लंघन है और अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत 'आक्रामकता का स्पष्ट उदाहरण' है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम ईरान के बंदरगाहों से आने-जाने वाले समुद्री यातायात को रोकने का प्रयास है, जिससे न केवल ईरान के संप्रभु अधिकारों में हस्तक्षेप हो रहा है, बल्कि तीसरे देशों और वैध समुद्री व्यापार के अधिकारों का भी उल्लंघन हो रहा है। ईरानी दूत ने चेतावनी दी कि तेहरान अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए 'सभी आवश्यक और उचित कदम' उठाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ईरान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से इस मुद्दे पर तत्काल हस्तक्षेप कर नाकेबंदी की निंदा करने और क्षेत्र में बढ़ते तनाव को रोकने की अपील की है। इस बीच, अमेरिकी नौसेना ने पश्चिम एशिया में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा दी है, जिसमें यूएसएस अब्राहम लिकन सहित कई युद्धपोत और 11 विध्वंसक तैनात हैं। हालांकि, ऑपरेशन में शामिल जहाजों की सटीक जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में सप्ताहांत में हुई वार्ता विफल रहने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी को मंजूरी दी।



अमेरिकी नौसेना ने पश्चिम एशिया में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा दी है, जिसमें यूएसएस अब्राहम लिकन सहित कई युद्धपोत और 11 विध्वंसक तैनात हैं

इसके अलावा, ईरान ने बहरीन, सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन से भी मुआवजे की मांग की है। ईरान का आरोप है कि इन देशों ने अमेरिका-इजराइल अभियान में भूमिका निभाई और कुछ मामलों में ईरान के भीतर नागरिक ठिकानों पर 'अवैध हमलों' में भी शामिल रहे। इरावानी ने पत्र में एंटोनियो गुटेरेस और बहरीन (जो अप्रैल में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभाल रहा है) को संबोधित करते हुए कहा कि बहरीन, सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन को ईरान को 'पूर्ण क्षतिपूर्ति' देनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन देशों को अपने 'अंतर्राष्ट्रीय रूप से अवैध कृत्यों' के कारण हुए सभी भौतिक और नैतिक नुकसान की भरपाई करनी होगी। ईरान के अनुसार, इन कार्रवाइयों से उसे भौतिक और नैतिक दोनों प्रकार का नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई संबंधित देशों को करनी चाहिए। वहीं ईरान सरकार की प्रवक्ता फातेमा मोहाजेरानी ने कहा है कि शुरुआती अनुमानों के अनुसार अमेरिकी-इजरायली हमलों से ईरान को लगभग 270 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है।

## ईरानी राष्ट्रपति ने पोप की आलोचना करने की निंदा की

**तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पोप की आलोचना करने के बाद ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने पोप लियो चौदहवें का बचाव किया है। उन्होंने यह कहा कि ईसा मसीह का अपमान अस्वीकार्य है। पोप ने ईरान में अमेरिकी कार्रवाइयों की आलोचना की थी। विशेष रूप से, उन्होंने ईरानी लोगों के विरुद्ध अमेरिकी धमकियों को अस्वीकार्य बताया था। अप्रैल की शुरुआत में, अमेरिकी युद्ध सचिव पीट हेगसेथ द्वारा सैन्य कर्मियों के लिए प्रार्थना के आह्वान के बाद पोप ने एक प्रवचन में कहा था कि प्रभुत्व जमाने की इच्छा ईसा मसीह के मार्ग के अनुरूप नहीं है। पेजेशकियान ने 'एक्स' पर कहा कि परम पावन पोप लियो चौदहवें, मैं ईरान के महान राष्ट्र की ओर से आपके प्रति किए गए अपमान की निंदा करता हूं और यह घोषित करता हूं कि शांति और भाईचारे के पैगंबर ईसा मसीह का अपमान किसी भी व्यक्ति को स्वीकार्य नहीं है।

## जिनपिंग ने पश्चिम एशिया के लिए रखा चार-सूत्री योजना का प्रस्ताव

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पश्चिम एशिया युद्ध में मध्यस्थ की भूमिका में दिलचस्पी दिखाते हुए कहा है कि उन्होंने क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए यहां अबू धाबी के युवराज जाएद अल नहयान के साथ बैठक में चार-सूत्री प्रस्ताव रखा है। शी ने शांति पर जोर देते हुए कहा कि पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र के लिए एक साझा, विस्तृत, सहयोगपूर्ण और टिकाऊ सुरक्षा व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी देशों की संप्रभुता, सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता का भी पूरी तरह सम्मान होना चाहिए। साथ ही नागरिकों एवं अवसंरचनाओं की भी सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए। शी ने कहा कि दुनिया को जंगल बनाने से बचाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने विकास एवं सुरक्षा के सामंजस्य पर जोर देते हुए सभी पक्षों से साथ आकर क्षेत्रीय विकास के लिए अनुकूल माहौल बनाने अनुरोध किया। चीन का कूटनीतिक प्रयास ऐसे समय में सामने आया है जब अमेरिका-ईरान के बीच दो सप्ताह का युद्धविराम चल रहा है। इस दौरान दोनों देशों ने पाकिस्तान की मध्यस्थता में इस्लामाबाद में बैठकर शांति वार्ता भी की।

# अब गेंद ईरान के पाले में: अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दावा किया है कि शांति वार्ता के दौरान अमेरिका और ईरान ने काफी प्रगति की है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि यदि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने से इन्कार करता है, तो शांति वार्ता का स्वरूप बदल जाएगा। वेंस ने फॉक्स न्यूज से कहा कि मैं सिर्फ यह नहीं कहूंगा कि चीजें गलत हुईं। मुझे यह भी लगता है कि चीजें सही रही हैं।

हमने काफी प्रगति की है। ईरान के साथ आगे की बातचीत की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अब गेंद ईरान के पाले में है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि यदि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह नहीं खोला, तो अमेरिका के साथ उनकी बातचीत का आधार बदल जाएगा। इस्लामाबाद वार्ता में अमेरिकी टीम का नेतृत्व करने वाले वेंस ने स्पष्ट किया कि अमेरिका ईरान से समृद्ध यूरेनियम को पूरी तरह वापस चाहता है ताकि अमेरिका का उस पर पूरा नियंत्रण रहे। वेंस ने कहा कि हमें निश्चित रूप से परमाणु सामग्री को ईरान से बाहर निकालने की आवश्यकता है। हम चाहते हैं कि वह सामग्री पूरी तरह से देश से बाहर हो ताकि अमेरिका का उस पर नियंत्रण हो। यह हमारी पहली प्राथमिकता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ईरान के साथ दो सप्ताह के संघर्ष विराम समझौते की घोषणा के बाद 11 अप्रैल को इस्लामाबाद में वार्ता शुरू हुई थी। हालांकि, 12 अप्रैल की सुबह वेंस ने घोषणा की थी कि दोनों देश किसी समझौते पर नहीं पहुंच सके हैं और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल बिना किसी सौदे के वापस लौट रहा है। इससे पहले 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल ने तेहरान सहित ईरान के विभिन्न ठिकानों पर हमले किए थे, जिसके जवाब में ईरान ने भी इजराइली क्षेत्र और पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए थे।



होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने से इन्कार पर शांति वार्ता का स्वरूप बदल जाएगा: जेडी वेंस

## पश्चिम एशिया में सशस्त्र टकराव की पुनरावृत्ति रोकने का आह्वान

**मास्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने ईरान से क्षेत्र में नए सशस्त्र टकराव को रोकने का आह्वान किया है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि रूस, पश्चिम एशिया के संकट को सुलझाने में सहायता करने के लिए सदा तैयार है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट का समाधान युद्ध नहीं है। रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा कि लावरोव ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ फोन पर हुई बातचीत में पश्चिम एशिया में फिर से सशस्त्र टकराव को रोकने पर जोर दिया। मंत्रालय ने कहा कि तेरह अप्रैल को रूस के विदेश मंत्री सर्गेई विक्टोरोविच लावरोव ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ फोन पर बातचीत की और क्षेत्र में सैन्य टकराव को फिर न होने पर जोर दिया। लावरोव ने अराघची से कहा कि रूस कूटनीतिक प्रयासों को जारी रखने और ऐसे समाधान खोजने की निरंतर प्रतिबद्धता का स्वागत करता है, जो संघर्ष के मूल कारणों को दूर करें। उन्होंने कहा कि ईरान और उसके पड़ोसियों के वैध हितों को ध्यान में रखते हुए पश्चिम एशिया में दीर्घकालिक स्थिरता प्राप्त की जानी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### स्पेन ने तेहरान में अपना दूतावास फिर से खोला

**मॉस्को।** अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम के बाद स्पेन ने तेहरान में अपना दूतावास फिर से खोल दिया है। स्पेन के राजनयिक मिशन ने यह जानकारी दी है। दूतावास ने एक्स पर कहा कि हम तेहरान लौट रहे हैं। संघर्ष विराम के बाद ईरान में स्पेनिश दूतावास फिर से खुल रहा है। राजदूत एंटोनियो सांचेज-बेनेडिटो गैस्पर, राजनयिक टीम और स्थानीय कर्मचारियों के साथ, शांति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से काम पर लौट रहे हैं। स्पेन के दूतावास को सात मार्च को खाली करा लिया गया था, राजनयिक मिशन ने उन सभी स्पेनिश नागरिकों की रवानगी सुनिश्चित कर ली थी जो ईरान छोड़ना चाहते थे।

### लुफ्थांसा हड़ताल के पहले दिन 700 से अधिक उड़ानें रद्द

**मॉस्को।** जर्मनी की सबसे बड़ी एयरलाइन समूह लुफ्थांसा में हड़ताल के पहले दिन 700 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। यह जानकारी वेरेनिगुंग कॉकपिट यूनियन ने दी। जर्मन ट्रेड यूनियन वेरेनिगुंग कॉकपिट ने इससे पहले 13-14 अप्रैल को लुफ्थांसा पायलटों की तीसरी हड़ताल का आह्वान किया था। पायलटों और फ्लाइट अटेंडेंटों की हड़ताल की पहली और दूसरी लहर फरवरी और मार्च 2026 में हुई थी, जिसके परिणामस्वरूप जर्मनी के प्रमुख शहरों के हवाई अड्डों पर सैकड़ों उड़ानें रद्द हो गई थीं। यूनियन ने एक बयान में कहा कि लुफ्थांसा, लुफ्थांसा कार्गो, सिटीलाइन और यूरोविंग्स में हड़ताल का पहला दिन उम्मीद के मुताबिक चल रहा है।

## स्टार्मर ने लेबनान पर इजरायली हमलों को रोकने का किया आह्वान

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने लेबनान पर इजराइली हमलों को समाप्त करने और लेबनान को पश्चिम एशिया युद्धविराम में शामिल करने का आह्वान किया है। स्टार्मर ने ब्रिटिश संसद में कहा कि हम मांग करते हैं कि लेबनान को तत्काल युद्धविराम में शामिल किया जाए। हिजबुल्लाह को निशस्त्रीकरण करना चाहिए, लेकिन मैं इस बात पर भी पूरी तरह स्पष्ट हूं कि इजरायल के हमले गलत हैं। इनके विनाशकारी मानवीय परिणाम हो रहे हैं और ये लेबनान को संकट की ओर धकेल रहे हैं। बमबारी अब रुकनी चाहिए।

स्टार्मर ने ईरानी सभ्यता के विनाश के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टिप्पणियों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि सभ्यता को नष्ट करने वाली भाषा के संबंध में, क्या मैं इस सदन के सामने पूरी स्पष्टता रख सकता हूं? वह गलत था। ईरानी नागरिकों को उस तरह से धमकी देना गलत है। इजरायल और लेबनान में शिया आंदोलन हिजबुल्लाह के बीच तनाव 2 मार्च की रात को शुरू हुआ, जब क्षेत्रीय स्थिति में भारी गिरावट के बीच लेबनानी आंदोलन ने इजरायली क्षेत्र पर मिसाइल हमले फिर से शुरू कर दिए। इजरायल ने इसके जवाब में लेबनान पर बड़े पैमाने पर हमले किए और 16 मार्च को दक्षिणी लेबनान में जमीनी अभियान शुरू करने की घोषणा की। ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम की खबरों के बाद, हिजबुल्लाह ने इजरायल के विरुद्ध अपने अभियान स्थगित कर दिए थे।

इनके विनाशकारी मानवीय परिणाम हो रहे हैं और ये लेबनान को संकट की ओर धकेल रहे हैं

## 'भूत बंगला' का नया गाना 'ओ सुंदरी' हुआ रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म 'भूत बंगला' का नया गाना 'ओ सुंदरी' रिलीज हो गया है। 'भूत बंगला' के अनाउंसमेंट ने तो सबको एक्साइटेड कर ही दिया था, लेकिन अब इसके ट्रेलर ने इस मोस्ट-अवेयटेड हॉरर-कॉमेडी की दुनिया की एक झलक दिखा दी है। कॉमेडी और हॉरर के परफेक्ट ब्लेंड के साथ यह फिल्म एक जबरदस्त फैमिली एंटरटेनर होने वाली है। जहां एक तरफ फिल्म के गानों ने सस्पेंस बना रखा है, वहीं मेकर्स अब एक और नया ट्रैक 'ओ सुंदरी' लेकर आए हैं, जो फैमिली के साथ एन्जॉय करने के लिए एक बेहतरीन सेलिब्रेशन सॉन्ग है। दुल्हन के जोड़े में मिथिला पालकर बेहद खूबसूरत लग रही हैं, वहीं अक्षय कुमार और वामीका गब्बी अपने डांस मूव्स से स्टेज पर आग लगा रहे हैं।

# यूके में भारतीय मूल की स्पीच एंड लैंग्वेज थेरेपिस्ट बर्खास्त

### अंग्रेजी न समझ पाने पर साई कीर्तना श्रीपेरंबुदुरु की नौकरी गई, फॉर्म में गलत जानकारी देने का आरोप

**लंदन।** यूके में एक भारतीय मूल की स्पीच एंड लैंग्वेज थेरेपिस्ट साई कीर्तना श्रीपेरंबुदुरु को अंग्रेजी ठीक से न समझ पाने और आवेदन में गलत जानकारी देने के आरोप में नौकरी से निकाल दिया गया। कारण यह रहा कि वह मरीजों और सहकर्मियों की बात ठीक से समझ नहीं पा रही थीं।

यह मामला जून 2024 का हो, लेकिन इसकी जानकारी अब सामने आई है। कीर्तना ने अक्टूबर 2023 में यार्क एंड स्कारबरो टीचिंग हास्पिटल्स एनएचएस ट्रस्ट जाइन किया था। जाइनिंग के कुछ ही समय बाद सहकर्मियों को पता चला कि वह मरीजों और स्टाफ की अंग्रेजी ठीक से समझ नहीं पा रही थीं। स्पीच थेरेपिस्ट होने के बावजूद उन्हें उच्चारण, व्याकरण और बातचीत समझने में समस्या थी। अंततः जून 2024 में उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं। आवेदन में कीर्तना ने अंग्रेजी को अपनी पहली भाषा बताया था, लेकिन बाद में रिव्यू मीटिंग में स्वीकार किया कि उनकी मातृभाषा तेलुगु है। बाद में दिसम्बर में उन्होंने बताया कि वह नौकरी के साथ-साथ अंग्रेजी सुधारने के लिए क्लास भी ले रही थीं। इस मामले में एक और अहम बात सामने आई कि नौकरी के आवेदन में उन्होंने अंग्रेजी को अपनी 'फर्स्ट लैंग्वेज' बताया था। जबकि फार्म के नियमों के अनुसार, 'फर्स्ट लैंग्वेज' वही मानी जाती है जो व्यक्ति रोजमर्रा की जिंदगी में सबसे ज्यादा इस्तेमाल करता हो। केवल अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई करना इसे पहली भाषा नहीं बनाता। कीर्तना के मैनेजर ने यह भी बताया कि इंटरव्यू के दौरान उसने चैट बाक्स के जरिए सवाल पूछने का अनुरोध किया था, यानी आमने-सामने बातचीत से बचना चाहती थीं। इसे असामान्य माना गया, खासकर इसलिए क्योंकि वह उस समय यूके में ही रह रही थीं। अस्पताल ट्रस्ट के प्रवक्ता ने पुष्टि की कि साई कीर्तना अक्टूबर 2023 से जून 2024 तक काम पर थीं और जून में उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं। कीर्तना ने इस फैसले को चुनौती दी और कहा कि उनकी पढ़ाई अंग्रेजी में हुई है, इसलिए इसे उनकी पहली भाषा माना जाना चाहिए। लेकिन पैनल ने इस तर्क को नहीं माना। पैनल का कहना था कि उन्होंने नौकरी पाने के लिए गलत जानकारी दी और यह धोखा देने की कोशिश थी। इसके बाद उन्हें रजिस्टर से हटा दिया गया। आवेदन फार्म में साफ लिखा होता है कि हक्या अंग्रेजी आपकी पहली भाषा है? इसका जवाब 'हां' तभी देना चाहिए, जब अंग्रेजी आपकी रोजमर्रा की मुख्य भाषा हो। सिर्फ अंग्रेजी में पढ़ाई करने से यह पहली भाषा नहीं मानी जाती।



कीर्तना ने अक्टूबर 2023 में यार्क एंड स्कारबरो टीचिंग हास्पिटल्स एनएचएस ट्रस्ट जाइन किया था

# पाक में अस्पताल की लापरवाही से 331 बच्चे HIV पॉजीटिव

### आठ साल के बच्चे की मौत के बाद खुलासा, सिरिंज के दोबारा इस्तेमाल से फैला संक्रमण

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के ताउंसा शहर में 331 बच्चे एचआईवी पॉ पाए गए। ये मामले नवंबर 2024 से अक्टूबर 2025 के बीच दर्ज हुए। अब इस मामले में सरकारी अस्पताल में गंभीर लापरवाही के आरोप लगे हैं। रिपोर्ट में पाया गया कि अस्पताल में सिरिंज दोबारा इस्तेमाल हो रही थीं।

रिपोर्ट के मुताबिक, कई मामलों में एक ही दवा की शीशी से अलग-अलग बच्चों को इंजेक्शन दिया गया। इससे संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया। मामले का खुलासा आठ साल के बच्चे मोहम्मद अमीन की मौत के बाद हुआ। उसकी बहन असमा भी एचआईवीपॉ है। मां का कहना है कि बच्चों को अस्पताल में इलाज के दौरान संक्रमित सुई से एचआईवीहुआ। जांच में 32 घंटे की अंडरकवर रिकार्डिंग की गई। इसमें 10 बार देखा गया कि सिरिंज को मल्टी-डोज वायल में दोबारा इस्तेमाल किया गया। इनमें से चार मामलों में उसी दवा को दूसरे बच्चों को दिया गया। संक्रामक रोग विशेषज्ञ डा. अल्ताफ अहमद ने वीडियो देखने के बाद कहा कि सिरिंज का पिछला हिस्सा वायरस को ट्रांसफर कर सकता है, भले ही नई सुई लगा दी जाए। उन्होंने इसे बेहद खतरनाक बताया। जांच में यह भी सामने आया कि 66 बार अस्पताल स्टाफ ने बिना स्टरलाइज्ड ग्लव्स के इंजेक्शन लगाए। एक नर्स को मेडिकल वेस्ट बाक्स में बिना ग्लव्स के हाथ डालते भी देखा गया।

विशेषज्ञों ने इसे संक्रमण नियंत्रण की बड़ी कमी बताया। हालांकि, अस्पताल के नए मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा कासिम बुजदार ने इन वीडियो को मानने से इन्कार कर दिया। उन्होंने कहा कि यह फुटेज पुरानी या स्टेज्ड हो सकती है। सबसे पहले इस आउटब्रेक को निजी क्लिनिक के डाक्टर गुल कैसरानी ने पहचाना था। उन्होंने बताया कि 65-70 एचआईवीपॉ बच्चों में से ज्यादातर का इलाज टीएचआईक्यू ताउंसा में हुआ था। कुछ माता-पिता ने भी सिरिंज दोबारा इस्तेमाल की शिकायत की थी। डेटा के मुताबिक, 97 संक्रमित बच्चों के परिवारों में सिर्फ चार माताएं एचआईवी पॉजीटिव पाई गईं। इससे संकेत मिलता है कि संक्रमण मां से बच्चों में नहीं, बल्कि अन्य कारणों से फैला। पंजाब एड्स स्क्रीनिंग प्रोग्राम के डेटा में आधे से ज्यादा मामलों में 'कंटैमिनेटेड नीडल' को संक्रमण का कारण बताया गया है। हालांकि बाकी मामलों में कारण स्पष्ट नहीं है। मार्च 2025 में सरकार ने हस्तक्षेप किया और उस समय 106 केस बताए गए।




बच्चों को अस्पताल में इलाज के दौरान संक्रमित सुई से एचआईवीहुआ: मां

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108